फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष -2 , अंक -215, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लांच 16

फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी 15







### यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा : मोदी

# पूर्वांचल में खत्म हुआ माफियाराज

- प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट व अलीगढ़ को दिया एयरपोर्ट का तोहफा
- लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का भी हुआ लोकार्पण
- आजमगढ़ से 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को आजमगढ़ से प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट और लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण करते हुए इंडी गठबंधन को जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, माफियाराज, तुष्टिकरण और कट्टरपंथ का पोषक ठहराया। कहा कि अब उप्र. से माफियाराज और कट्टरपंथ खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते कहा कि उत्तर प्रदेश पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है।

मोदी ने प्रदेश के पांच जिलों में नए एयरपोर्ट और लखनऊ एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण के साथ ही 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों का प्यार और विकास से जातिवाद, परिवारवाद



आजमगढ़ में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को प्रतीक चिन्ह देते मुख्यमंत्री योगी।

और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। पीएम ने कहा कि प्रदेश में जबसे डबल इंजन सरकार आई है, तबसे यूपी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। यूपी केंद्र की योजनाओं को लागू करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में है। ये आंकड़े और जमीनी हकीकत बोल रहे हैं। यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, मगर अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है। मोदी ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है।

उन्होंने भोजपुरी में कहा कि ...आजमगढ़ जौन चाह जाला ऊ कर लेवेला...। पिछले चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि परिवारवादी लोग जिसे अपना गढ़ समझते थे उसे दिनेश जैसे एक नौजवान ने ढहा दिया। इसलिए बौखलाए हुए हैं, आए दिन मोदी को गाली दे रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है। वो ये भूल जाते हैं कि मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है। हिन्दुस्तान के हर कोने से आवाज आ रही है, हर कोई कह रहा है कि 'मैं हूं मोदी का परिवार'।

### प्रधानमंत्री ने प्रदेशवासियों को दिया तोहफा

प्रधानमंत्री मोदी ने 3,628 करोड़ से प्रदेश के आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण किया। 108 करोड़ से महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ 11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबलपुर, ग्वालियर, पुणे, कोल्हापुर, दिल्ली और आदमपुर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। 8,176 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। 131 करोड़ से चार टावर लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का भी लोकार्पण हुआ।

### रिकॉर्ड निवेश, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से यूपी की पहचान

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी में लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। इससे न सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला है बल्कि युवाओं के लिए लाखों नए अवसर बने हैं। यूपी की पहचान रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से हो रही है। यूपी की चर्चा एक्सप्रेस वे, बेहतर कानून व्यवस्था से हो रही है। अयोध्या में राम मंदिर का इंतजार भी खत्म हो गया है। काशी, मथुरा, कुशीनगर के विकास से यूपी में पर्यटन तेजी से बढ़ा है। यह गारंटी 10 साल पहले दी थी, जो आज पूरी हो रही है।

### मुख्यमंत्री बोले- माफिया के गढ़ में अब अपराध नहीं, मनी की हो रही बौछार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज प्रधानमंत्री मनी की बौछार कर रहे हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार में केवल सुरक्षा का बेहतर वातावरण ही नहीं, बल्कि विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पीएम का आभार जताया। विश्वास दिलाया कि 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार की आवाज के साथ पूरा प्रदेश जुड़ेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, ओमप्रकाश राजभर, योगेंद्र उपाध्याय, दारा सिंह चौहान, सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' आदि मौजूद रहे।

# रेल रोको आंदोलन, पटरियों पर धरने पर बैठे किसान



रेल रोको आंदोलन के दौरान प्रदर्शन करते किसान।

चंडीगढ़, एजेंसी

- ट्रेनों के चक्के थमने से स्टेशनों पर यात्री रहे परेशान

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 'रेल रोको' आंदोलन के तहत रविवार को पंजाब के विभिन्न इलाकों में किसान रेल पटरियों पर धरने पर बैठे। किसानों ने अपनी मांग पूरी नहीं करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

ट्रेन सेवाएं बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई। धरना-प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक चला।

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 27 दिन से अपनी मांगों को लेकर डटे किसानों ने देश भर में रेल रोको आंदोलन चलाया। पंजाब में 52 और हरियाणा में तीन स्थानों पर ट्रेनों को रोका गया।

हरियाणा के सिरसा में रेलवे ट्रैक को बाधित करने जा रहे तकरीबन 45 किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पंजाब में किसानों ने 22 जिलों में 52 स्थानों पर रेल पटरियों पर धरना दिया।

## एक नजर

### आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ सात आईईडी बरामद

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के एक जंगल में आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और सात आईईडी बरामद किए तथा एक वायरलेस सेट जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह ठिकाना सुरनकोट इलाके में दारा सांगला में एक गुफा के अंदर था। पुलिस और सेना के संयुक्त खोज दल ने इसका भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि ठिकाने से कंबल और कुछ अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं।

### सीआईएसएफ को स्थापना दिवस की पीएम ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को उसके स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में उनका समर्पण और सतर्कता अद्वितीय है। भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में शामिल सीआईएसएफ की स्थापना 1969 में की गई थी तथा इसे अहम सरकारी तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट पर लिखा- केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को गौरवशाली स्थापना दिवस की बधाई।

### न्यायमूर्ति खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को रविवार को राष्ट्रपति भवन में लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति खानविलकर (66) ने 13 मई, 2016 से 29 जुलाई, 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में सेवा दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खानविलकर को पिछले महीने लोकपाल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 27 मई, 2022 को पिनाकी चंद्र घोष की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद रिक्त था।

# सरयू में डूबने से कानपुर के तीन छात्रों की मौत

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- तुलसीदास घाट के पास हुआ हादसा, छह दोस्त रामलला के दर्शन करने आए थे

**अमृत विचार** : अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के संत तुलसीदास घाट के निकट रविवार को स्नान के दौरान कानपुर के तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गई। हालांकि इनके तीन साथी सकुशल बचा लिए गए।

कानपुर नगर के बर्रा थाना क्षेत्र के वर्ल्ड बैंक कॉलोनी निवासी छह युवकों का दल रविवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आया था। सभी युवक सुबह लगभग दस बजे सरयू में जल पुलिस की बैरिकेडिंग के आगे कच्चे घाट पर स्नान के लिए पहुंचे थे। सरयू का जलस्तर कम होने के चलते शुभम मिश्र उर्फ रवि का अचानक पैर फिसला और वह गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगा। साथी अद्यन सिंह चौहान उर्फ़ प्रांशु और हर्षित अवस्थी ने उसे बचाने की कोशिश की और इसी में वे दोनों डूब गए। तीन अन्य साथी भी बचाने के लिए सरयू में आगे बढ़े, लेकिन स्थानीय लोगों और नाविकों ने इनको सकुशल बचा लिया। जल पुलिस के जवान और नाविकों ने सरयू में डूबे तीनों युवकों को बाहर निकाल कर श्रीराम चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर एसएसपी राजकरन नय्यर, सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र ने मौका मुआयना किया। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे में शुभम मिश्रा (20) पुत्र मोहन मिश्रा, अद्यन सिंह चौहान उर्फ प्रांशु (18) पुत्र ओम प्रकाश सिंह चौहान व हर्षित अवस्थी (18) पुत्र ललित नरायण अवस्थी की मौत हुई है। इनके साथी कृष्णा सहगल (18), तनिष्क पाल (20 ) व अमन शर्मा को बचा लिया गया है।

### सीएम ने लिया संज्ञान मिलेगी आर्थिक मदद

मुख्यमंत्री की ओर से हादसे का संज्ञान लिए जाने के बाद राजस्व महकमे ने पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराई है। लेखपाल ने मृतक छात्रों के परिवारीजनों से उनका आधार कार्ड व अन्य ब्यौरा हासिल किया है जिसे आर्थिक मदद तथा प्रशासनिक कार्रवाई के लिए शासन व राज्य आपदा विभाग को भेजा जाएगा।

# कूनो में पांच चीता शावकों का जन्म

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता गामिनी ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिसके साथ देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई।



- अब देश में चीतों की संख्या 26 हुई

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक्स पर पोस्ट किया कि पांच शावक, कूनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई लगभग पांच वर्ष की मादा चीता गामिनी ने आज पांच शावकों को जन्म दिया। मंत्री ने कहा कि भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब 13 हो गई है। यह चौथी बार है जब भारत में किसी चीता ने शावकों को जन्म दिया है। जबकि दक्षिण अफ्रीका से लाए गए किसी चीता ने पहली बार शावकों को जन्म दिया है। केन्द्रीय मंत्री ने वन अधिकारियों की टीम, पशुचिकित्सकों और अन्य कर्मियों को बधाई दी है। महत्वाकांक्षी चीता पुनः परिचय परियोजना के तहत 17 सितंबर 2022 को आठ नामीबियाई चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा गया था, जिनमें पांच मादा और तीन नर चीते थे।

# टीएमसी ने घोषित किए उम्मीदवार

कोलकाता, एजेंसी

- पश्चिम बंगाल में 42 सीट के लिए प्रत्याशियों में कई नए चेहरों को जगह सात सांसदों के टिकट कटे, पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान भी मैदान में उतरे



कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रैली के दौरान पार्टी उम्मीदवारों के साथ पश्चित बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी। ● एजेंसी

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नए चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है।

तृणमूल कांग्रेस ने पुराने नेताओं और अगली पीढ़ी के नेताओं के बीच जारी कथित सत्ता संघर्ष के बीच अनुभवी नेताओं और नई प्रतिभा का सामंजस्य बनाए रखा। अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को असानसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। सिन्हा ने पिछला चुनाव भी आसनसोल से जीता था। बसीरहाट लोकसभा सीट से पार्टी ने पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है और यहां से सांसद नुसरत जहां को टिकट नहीं मिला है। हाल ही में चर्चा में रहा संदेशखालि इसी लोकसभा क्षेत्र में स्थित है। पार्टी ने 23 सांसदों में से 16 पर भरोसा जताया है। तृणमूल कांग्रेस ने सात मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है जिनमें बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह भी शामिल हैं जो दो साल पहले भाजपा छोड़कर सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गये थे। नए चेहरों में 12 महिला और 26 पुरुष शामिल हैं, जिनमें मौजूदा सांसद और पिछले दावेदार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पश्चिम बंगाल कैबिनेट के दो मंत्रियों -पार्थ भौमिक और बिप्लब मित्रा- सहित नौ विधायकों को लोकसभा का टिकट दिया गया है। कोलकाता में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा, मैंने उम्मीदवार खड़े किए हैं, कुछ लोगों को टिकट नहीं दिया गया है। जिन लोगों को दोबारा नामांकित नहीं किया गया है, उन्हें विधानसभा चुनाव के दौरान समायोजित किया जाएगा। पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर लोकसभा सीट से नामांकित किया गया है, जो ऐतिहासिक रूप से राज्य कांग्रेस प्रमुख और पांच बार के सांसद अधीर रंजन चौधरी का गढ़ है। तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा को कृष्णानगर सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व क्रिकेटर और पार्टी नेता कीर्ति आजाद को बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है, जो 2019 में भाजपा से हार गए थे। लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारे गए नौ विधायकों में भाजपा छोड़कर आए बिस्वजीत दास और मुकुटमणि अधिकारी शामिल हैं।

# लालू यादव के करीबी सुभाष को ईडी ने किया गिरफ्तार

**पटना, एजेंसी ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़े सुभाष यादव को पटना से गिरफ्तार किया है। सुभाष यादव को राजद प्रमुख लालू यादव का करीबी बताया जाता है।



- अवैध रेत खनन केस में दर्जनों जगह पर हुई छापेमारी

केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को राज्य की राजधानी में यादव और उनके सहयोगियों के आधा दर्जन परिसरों पर छापे मारे। यादव को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया और जिन विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की गई, वहां से लगभग 2.3 करोड़ नकद और कई कागजात जब्त किए। रेत खनन गिरोह के अहम सिंडिकेट सदस्य होने के आरोपी यादव को सोमवार को पटना में धन शोधन निवारण अधिनियम मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश करने की संभावना है।

# राज्य कर्मियों और पेंशनरों का चार प्रतिशत डीए बढ़ा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ।

- सरकार की ओर से आज जारी होगा औपचारिक आदेश

**अमृत विचार:** उप्र में राज्य कर्मियों और पेंशनरों को जनवरी 2024 से चार प्रतिशत की डीए बढ़ोतरी को स्वीकृत दी गई है। इस वृद्धि का फायदा जनवरी 2024 से मिलेगा। राज्य के खजाने पर लगभग 314 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

वित्त विभाग की ओर से यह स्वीकृति दे दी गई है और संभवत सोमवार को इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिया जाएगा। ऐसे में 10 लाख राज्यकर्मियों और आठ लाख शिक्षकों का वेतन बढ़ जाएगा। साथ ही 12 लाख पेंशनरों की महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा शनिवार को कर दी गई थी। इसके तत्काल दूसरे दिन उप्र सरकार की ओर से भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

डीए और डीआर के मामले में केंद्र और राज्य सरकार में समानता है। इस आधार पर राज्य कर्मचारी और पेंशनर भी अब बीती जनवरी से चार प्रतिशत की बढ़ी दर से डीए और डीआर के भुगतान की उम्मीद लगाए हैं। चार प्रतिशत वृद्धि होने पर कर्मचारियों और पेंशनरों का डीए व डीआर 50 प्रतिशत हो जाएगा।

# दुधवा : खतरे में डॉल्फिन, जांच वाली फाइल ही गायब

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन खतरे में है। 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित होने के बाद से दुधवा में कई डॉल्फिन की मौत हो चुकी है लेकिन मौत की वजह जानने को लेकर अधिकारी संजीदा नजर नहीं आ रहे। 24 फरवरी 2024 को भी एक डॉल्फिन का शव गिरजा बैराज में मिला था। डॉल्फिन की मौत कैसे हुई इसकी जांच फाइल ही गायब हो गई है। फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने 16 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है और एक सप्ताह में संपूर्ण रिपोर्ट मांगी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज के गेट नंबर वन में 22 फरवरी 2024 को डॉल्फिन का शव मिला था। वन विभाग की टीम ने दो चिकित्सकों डॉ. दयाशंकर और डॉ. दीपक से पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉल्फिन की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी तो विसरा आईवीआरआई बरेली भेजने के लिए सुरक्षित कर लिया गया था। हैरानी की बात है कि 16 दिन बाद भी विसरा आईवीआरआई नहीं भेजा जा सका। आशंका जताई जा रही थी कि अवैध रूप से मछली का शिकार होने के चलते डॉल्फिन की मौत हुई है तो यह बड़ा मामला होगा। बहरहाल इससे संबंधित जांच रिपोर्ट ही गायब हो गई है। प्रतिबंध के बाद भी गेरुआ और घाघरा नदी से मछली के शिकार की सच्चाई सामने आने से जिम्मेदारों की न सिर्फ पोल खुल जाएगी, बल्कि कई पर कार्रवाई भी हो सकती है। कार्रवाई से बचने को जांच रिपोर्ट गायब कर देने की चर्चा हो रही है।



- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं खुला मौत का राज तो किया था विसरा सुरक्षित
- फील्ड डायरेक्टर ने बिठाई थी जांच लेकिन अब फाइल का ही पता नहीं

### डॉल्फिन के कारण प्रतिबंधित है मछली का शिकार

डॉल्फिन को वर्ष 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। दुधवा टाइगर रिजर्व से होकर बहने वाली गेरुआ और घाघरा नदी में बड़ी संख्या में डॉल्फिन पाई जाती हैं। डॉल्फिन की सुरक्षा के लिए इन नदियों में मछली का शिकार प्रतिबंधित है फिर भी चोरी-छिपे मछलियों का शिकार होता है। कई बार डॉल्फिन भी इनके जाल में फंस जाती है। माना जा रहा है की मछलियों के अवैध शिकार के दौरान ही डॉल्फिन की मौत हुई है।

> गिरिजा बैराज में डॉल्फिन की मौत की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिल पाई है। फाइल किस स्तर पर है, इसका भी पता लगा रहे हैं। वैसे विसरा जांच के बाद भी काफी हद तक हकीकत सामने आ जाएगी। जांच रिपोर्ट को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। - **ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व।

# सुभासपा की प्रदेश सचिव की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार** : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव की रविवार शाम उनके बेडरूम में हत्या कर दी गई। धारदार हथियार से उनके चेहरे और गर्दन पर कई वार किए जाने के निशान मिले हैं। सुभासपा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर (30) पत्नी अच्छेलाल राजभर कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा मोहल्ले की निवासी थीं। वे रविवार को भाजपा कार्यालय में एक बैठक में शामिल होने के बाद शाम लगभग 4 बजे घर लौटी थीं। उनके पति काम पर गए थे, जबकि बेटा खेलने गया था। शाम लगभग 5.30 बजे मोहल्ले की एक महिला

- रविवार शाम भाजपा कार्यालय में हुई बैठक से लौटी थीं घर



उनके घर किसी काम से गई। दरवाजा खुला से वह नंदिनी के कमरे में पहुंची तो फर्श पर उनकी खून से लथपथ लाश पड़ी थी। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग पहुंचे। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और पुलिस बल के साथ एएसपी शशि शेखर सिंह ने भी मौका मुआयना किया। घटना को लेकर सुभासपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है।



मेयर व अन्य जनप्रतिनिधियों ने ध्वज दिखाकर मैराथन की शुरुआत कराई। अमृत विचार

**रन फॉर राम**

- सोनिया ने एक घंटा 12 मिनट 43 सेकेंड व रंजीत ने एक घंटा 3 मिनट 37 सेकेंड में पूरी की दौड़, मिले डेढ़-डेढ़ लाख रुपये
- अयोध्या के प्रिंस राज यादव ने एक घंटा 4 मिनट 12 सेकंड में 21 किमी दौड़ पाया दूसरा स्थान



मैराथन में विदेशी धावकों ने भी प्रतिभाग किया।

# हरियाणा की सोनिया व काशी के रंजीत ने जीती हाफ मैराथन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में आयोजित रन फॉर राम में दौड़ लगाने के लिए रामनगरी के युवा के सड़क पर उतर आए। 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन के महिला वर्ग में हरियाणा की सोनिया व पुरुष वर्ग में काशी के रंजीत ने बाजी मारी। दोनों को ही डेढ़-डेढ़ लाख रुपये इनाम के तौर पर दिए गए। प्रतियोगिता में तीन हजार धावक शामिल हुए थे।

सर्वप्रथम 21 व 10 किलोमीटर दौड़ की प्रतियोगिता प्रातः 6 बजे व तीन किलोमीटर दौड़ 7:30 बजे प्रारंभ हुई। 10 किमी महिला दौड़ का प्रथम पुरस्कार 51000 तमसी सिंह मिर्जापुर 36.24 मिनट, दूसरा पुरस्कार 21000 ज्योति चौहान महाराष्ट्र 38.26 मिनट व तीसरा पुरस्कार 11000 दीपू कश्यप 39.12 मिनट ने प्राप्त किया। 10 किलोमीटर पुरुष दौड़ का प्रथम पुरस्कार अभिषेक कुमार हापुड़ 30.14 मिनट, द्वितीय पुरस्कार अजय कुमार दिल्ली 30.17 मिनट व तृतीय पुरस्कार पंकज कुमार 30.28 बनारस यूपी पुलिस ने प्राप्त किया। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन महिला का प्रथम पुरस्कार डेढ़ लाख रुपए सोनिया हरियाणा एक घंटा 12 मिनट 43 सेकंड, दूसरा पुरस्कार 75000 बीनू सिंधु एक घंटा 15 मिनट 6 सेकंड व तीसरा पुरस्कार 51000 नीतू कुमारी यूपी पुलिस एक घंटा 17 मिनट 16 सेकंड में दौड़कर प्राप्त किया। 21 किलोमीटर पुरुष रेस का प्रथम पुरस्कार रंजीत कुमार पटेल बनारस एक घंटा 3 मिनट 37 सेकंड, द्वितीय पुरस्कार प्रिंस राज यादव अयोध्या एक घंटा 4 मिनट 12 सेकंड व तृतीय पुरस्कार अनिल पटेल बनारस एक घंटा 5 मिनट 29 सेकंड को दिया गया।





प्रतियोगिता में दौड़ लगाते धावक। अमृत विचार

### ब्रह्म मुहूर्त में शुरू हुई प्रतियोगिता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन क्रीड़ा भारती तथा अयोध्या नगर निगम के तत्वावधान में प्रतियोगिता का ब्रह्म मुहूर्त में शुभारंभ हुआ। प्रचारक कौशल, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्र, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, नारायण सिंह राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व डॉ अवधेश वर्मा ने धावकों को ध्वज दिखाकर रवाना किया।

### प्रतिभागियों को दिया जन्मभूमि का प्रसाद

प्रतियोगिता सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर निगम द्वारा साफ-सफाई कराई गई थी। जगह-जगह पर जल वितरण की व्यवस्था थी। सभी प्रतिभागियों के लिए श्रीराम जन्मभूमि के प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।



पहलवानों का हाथ मिलवा कर दंगल शुरू कराते रेफरी। अमृत विचार

## हरियाणा के रोहित ने कानपुर के मोटी को दी पटकनी

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** तारुन थाना क्षेत्र के टिकरी में चल रही राष्ट्रीय कुश्ती दंगल में अयोध्या समेत कई प्रांतों के पहलवानों का दबदबा बरकरार है। रविवार को दूसरे दिन की कुश्ती के रोमांचक मुकाबलों में दर्शकों ने जमकर दंगल का आनंद लिया। रविवार को शुरू हुए मुकाबलों से पहले पहलवानों का अखाड़े में परिचय दिया गया। दंगल के दौरान जुटे दर्शकों में बाहर से आए पहलवानों को लेकर खासा आकर्षण दिखाई दिया। राष्ट्रीय कुश्ती में कई प्रदेशों से आए हुए पहलवानों में देवा शरीफ, नेपाल, और हनुमानगढ़ी अयोध्या के पहलवानों का दबदबा बरकरार रहा। पहले मुकाबले में रोहित पटेल हरियाणा ने मोटी कानपुर को पराजित किया। वहीं नामी पहलवान राजन दास ने मुन्ना टाइगर को शिकस्त दी। महिला पहलवान ज्योति चतुर्वेदी ने दांव मार कर पंजाब के पुरुष पहलवान रमन को चित्त किया। शास्त्री हरिद्वार ने विक्की पटियाला को पटकनी देकर आसमान दिखाया। सुल्तान वारसी देवा ने धाक दाव मारकर भवानी हिमाचल को हरा दिया। यहां के रामेश्वर यादव पहलवान ने जग्गा पहलवान पंजाब को हराया। बाबा मनीराम दास अयोध्या ने मुल्तानी दाव से मुन्ना टाइगर हिमाचल को पराजित किया। इस मौके पर दर्शकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। वहीं फाइनल मुकाबला रोहित पटेल हरियाणा व भारत केसरी रामेश्वर यादव के मध्य हुआ। जिसमें रामेश्वर यादव ने पुट्ठी दांव मारकर एक लाख रुपये नगद पुरस्कार प्राप्त किया।

# बोर्ड परीक्षा : मूल्यांकन से आनाकानी व गैर हाजिरी पर होगी कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय

- माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर रोजाना दर्ज करना होगा ब्यौरा, 16 मार्च से पांच केंद्रों पर होगा मूल्यांकन

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा समाप्त होने के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी गई है। परीक्षा कराने के बाद अब बोर्ड का पूरा फोकस पारदर्शिता के साथ मुल्यांकन पर है। खास बात यह है कि इस बार मूल्यांकन से आनाकानी और गैर हाजिरी पर संबंधित उप प्रधान निरीक्षक और परीक्षकों के विरुद्ध सीधी कार्रवाई की जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्य कांत शुक्ल की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के तहत 16 मार्च से शुरू होकर 31 मार्च तक चलने वाले मूल्यांकन के दौरान ड्यूटी के लिए लगाए गए उप प्रधान निरीक्षक और परीक्षक किसी भी प्रकार का बहाना या गैर हाजिर नहीं हो सकते हैं। ऐसा करने पर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए आदेश दिए गए हैं जिसमें मुकदमा दर्ज किए जाने से लेकर निलम्बन तक हो सकता है। जिले में मूल्यांकन के लिए पांच केंद्र बनाए गए हैं जहां सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन कार्य होगा। मूल्यांकन शुरू होने के तीस मिनट पहले केन्द्र पर उपस्थिति और तीस मिनट बाद ही प्रस्थान अनिवार्य किया गया है। सचिव की ओर से जारी आदेश के अनुसार मूल्यांकन पद्धति की गाइड लाइन शीघ्र जारी की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार आर्या ने बताया कि मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसे लेकर सोमवार को बैठक भी बुलाई गई है।







रामकथा पार्क में आयोजित संध्या में प्रस्तुति देतीं कलाकार।

## रामोत्सव में हुई राम की शक्ति पूजा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामकथा पार्क में शनिवार शाम महाप्राण निराला की राम की शक्ति पूजा का कथक शैली में प्रस्तुतीकरण सभी को विभोर कर गया। दिल्ली से आई शालीना चतुर्वेदी ने अपने दल के साथ राम रावण के युद्ध में विजय के लिए शक्ति का आह्वान करने और पूजन की संपूर्णता के लिए नीलकमल के बजाए अपने नेत्रों के समर्पण की कथा ने दर्शकों को बांधे रखा। गाजियाबाद से आई नीलाक्षी राय के दल ने सृष्टि के आरंभ से नारायण के अवतारों की कथा बेहद सधे अंदाज में प्रस्तुत करके भक्तिमय वातावरण बना दिया। योगराज पवार के पढ़ंत बोल, विजय परिहार का गायन, अभिषेक का तबला और मेहराब का सितार सब कुछ मानों बोल रहा था। अलीगढ़ से आई पूनम सारस्वत के दल ने रामाष्टकम की प्रस्तुति की। प्राची गोस्वामी, सोनम चक्रवर्ती, दिशा, दर्शिका, आंचल, दिव्या, तान्या और संजय बघेल सह कलाकार के रूप में थे। वाराणसी से आए सागर विश्वकर्मा ने भगवान शंकर की स्तुति से आरंभ अपनी नृत्य नाटिका में नमामी भक्त वात्सलम पर समूह कथक नृत्य करके अपनी भक्ति प्रकट की। गोवा से आए कृपेश गांवकर के दल ने पारंपरिक कुणबी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। गाजियाबाद से आए चंचल प्रसाद ने संगीता और ईप्सा के साथ मिलकर सबसे पहले हनुमान जी की वंदना की। दल की अर्पिता भारद्वाज की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया।



सम्मेलन के समापन अवसर पर मंचासीन अतिथि। अमृत विचार

### पापाचारियों का विनाश नारी शक्ति से ही संभव : सत्येंद्र दास

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** विश्व हिन्दू महासंघ का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन रविवार को नारी सशक्तिकरण के संकल्प के साथ संपन्न हो गया। श्रीराघव मंदिर रामघाट अयोध्या में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि पापाचारियों का विनाश नारी शक्ति से ही संभव है। प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा कि संगठन नारी सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्प है। धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरिओम पाठक ने भी मातृशक्ति का मार्गदर्शन किया। मातृशक्ति प्रदेश अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने संगठन के माध्यम से महिलाओं में जागरूकता लाने पर जोर दिया। प्रदेश महामंत्री रेखा श्रीवास्तव ने बताया कि सरयू आरती के बाद शनिवार देर शाम हुए इस सम्मेलन में आई महिलाओं ने सुबह रामलला का दर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता वाजपेयी, प्रदेश मंत्री सुमन पटेल व सुमन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अयोध्या पल्लवी वर्मा, प्रज्ञा श्रीवास्तव, अमृता सिंह ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में विहिम प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश यादव, गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दूबे व महामंत्री मनोज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## हादसे में बाइक सवार तीन घायल, भर्ती

**अयोध्या, अमृत विचार :** रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को हुए हादसे में एक बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि पूराकलंदर थाना क्षेत्र के रामलला मिश्र का पुरवा निवासी मनोज मिश्र (35) पुत्र हरिराम मिश्र अपनी पत्नी आरती मिश्र (26) और चचेरी बहन कोमल मिश्रा (19) पुत्री अवधेश मिश्रा के साथ कहीं जा रहे थे। इसी दौरान रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर वेलकम गेस्ट हॉउस के पास स्थित मोड़ पर एक कार से बाइक की टक्कर हो गई।

# भाजपा ने पूरा किया विकसित भारत निर्माण का संकल्प : लल्लू सिंह

पूरा बाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत भगवाभीट के प्राइमरी स्कूल में नवनिर्मित बाउंड्री वॉल व ओपन जिम का लोकार्पण अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थी नाजरीन को प्रधानमंत्री आवास की चाभी भी प्रदान की।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि भाजपा ने विकसित भारत निर्माण का जो संकल्प लिया था उसे पूरा कर दिखाया। उन्होंने किसानों एवं महिलाओं के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजनाएं पूरी तरह से फलीभूत भी हो रही हैं। सांसद ने कहा कि किसानों के हित में सिंचाई पंप की विद्युत बिल माफ कर प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ किए गए वादे को पूरा किया है। गैस सिलेंडर का दाम 100 रुपये कम करके सरकार ने महिलाओं के किचन को लाभ पहुंचाया है। भाजपा के शारदा यादव, खंड विकास अधिकारी अनुराग, व्यापारी नेता मनोज, ओम प्रकाश, बालक राम, रामगोपाल माझी, नीरज, अजय, रमेश सिंह समेत तमाम ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।





नवनिर्मित चहारदीवारी और ओपन जिम का लोकार्पण करते सांसद।

# हाईवे पर लगा जाम, आने जाने वाले रहे परेशान

अयोध्या कार्यालय



हाईवे पर पॉलीटेक्निक के पास लगा जाम।

**अमृत विचारः** लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर पालीटेक्निक के पास रविवार को लंबा जाम लग गया। वाहनों की लगभग एक किमी लंबी लाइन लग गई। लोग परेशान रहे। वाहन रेंगते रहे। ओवरब्रिज निर्माण के चलते वाहन सर्विस रोड से निकाले जा रहे हैं लेकिन यह यातायात का दबाव नहीं झेल पा रहा है।

हाइवे पर पालीटेक्निक के पास ओवर ब्रिज का निर्माण चल रहा है। दोनों ओर से आने जाने वाले वाहनों को हाईवे के सर्विस रोड से निकाला जा रहा है। रविवार को दोपहर यातायात का दबाव बढ़ गया। लखनऊ से अयोध्या की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर जाम की स्थिति बन गई। वाहन मुमताज नगर ओवरब्रिज से बाहर तक खड़े हो गए। वाहन रेंगते रहे। बाइक सवार दूसरा रास्ता खोजते रहे। यह स्थिति यहां लगभग दो घंटे तक बताई गई। यातायात व्यवस्था संभालने के लिए यहां यातायात पुलिस के साथ सिविल पुलिस की तैनाती की गई। आसपास के लोगों कहना है कि पुलिस हटने के बाद फिर पुरानी स्थिति बन गई है। रविवार को दोपहर जाम के पीछे भी बेतरतीब वाहनों की आवाजाही रही। यातायात विभाग के लोगों का कहना है कि स्थिति सामान्य हो गई थी। निरीक्षण कर व्यवस्था की जाएगी।

# एक ही खतौनी पर दो बैंकों से लिया ऋण, केसीसी का नहीं किया भुगतान

रुदौली/ मिल्कीपुर,अयोध्या

- चार मामलों में फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट ने दिया रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

**अमृत विचारः** रुदौली कोतवाली क्षेत्र में फर्जीवाड़ा कर एक ही खतौनी पर अलग-अलग बैंकों से ऋण लेकर रकम हड़प लेने का मामला सामने आया है। बैंक प्रबंधन की शिकायत पर फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट ने चार मामलों में पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है।

शिकायत में आर्यावर्त ग्रामीण बैंक ऐहार रुदौली कोतवाली के शाखा प्रबंधक अनुज कुमार तिवारी का कहना है कि अवनीश बहादुर सिंह ने पांच लाख, राजेश कुमार ने आठ लाख, चंद्र कुमार उर्फ़ चंद्र कुमार वर्मा ने चार लाख 27 हजार और रामचंदर व उनकी पत्नी प्रेमा देवी ने अपनी जमीन को बैंक के पक्ष में बंधक रख दो लाख 58 हजार रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड योजना में ऋण लिया था। सभी ने ऋण की रकम खर्च कर ली और इसका भुगतान नहीं किया। इतना ही नहीं पहले से बंधक जमीन के कागजात पर फर्जीवाड़ा कर रुदौली की ही सेंट्रल बैंक शाखा से अवनीश बहादुर सिंह ने 8.60 लाख, चंद्र कुमार ने 2 लाख 57 हजार, राजेश ने चंद्रकली के साथ 3.12 लाख और भारतीय स्टेट बैंक शाखा से रामचंदर व उनकी पत्नी प्रेमा ने 4.24 लाख का ऋण ले लिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई और शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते चारों मामलों में अदालत की शरण लेनी पड़ी। फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज करवा विवेचना का आदेश दिया है। कोतवाल रुदौली देवेंद्र ने बताया कि अदालत के आदेश की प्रति मिल गई है। रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

# खिताबी दौर में स्पोर्ट्स कॉलेज ने बनाया स्थान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने प्रदेशीय सबजूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में वाराणसी मंडल पर 10 गोल से जीत दर्ज कर खिताबी दौर में स्थान सुनिश्चित कर लिया। सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह मुख्य अतिथि होंगीं।

रविवार को प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल स्पोर्ट्स कॉलेज व वाराणसी मंडल के बीच खेला गया। इसमें स्पोर्ट्स कॉलेज टीम ने 10-2 गोल अंतर से शानदार जीत दर्ज की। स्पोर्ट्स कॉलेज की रश्मि ने चार, आकांक्षा व दिव्या ने दो-दो, खुशी, वैशली, आरिका व आराधना ने एक-एक गोल किया। इसके पूर्व खेले गए अंतिम लीग मुकाबले में प्रयागराज ने झांसी को 4-0 से हराया। इसमें मान्सी ने दो, शीतल व अंतिमा ने एक-एक गोल किया। इस अवसर पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ाधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विवेक कुमार, सीडी सिंह आदि मौजूद रहे।



गोल के लिए संघर्ष करतीं स्पोर्ट्स कॉलेज व वाराणसी की टीमें। अमृत विचार

**राज्य बालिका हॉकी प्रतियोगिता**

- आज होगा समारोहपूर्वक समापन

**सार-संक्षेप**

### सांसद सहित अन्य को भेंट किया डाक टिकट

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम जन्म भूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया था। मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एचके यादव ने इसे सांसद लल्लू सिंह, कमिश्नर गौरव दयाल और डीएम नीतीश कुमार को इसका एक-एक सेट भेंट किया। देश विदेश में श्री राम और उनके जीवन से जुड़े अनेकों पहलुओं पर जारी डाक टिकटों के संकलन की बुकलेट भी भेंट की।

### फिर हुई किसानों की पंचायत, अब हाई कोर्ट की तैयारी

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा एयरो सिटी के लिए कई ग्राम पंचायतों की भूमि अधिग्रहण करने को लेकर किसान आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। भूमि अधिग्रहण को लेकर लगातार गांवों में चल रहे जनसंपर्क के दौरान रविवार को फिर पंचायत हुई। किसानों का कहना है कि भूमि किसी भी कीमत पर अधिग्रहित नहीं होने दी जाएगी। एयरो सिटी के विरुद्ध आंदोलन कर रहे ग्राम ददेरा, कुशमाहा, सरेठी, बैसिंह, रामदत्तपुर अटरांवा के किसानों ने मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति की बैठक रविवार को अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में रामदत्तपुर अटरांवा पंचायत भवन पर हुई। जिसमें ग्राम रामदत्तपुर अटरांवा, सरेठी, बैसिंह, ददेरा, समाहा कला, समाहा खुर्द के प्रधानों के साथ ही बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे। सबने एक स्वर में प्रशासन और शासन के दमन पूर्ण रवैए से उपजाऊ कृषि भूमि को जबरन कब्जा करने का विरोध करते हुए जल्दी ही मंडलायुक्त से मिलकर ज्ञापन देने व उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करने का निर्णय लिया। आगे की रणनीति पर विचार किया गया प्रधान सरेठी रक्षा राम यादव, रामदत्तपुर अटरावां के प्रधान प्रतिनिधि उदल यादव, ददेरा के प्रधान लल्लन प्रसाद पासवान, अशोक गुप्ता एडवोकेट, प्रधान बैसिंह राम अवतार समेत लोग मौजूद रहे।

### मंडी का निरीक्षण कर खामियां दूर करने का दिया निर्देश



नवीन मंडी रुदौली का निरीक्षण करते विधायक।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नवीन सब्जी मंडी रुदौली का विधायक रामचंद्र यादव ने रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सब्जी मंडी की टूटी सड़कों, प्रकाश व्यवस्था सही कराने के लिए निर्देश दिए। विधायक निरीक्षण के दौरान मंडी टूटी सड़कों के मरमत के बाबत मंडी सचिव से जानकारी ली। मंडी की सफाई व्यवस्था से विधायक असंतुष्ट दिखे और सुधार के लिए निर्देश दिया। सब्जी मंडी के सभी मार्गो के नवनिर्माण, मंडी में हाई मास्ट लाइट की स्थापना के लिए निदेशक मंडी समिति से वार्ता की। विधायक ने व्यापारियों मो अंसार, रामदीन, कमलेश लोधी, मो आफाक, हाजी मुबीन को मार्ग निर्माण, प्रकाश व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया। इस मौके पर मंडी सचिव शत्रुघ्न, अध्यक्ष मां कामख्या धाम नगर पंचायत शीतला प्रसाद शुक्ला, सभासद निर्मल शर्मा मौजूद रहे।

# शिव आराधना को सजी संगीत की महफिल, हुआ भंडारा





- गुप्तारघाट स्थित श्री अनादि पंचमुखी महादेव मंदिर में देर रात तक रहा भक्तों का जमावड़ा

मंदिर में सजी शास्त्रीय संगीत की महफिल और हुआ भंडारा।



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गुप्तारघाट स्थित श्री अनादि पंचमुखी महादेव मन्दिर में रविवार को विशाल भंडारे का अयोजन हुआ। प्रसाद पाने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जमा रही। इससे पहले मंदिर के महंत डॉ. मिथिलेश नंदिनी शरण के संयोजन में शिव आराधना के लिए संगीत की महफिल सजी।

कार्यक्रम में अयोध्या के संगीत घरानों की कई विभूतियों ने शामिल होकर शास्त्रीय गायन-वादन में अपनी प्रस्तुतियाँ दी। एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान अयोध्या संगीत घराने में कंठ गायन के प्रतिनिधि आचार्य मानस दास, देव प्रसाद पांडेय, नंद किशोर मिश्र, नंद किशोर शुक्ल, सार्थक मिश्र व एमबी दास समेत अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से भगवान शिव को प्रसन्न करने का कार्य किया। इस दौरान पारंपरिक संगीत व भगवान के होली गीत ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भंडारे में शानिल होने के लिए दोपहर 12 बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। महंत आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण ने बताया कि भोले बाबा की आराधना करने से ही मन को शांति मिल जाती है। भगवान शिव में जो भी रमा है उसका बेड़ा पार ही हुआ है।

## रामोत्सव में कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद महोत्सव के माहौल में राम नगरी झूम रही है। अयोध्या उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग के द्वारा आयोजित रामोत्सव के अंतर्गत संगीत संस्कृति फाउंडेशन की अध्यक्ष हरितिमा पंत के निर्देशन में कथक विधा में नृत्य शैली की प्रस्तुति हुई, जिसमें गणेश वंदना श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन, शिव शम्भू, कर्पूर गौरम करुणा वताराम, जय जय राम, जय जगदीश हरे, श्री राम कृष्ण गोविंद के भजनों पर सुप्रसिद्ध कलाकार मीरा दीक्षित, नृत्यागना रीना श्रीवास्तव, पूनम सोनी, शैलेंद्र, अंसिक, अंजली शर्मा की प्रस्तुति आकर्षक रही।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज, कोड-621440

Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

## एक नजर

### राम लला के दर्शन को आज आएगी राजस्थान कैबिनेट

**अयोध्या कार्यालय।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 133 सदस्यीय दल सोमवार को अयोध्या पहुंचेगा। राजस्थान कैबिनेट के लोग सुबह आठ बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचेगा। इसमे कैबिनेट मंत्री, विधायक, अधिकारी शामिल होंगे। एयरपोर्ट पर भाजपा के लोग स्वागत करेंगे। अयोध्या में राम लला का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद दशरथ कुंड के पास राजस्थान भवन का भूमि पूजन होगा।

### कल पीएम करेंगे कैंट स्टेशन पर कोचिंग डिपो का शिलान्यास

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रेखा शर्मा ने बताया की 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो लिंक के माध्यम से विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शुभारंभ एवं शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत मंडल के चिह्नित 18 अलग-अलग स्टेशनों व स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अयोध्या कैंट में एक कोचिंग डिपो का शिलान्यास भी शामिल रहेगा। इसके अतिरिक्त पटना से चलकर वाराणसी जं., अयोध्या धाम जं. पर ठहराव लेते हुए लखनऊ आने वाली वंदे भारत को भी प्रधानमंत्री द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

# तुलसीदास घाट से श्रीराम अस्पताल तक मची चीख-पुकार

## एक को बचाने के चक्कर में तीन की डूबकर हुई थी मौत, तीन सकुशल बचे

- स्नान के बाद करना था रामलला का दर्शन
- नाविकों ने जाल की मदद से निकाला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के संत तुलसीदास घाट के निकट रविवार को स्नान के दौरान डूब रहे एक साथी को बचाने के दौरान उसके दो और साथी डूब गए। सरयू में डूबने के चलते कानपुर निवासी तीन छात्रों की मौत हो गई। हालांकि इनके तीन अन्य साथियों को बचा लिया गया। इस हृदय विदारक हादसे को लेकर सरयू के घाट से लेकर श्रीराम अस्पताल तक चीख-पुकार मची रही। हादसे के शिकार सभी छात्र स्नातक और इंटरमीडिएट के छात्र थे और यहां दर्शन-पूजन के लिए आए थे।

कानपुर नगर निवासी छह छात्रों के दल ने दर्शन के पूर्व सरयू स्नान की योजना बनाई थी। रामनगरी पहुंचे छात्र स्नान के लिए सरयू घाट पहुंचे और कपड़ा उतारने के बाद जल पुलिस की बैरिकेडिंग के अंतिम छोर के आगे सबसे पहले शुभम मिश्र उर्फ रवि सरयू की धारा में उतरा तो अचानक उसका पैर फिसला और गहरे पानी में पहुंचने के चलते डूबने लगा। यह देख अद्यन सिंह चौहान उर्फ प्रांशु व हर्षित अवस्थी ने गुहार लगाई और डूब रहे अपने साथी को बचाने के लिए जलधारा में आगे बढ़े तो अचानक वे दोनों भी डूबने लगे और सभी तुलसीदास घाट के निकट पहुंच गए। दल में शामिल अन्य साथियों ने भी बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक स्थानीय लोग और नाविक सक्रिय हो चुके थे, जिसके चलते बाकी तीन की जान बच गई। जल पुलिस के साथ गोताखोरों ने नाव और जाल की मदद से सरयू में डूबे तीनों छात्रों को एक-एक कर बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में श्रीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद अपने साथियों की मौत से बाकी बचे साथी सदमे में दिखे। परिवार के लोग श्रीराम अस्पताल पहुंचे तो सामूहिक रोदन-विलाप शुरू हो गया।


मौत के बाद रोते-बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार


डूबे युवकों की तलाश में जाल डालते गोताखोर। अमृत विचार

**घटनाक्रम**
- 10 बजे सुबह की है घटना
- 12 मिनट में निकाले गए तीनों छात्र
- 11 बजे श्रीराम अस्पताल में छात्र घोषित हुए मृत
- 05 बजे शाम को हुआ तीनों का पोस्टमार्टम

### बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद निकले थे घर से

मृतकों में शुभम मिश्र उर्फ रवि बीएससी अंतिम वर्ष के फाइनल सेमेस्टर और हर्षित अवस्थी स्नातक कला का छात्र था, जबकि अद्यन सिंह चौहान उर्फ प्रांशु समेत हादसे में सकुशल बचे कृष्णा सहगल, तनिष्क पाल और अमन शर्मा इंटर मीडिएट के छात्र हैं। सभी इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा सम्पन्न होने के बाद अयोध्या दर्शन के लिए निकले थे। वहीं शुभम और हर्षित अवस्थी को अभी एक-एक प्रश्नपत्र की परीक्षा देनी थी।

### असुरक्षा की भावना खींच ले गई मौत के मुंह में

छात्रों की योजना रविवार को सरयू स्नान के बाद रामलला का दर्शन-पूजन करने की थी, जिसको लेकर सभी धर्मशाला से निकले और रामनगरी के सरयू घाट पर पहुंचे। रविवार छुट्टी का दिन होने के चलते सरयू के घाट पर भारी भीड़ थी। हादसे में सकुशल बचे कृष्णा सहगल का कहना है कि शुभम ने पास में नकदी होने की बात कही और घाट पर भीड़ के दौरान चोरी की आशंका को लेकर स्नान के लिए जल पुलिस की बैरिकेडिंग के अंतिम छोर पर ले गया। बैरिकेडिंग से थोड़ा आगे जैसे ही वह स्नान के लिए सरयू में उतरा कि उसका पैर फिसल गया और वह सरयू की धारा में बहने लगा। प्रांशु सिंह और हर्षित ने उनको बचाने की कोशिश की तो रवि के साथ वह दोनों भी बैरिकेडिंग से लगभग 30 मीटर दूर कच्चे घाट की ओर तुलसीदास घाट के निकट पहुंच गए और डूब गए।

### पहली बार कानपुर से बाहर निकले थे तीनों छात्र

सरयू में डूबने के चलते मृत तीनों छात्र पहली बार अपने घर कानपुर से बाहर निकले थे। दल में शामिल छह छात्रों में से केवल हर्षित ही पहले अयोध्या आ चुका था और वही दल का नेतृत्व कर रहा था। एक ही मोहल्ले के रहने वाले और सभी सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले हैं। हादसे में अपने एक साथी की जान बचाने के चक्कर में जान गंवाने वाला अद्यन सिंह चौहान उर्फ प्रांशु अपने माता-पिता की इकलौती संतान था, जबकि शुभम मिश्र के पिता समाचार पत्र का वितरण कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। सभी ट्रेन से शनिवार को जनपद पहुंचे थे तथा नगर कोतवाली के नाका क्षेत्र स्थित धर्मशाला में कमरा लेकर रुके थे।

## प्रधानमंत्री ने 57 करोड़ रुपये की सड़कों का किया लोकार्पण

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ से जिले की 13 सड़कों का लोकार्पण किया। सड़कें प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई है। इसको लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोहावल तहसील क्षेत्र के रायपुर मेला स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुना गया। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जिले की 57.12 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई 87.71 किमी. सड़क का लोकार्पण किया। इनमें नागीपुर (अमरगंज से नागीपुर), इटौंजा वाया पूरे बदरी, बीकापुर इनायतनगर मार्ग से कोछा, अयोध्या-प्रयागराज मार्ग से बोदहरी, प्रयागराज-अयोध्या मार्ग से गोपालपुर से महावा, बसवार खुर्द से नहली का पुरवा, शाहगंज-इसौली मार्ग वाया जगन का पुरवा से देवगिरी, पूरे दरियाव से हरिनाथपुर, सिधौरा से (धर्मगंज) वाया देवगिरी, टी-टू से फिरोजपुर, टी-टू से अयोध्या रायबरेली मार्ग वाया मानापुर मोकलपुर, बिलहरघाट से फतेहपुर मुमताजाबाद, और टी पांच सुजागंज मार्ग से कैथी की सड़कें शामिल हैं। कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक शोभा सिंह चौहान, ज़िपं सदस्य अशोक मिश्रा, बबलू पासी, इंद्रभान सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# राम दरबार के लिए नवंबर तक तैयार हो जाएगा गर्भगृह

अयोध्या कार्यालय

- मंदिर निर्माण समिति की बैठक में लिया गया फैसला

**अमृत विचार :** राम मंदिर की भव्यता को बढ़ाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। भूतल में रामलला को प्रतिष्ठित करने के बाद अब प्रथम तल पर राम दरबार के लिए गर्भगृह नवंबर तक बनाने का निर्णय लिया गया है।

मंदिर निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन रविवार को निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण चल रहा है। बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। निर्माण कार्य करने की जो समय सारिणी बनाई गई है। उसके अनुसार ही परिणाम आएंगे। मंदिर का प्रथम व द्वितीय तल का निर्माण पूरा करने का कार्य चल रहा है। विशेष रूप से प्रथम तल, जहां राजाराम का दरबार होगा। वह नवंबर तक पूर्ण हो जाएगा। कार्यदायी संस्था एलएंडटी के प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद मेहता ने बताया कि अधूरे निर्माण का कार्य चल रहा है। अंतिम दिन बैठक में निर्माण संस्था और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।


मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लेकर बाहर निकलते नृपेंद्र मिश्र। अमृत विचार

### निर्माण कार्य में लगे 1400 वर्कर

राम मंदिर को पूर्ण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मंदिर के प्रथम व द्वितीय तल और शिखर तक के निर्माण के लिए 1400 वर्करों को लगाया गया है। भूतल में लगे स्तभों में शेष तराशी के कार्यों को पूरा करने के लिए दक्षिण भारत से आये दो सौ कारीगरों को जिम्मेदारी दी गई है।

# अवैध मदरसों पर नहीं रुकेगी कार्रवाई : गुलाब देवी

अयोध्या कार्यालय

- बोलीं - परीक्षा की तरह मूल्यांकन भी बेहतर होगा, आयेगा अच्छा परिणाम

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश में संचालित हो रहे अवैध मदरसों पर कार्रवाई चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध मदरसों के संचालन को लेकर शासन गंभीर है।


गुलाब देवी, माध्यमिक शिक्षा मंत्री

रविवार को यहां आईं माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि जैसी पारदर्शिता बोर्ड की परीक्षा में रही है वैसे ही पारदर्शिता मूल्यांकन में भी रहेगी उन्होंने कहा कि सारे मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से होंगे और अच्छा रिजल्ट आएगा। उन्होंने बताया कि जो अवैध रूप से चल रहे हो चाहे वह मदरसे हो चाहे वह विद्यालय सभी पर एक्शन जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव पर कहा जैसे ही चुनाव समाप्त होता है अगले चुनाव की तैयारी भारतीय जनता पार्टी शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी विकास के आधार पर है, हम लोग विकास को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों के साथ मूल्यांकन और अवैध मदरसों के विषय पर समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने सख्ती के साथ अवैध मदरसों की जांच और कार्रवाई के लिए निर्देश दिया।

## सार-संक्षेप


पूराबाजार में फ्लैग मार्च करते पुलिस व आरएएफ के जवान।

### पर्वों को लेकर पुलिस व आरएएफ का फ्लैग मार्च

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूरा बाजार में रविवार को थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह चौकी प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने पुलिस टीम तथा रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के साथ बाजार में फ्लैग मार्च किया। लोगों को शांति का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष ने बताया आगामी चुनाव व पर्व को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कार्य करने का दायित्व स्थानीय लोगों के साथ-साथ पुलिस टीम का भी है। दोनों एक दूसरे के सहयोग से समाज में शांति का माहौल कायम रखेंगे। धर्म गुरुओं से भी आग्रह किया कि वे समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने में उनका सहयोग करें। उन्होंने कहा समाज में शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान जवानों ने नगर क्षेत्र में मार्च करते हुए लोगों से संवाद भी किया।

### एसडीएम की अगुवाई में वकीलों ने किया रामलला का दर्शन


एसडीएम की अगुवाई में रामलला के दर्शन के लिए जाते अधिवक्ता।

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल के उप जिलाधिकारी आशोक कुमार सैनी की अगुवाई में रविवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने रामलला का दर्शन किया। बार अध्यक्ष लखनधर तिवारी के साथ एक जत्थे के रूप में वकील सुबह यहां से अयोध्या के लिए रवाना हुए। संघ अध्यक्ष ने कहा आज भी एक सफल जीवन में भगवान राम के आदर्श प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है। हमें राम के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर सुधीर कुमार मिश्रा, मुन्ना पांडेय, शिव मूर्ति तिवारी, हेमंत दुबे,अरुण दुबे, पी डी तिवारी, कमलेंद्र शुक्ला, राजकुमार यादव और तहसीलदार विनोद चौधरी मौजूद रहे।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का कैंप आज

**बड़ागांव, अयोध्या।** सोहावल विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोली के पंचायत भवन स्थित सोमवार को मोतियाबिंद का नि :शुल्क ऑपरेशन और आंखों की जांच का कैंप लगाया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान ने बताया कैंप में सुपुत्र आई हॉस्पिटल रामसनेहीघाट के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा जांच की जाएगी।

### भाजपा की बैठक में जीत के अंतर को बढ़ाने का लक्ष्य

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बूथ प्रबंधन को लेकर कौशलपुरी में भाजपा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीत के अंतर को बढ़ाने का लक्ष्य लिया गया। एक मैरिज लॉन में बैठक के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं व विकास को अयोध्या के हर व्यक्ति ने महसूस किया है। कार्यकर्ता घर-घर संपर्क अभियान चलाएं। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या नगरी है। चुनाव संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने तैयारियों की जानकारी ली। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय अयोध्या ने कहा कि यहां के चुनाव पर पूरे विश्व की निगाहें हैं। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बूथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे। लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, सहसंयोजक ओम प्रकाश सिंह, जिपंअ रोली सिंह, शक्ति सिंह, विधान सभा प्रभारी अशोक कसौंधन, विधान सभा संयोजक रमापति पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रामनगरी में राम कथा का रसपान सुखद संयोग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जानकी महल मंदिर में गोयल पार्थमार्तिक ट्रस्ट इंदौर की ओर से आयोजित वृंदावन के संत महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज की नौ दिवसीय राम कथा की शुरुआत महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि परिवार में माता पिता का स्मरण व सम्मान प्रतिदिन करना चाहिए। महामंडलेश्वर भास्करानंद ने कहा कि भक्तों को सदैव सत्य का साथ देना चाहिए। देशभर से आए भक्तों को रामनगरी में रामकथा सुनने का बहुत सुखद संयोग है। वहीं शिष्या साध्वी कृष्णा ने राम भजनों से भक्तों का मन मोह लिया। मुख्य यजमान प्रेम चंद गोयल, श्याम अग्रवाल, राजेश बंसल, संत मिथिला बिहारी दास, आदित्य सुल्तानिया, पंकज मिश्रा मौजूद रहे।


महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद।


1108 कलशों का अनुष्ठान करते वैदिक आचार्य। अमृत विचार


रामलला का पंचामृतयुक्त कलशों से अभिषेक करते संत। अमृत विचार

# मंडपोत्सव समापन पर रामलला ने किया सरयू विहार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा से रामलला के दरबार में चल रहे मंडपोत्सव कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। अंतिम दिन सुबह रामलला की पालकी यात्रा निकाली गई। उसके बाद पूजन-अर्चन किया गया। गर्भगृह में ही रामलला के रजत विग्रह का विभिन्न औषधीय रसायन व पंचामृत से युक्त 1108 कलशों से रामलला का अभिषेक किया गया। इसके साथ ही रामलला को 56 व्यंजनों का भोग भी लगाया गया। राम मंदिर के भव्य उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कर कलश स्थापना के साथ मंडपोत्सव कार्यक्रम शुरु हुआ था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख सदस्य जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य के नेतृत्व में इसकी शुरुआत हुई थी। 48 दिवसीय इस अनुष्ठान में देश के विभिन्न क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले उद्योगपति और समाज सेवक शामिल हुए। मंडलोत्सव के संयोजक जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि हर दिन अनेक प्रकार के आयोजन होते रहे। विभिन्न तरह के यज्ञ अनुष्ठान हुए। वेदों का पाठ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य और गायन की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के समापन के बाद रामलला की रजत प्रतिमा को पालकी में बिठाकर सरयू विहार कराया गया।

## गन्ने के खेत में मिला युवक का शव, पास पड़ी थी बाइक

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र की दर्शन नगर गौराघाट मार्ग पर बैसिंह गांव के पास शनिवार देर रात एक युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अलावलपुर मजरे कोड़रा निवासी दीपक वर्मा उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र गोविंद नरायण वर्मा शनिवार सुबह करीब 9 :00 बजे बाइक से देवकाली जाने के लिए घर से निकला और शाम तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजन फोन करने लगे। फोन स्विच ऑफ जा रहा था। शाम होते-होते परिजनों की चिंता बढ़ने लगी और खोजबीन शुरू कर दिया। परिजन खोजते-खोजते रात करीब 9 :00 बजे दर्शन नगर गौराघाट मार्ग पर बैसिंह गांव के पास शारदा सहायक नहर के 100 मीटर दर्शन नगर की तरफ पहुंचे तो सड़क पर ही बाइक खड़ी मिली। बाइक से 50 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में दीपक वर्मा का शव मिला। सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और जांच पड़ताल में घटनास्थल के पास ही शराब का एक खाली खोखा और एक गिलास मिला। सड़क पर बाइक लाक खड़ी थी। मृतक के मुंह से झाग निकला हुआ था शरीर पर कहीं कोई चोट का निशान नहीं था। प्रभारी निरीक्षक रतन कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा।

**बागवानी** | आम की फसल पर लग सकता है मैंगो हापर व मिनीबग का ग्रहण, फंगीसाइट व कीटनाशक के प्रयोग से किसान बचाएं फसल

# अमराई की खुशबू से महकने लगा मैंगो बेल्ट

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** अमराई की खुशबू से मैंगो बेल्ट महकने लगा है। आम के पेड़ों में आए बौर से आमों के राजा दशहरी की उपज अच्छी होने की उम्मीद है। लेकिन बदलते मौसम में आम की फसल पर मैंगों हापर व मिनीबग का ग्रहण लग सकता है। कीटों के प्रकोप की शुरुआत हो गई है। फंगीसाइट और कीटनाशक का प्रयोग कर इसे रोका जा सकता है।

जिले में सोहावल, मसौधा और मयाबाजार के २ गांवों को शामिल कर फलपट्टी क्षेत्र घोषित किया गया है। आम के पेड़ों में बौर आने का दौर है।अमराई से पेड़ लद रहे हैं। फलपट्टी क्षेत्र में भीनी खूशबू का अहसास हो रहा है। पूरा क्षेत्र महकने लगा है। फलों के राजा दशहरी के पेंड़ों में लगभग 90 फीसदी बौर आ गए हैं। चौसा और लंगड़ा में 50 से 60 फीसदी। बागान मालिक और उद्यान विभाग के लोगों का कहना है कि होली तक पेंड़ों में पूरे बौर आ जाएंगे। अब तक की अमराई से आम की फसल अच्छी होने की संभावना है। लेकिन मौसम बदल रहा है। कभी गर्मी तो कभी सर्दी पड़ रही है। आसमान में अक्सर बादलों का डेरा देखने को मिल रहा है। यह आम की फसल के लिए सबसे खतरनाक है। उद्यान विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक बादल, सर्दी-गर्मी से आम की फसल पर मैंगो हापर और मिनी बग कीटों का प्रकोप शुरू हो गया है। कुछ किसानों ने इसकी शुरुआत की बात कही है। ऐसे में आम की फसल को नुकसान हो सकता है। आमों का राजा दशहरी आम लोगों की पकड़ से दूर हो सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि इस पर अभी से नजर रखी जानी चाहिए। एक बार रोग लग जाने पर इससे बचा पाना मुश्किल हो सकता है।


मैंगो बेल्ट में बौर से लदे आम के पेड़। अमृत विचार

### क्या कहते हैं किसान

बागान मालिक अकबाल बहादुर सिंह ने बताया कि आए बौरों से आम की फसल अच्छी होने की संभावना है। हलांकि मौसम के उतार-चढ़ाव से रोगों का भय है। भुनगा (मैगों हापर) दखने लगे हैं। आम का कारोबार करने वाले बब्लू कहते हैं कि बौर आने के साथ कीट बाग में दिखाई पड़ने लगे हैं। यह मौसम के कारण है। यदि मौसम ने साथ दिया तो फसल अच्छी होगी।



### क्या करें आम के किसान

जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ ने बताया कि फसल ठीक है। लेकिन इस मौसम में मैंगो हापर और मिनी बग कीटों से नुकसान हो सकता है। बचाने के लिए किसान फंगीसाइट और कीटनाशक को मिलाकर पेड़ों पर छिड़काव करें। लेकिन इसका छिड़काव बौर में दाने आने के पहले कर दिया जाना चाहिए। अभी छिड़काव में लगभग सप्ताह भर का समय शेष है। ऐसा करने से दानों को मजबूती मिलेगा।

### फलपट्टी क्षेत्र में शामिल गांव

सोहावल ब्लाक के जगनपुर, धन्नीपुर, गोपीनाथपुर, तहसीलपुर ठेउंगा, रौनाही, लखौरी, बड़ा गांव, बरई, हरबंधनपुर, रामनगर धौरहरा, इब्राहिमपुर देवली, हाजीपुर बरसेंडी, सनाहा, पिलखावां, मंगलसी, कटरौली, साल्हेपुर निमैचा, अलीगंज, मुबारकगंज, मया बाजार में पनसारा, कसबा, रुहियावां, देवापुर, ईशापुर, सेरवाघाट, उनियार, भैरीपुर, लालपुर, रेवरी, मोकसवा सहित मसौधा के गांव शामिल है।

## एक नजर

### सम्मनपुर थाने में आईं सिर्फ तीन शिकायतें

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस महज रस्म अदायगी बनकर रह गया है। शनिवार को थाना सम्मनपुर मे आयोजित समाधान दिवस मे सन्नाटा छाया रहा। कई फरियादी न्याय के लिए दोपहर तक इधर-उधर भटकते रहे और किसी उच्च अधिकारी के आने का इंतजार करते रहे। तमाम लोग मायूस होकर चले गए। अंत में दूसरे पहर बिना किसी उच्च राजस्व अधिकारी के थाना प्रभारी ने जनसुनवाई की। समाधान दिवस में कुल 3 शिकायतें आईं, राजस्व के दो मामलों को निस्तारण के लिए शिकायत पत्र लेखपाल को सौंपा गया।

### तेज रफ्तार बाइक पलटने से युवक की मौत

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** तीव्र गति से आ रही बाइक के अचानक पलटने से युवक को गंभीर चोटें आईं। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर नोखा गांव निवासी अंकित पुत्र फूलचंद कहीं से अपनी बाइक द्वारा तीव्र गति से आ रहा था। सामने से कोई जानवर आ गया जिसे बचाने में अचानक ब्रेक लगाया और वह बाइक लेकर गिर गया जिससे मौके पर पर ही उसकी मौत हो गई।

### पुलिस ने चोरी के आरोपी को भेजा जेल

**आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जहांगीरगंज सीएचसी परिसर में स्थित चीफ फार्मासिस्ट सतीश मिश्रा के आवास में बीते गुरुवार की रात में चोरी करने के प्रयास के दौरान ही एक चोर को दबोच लिया गया था। आरोपी की पहचान बसखारी के टंडवा ओझा निवासी गनेश निषाद के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि आरोपी चोर ने सीएचसी जहांगीरगंज के बगल में ही स्थित प्राइवेट मोबाइल टावर पर तैनात कर्मी बसखारी के प्रतापपुर निवासी शुभम दुबे के कक्ष से चोरी कर निकट के अर्धनिर्मित मकान में छुपाया था। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद कर लिया गया।

# दुष्कर्म की घटना से शर्मसार हुआ मखदूम अशरफ का आस्ताना

फॉलोअप

**तो इंतेजामिया कमेटी की भी कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में ....**

**बसखारी, अंबेडकरनगर**

नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित विश्व प्रसिद्ध मखदूम अशरफ के अस्ताने पर जियारत और रूहानी इलाज के लिए आई महिला के साथ मौलाना द्वारा किए गए बलात्कार के मामले और आनन-फानन में की गई इंतजामियां कमेटी की बैठक के बाद क्षेत्र में मौलाना और कथित मौलाना शब्द के बीच एक नई बहस का दौर शुरू हो गया है।

घटना के बाद इंतेजामिया कमेटी की गई कथित बैठक में मौलाना से पल्ला झाड़ने की कार्यशैली को लेकर इंतेजामिया कमेटी की कार्य प्रणाली को भी संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया है। बताया जाता है कि मखदूम साहब के पवित्र अस्ताने पर रूहानी इलाज और झांड फूंक के लिए आने वाली कई युवतियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़, दुराचार, गायब होने सहित कई अपराधिक श्रेणी में आने वाली घटनाएं घट चुकी हैं। यहां तक की यहां पर आने वाले कई परिवार की बेटिया भी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो चुकी है। रूहानी इलाज के लिए आने वाली कई लड़कियों के गायब होने को लेकर उनकी तस्करी की भी चर्चा दबी जुबान से लोग करते रहते हैं। लेकिन अभी तक ऐसे किसी भी मामले में इंतेजामिया कमेटी के द्वारा किसी पीडित के साथ खड़े होकर कोई कारवाई नहीं कराई गई और ना ही कोई बैठक कर दुख प्रकट किया। फिर अचानक इस मामले में इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा क्षेत्र में ना रहने के बावजूद भी बकायदे फर्जी बैठक का नेतृत्व कर निंदा करना और मौलाना से पल्ला झड़ना कहीं ना कहीं आरोपी से इंतजामिया कमेटी के संबंधों की तरफ इशारा कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ सूत्र बताते हैं कि मखदूम साहब के आस्ताने पर दूर दराज से आने वाले जयरीनों के साथ होने वाले मानसिक, शारीरिक, आर्थिक शोषण और घटने वाली अपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस में शिकायत ना करने के पीछे जायरीनों में डर और बदनामी का खौफ भर दिया जाता था। किसी ने यदि अपने साथ हुई घटनाओं को लेकर पुलिस में शिकायत भी की तो अस्ताने की रहनुमाई का दंभ भरने वाले मुठ्ठी भर कुछ लोग राजनीतिक पकड़ व पैसे का खेल खेलते हुए बसखारी पुलिस के हाथ बांध देते थे। जिससे शिकायत करने वाला पीडित परिवार दो चार-बार थाने का चक्कर लगाकर अपने गंतव्य को चले जाना ही मुनासिब समझता था।

बीते सात मार्च को मौलाना ने घटना को दिया था अंजाम : बीते सात मार्च की देर सांय मौलाना द्वारा एक महिला के साथ रूहानी इलाज के नाम पर कमरे में बंद करके दुराचार जैसा कुकृत्य को अंजाम दिया गया। आरोपी मोहम्मद अशरफ उर्फ मौलाना शमशाद पुत्र इनाम अशरफ की गिरफ्तारी व जेल जाने के बाद मामला शांत हो चुका था। लेकिन मामले में इंतजामिया कमेटी ने एक बैठक कर घटना की निंदा करते हुए आरोपी मौलाना के इंतेजामिया कमेटी से किसी भी प्रकार का संबंध न होने का वक्तव्य लिखित रूप से दे डाला। जबकि बताया जा रहा है की मौके पर अजीज अशरफ अपने पिता के इलाज के लिए बेंगलुरु में थे।

**ध्यान हटाने के लिए रचा गया कुचक्र**

इंतेजामिया कमेटी के द्वारा की गई बैठक में यदि खबरों की माने तो इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष अजीज अशरफ ने बैठक कर इस कृत की निंदा की है। जबकि वह बेंगलुरु में अपने पिता का इलाज कराने के लिए गए हुए थे। चर्चा है कि इस घटना से लोगों का ध्यान हटाने के लिए इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष और इंतेजामिया कमेटी से जुड़े कुछ लोगों द्वारा इस प्रकार का एक कुचक्र रचा गया है। इंतजामिया कमेटी के द्वारा आरोपी से पल्ला झाड़ने की भूमिका की यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो आरोपी का इंतजामिया कमेटी से कोई संबंध था कि नहीं यह भी स्पष्ट हो जाएगा। फिलहाल इस प्रकरण को लेकर क्षेत्र में हो रही चर्चाओं पर गौर फरमाए तो जो कथित बैठक थी, वह बैठक बन गई और जिसकी पहचान बलात्कार के पहले मौलाना के रूप मे थी वह बलात्कार के आरोप के बाद कथित मौलाना हो गया।

# मुठभेड़ में अंतर्राज्जीय शूटर समेत 5 लुटेरे गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

## टांडा क्षेत्र में बीते दो दिन पहले आरोपियों ने लूट की घटना को दिया था अंजाम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार :** जनपद की अलीगंज पुलिस ने मुठभेड़ में एक अंतरराज्यीय शूटर सहित 5 लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कि है। हालांकि, एक अभियुक्त भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्त बीते 8 मार्च को अलीगंज थाना क्षेत्र में हुई व्यापारी के साथ लूट के मामले में आरोपी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार शूटर के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।



पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि अलीगंज थाने के सलारगढ़ मस्जिद के पास तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने कपड़ा व्यवसायी मो. फहाद के साथ असलहे पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके संबंध में अलीगंज थाना में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण के लिए चार टीमों का गठन किया गया था। सीसीटीवी कैमरे के सहारे घटना में संलिप्त अभियुक्त मो. सैफ निवासी अलहदादपुर थाना अलीगंज की भूमिका के बारे पता लगा। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त मो. सैफ ने बताया कि उसने अपने साथी काजू यादव निवासी अरखापुर थाना अलीगंज व मो. अमन निवासी अलहदादपुर थाना के साथ मिलकर लगातार घटना के लिए रेकी किया और अभियुक्त काजू यादव द्वारा अपने रिश्तेदार अजय यादव निवासी अरमा थाना आलापुर व उसके दो अन्य साथियों अजय यादव उर्फ गुड्डू पवई लाडपुर थाना सरायमीर आजमगढ़ और अमन यादव निवासी बहाउद्दीनपुर थाना फूलपुर आजमगढ़ को बाहर से बुलवाकर घटना को अंजाम दिया गया। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि काजू यादव, मो. सैफ, अमन को बीते 9 मार्च को करीब 9 बजे गिरफ्तार लिया गया। मुखबिर की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले तीन अन्य अभियुक्त की कलवारी पुल के निकट घेराबंदी की गई। जिसमें अभियुक्तों द्वारा पुलिस पर फायरिंग किया गया। जिसमें एक आरक्षी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में अमन यादव आजमगढ़, अजय यादव निवासी आजमगढ़ के पैर में गोली लगी और अभियुक्त अजय यादव निवासी आलापुर भागने में सफल रहा।

**आईजी ने पुरस्कार की घोषणा की**

एसपी डॉ. ने बताया कि मुठभेड़ में पकड़ा गया अभियुक्त अजय यादव उर्फ गुड्डू अन्तर्राजीय शूटर है। वह कई राज्यों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया शूटर कई तरह के असलहे चलाने में माहिर है। घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को आईजी रेंज अयोध्या ने 25 हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# नए मतदान केंद्रों का हो प्रचार-प्रसार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सेक्टर ऑफिसर यह सत्यापित करें कि मतदान केंद्रों पर सड़क, पुल, पुलिया, मतदान केंद्रों सहित समस्त मतदान केंद्रों की पहुंच सुगम्य है। सेक्टर ऑफिसर को यह सुनिश्चित करें कि नए मतदान केंद्रों का अधिसूचना के बाद उनका व्यापक प्रचार-प्रसार हो। उन्हें भौतिक रूप से सत्यापन के द्वारा यह भी पता लगाएं कि मतदान केंद्रों पर आधारभूत संरचना और सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध है। सेक्टर ऑफिसर मतदान दलों के मोबाइल नं. प्राप्त करें और मतदान केंद्रों पर मोबाइल से सम्पर्क को सुनिश्चित करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी, अकबरपुर, टांडा व आलापुर में लगाए गए सेक्टर ऑफिसर आदि मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के रुकुनपुर कासिमपुर गांव निवासी संतोष कुमार ने नरेंद्र प्रताप गौड़ निवासी सुरहुरपुर थाना मालीपुर को बिहार में ट्रक की मरम्मत के लिए छह लाख रुपए दिए थे और बनवाकर ट्रक लाने पर 18 लाख में उसे ही बेचने का सौदा तय किया था। संतोष ने 8 लाख रुपये महिंद्रा फाइनेंस को ट्रांसफर किए जिसके एवज में उसे आरोपी ने दो चेक दी। अब आरोपी ट्रक बेचने में हीला-हवाली कर रहा है। संतोष ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)


# डीएम ने विद्युत समिति की बैठक में ली जानकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा और अकबरपुर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वर्मा की उपस्थिति में जिला विद्युत समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक के दौरान विद्युत विभाग के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए पीएम सूर्य घर योजना, निजी नलकूप मुक्त बिजली योजना, आरएसएस योजना और सौभाग्य फेस-3 के विषय में बताया गया।



जिला विद्युत समिति की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

बैठक में अधीक्षण अभियंता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्य में किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के क्रम में संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम के तहत किसानों को बिजली के बिल पर राहत देते हुए सिंचाई के लिए निजी नलकूप उपभोक्ताओं के बिजली के बिल पर शत-प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। योजना में किसानों के लिए 1 अप्रैल 2023 से शत-प्रतिशत मुफ्त बिजली का प्रावधान किया गया है। बैठम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर आदि रहे।

# 14 को चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करेंगे सांसद

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी के रूप में रितेश पांडे के नाम की घोषणा के बाद विधानसभा जलालपुर में प्रथम आगमन के अवसर पर चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की गई है।

विधानसभा संयोजक अनंतराम मिश्र ने बताया कि आगामी बुधवार को समय 11 बजे भाजपा विधानसभा कार्यालय में लोकसभा 55 की जलालपुर विधानसभा की चुनाव प्रबंधन समिति की एक बैठक आहूत की गई है। विधानसभा मीडिया संयोजक विकास निषाद ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी व सांसद रितेश पांडे और विशिष्ट अतिथि लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह टिल्लू, जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी उपस्थित रहेंगे। बैठक में कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क


# बस पलटने से एक की मौत, 25 घायल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर**

**अमृत विचार :** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के टांडा-रायबरेली एनएच-232 पर सम्मोपुर के पास शनिवार रात यात्रियों से भरी एक निजी वातानुकूलित पलट गई। हादसे के समय बस में करीब 50 लोग सवार थे। दुर्घटना में राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के करौदी मिश्र गांव निवासी रामसेवक प्रजापति (40) पुत्र श्रीपति प्रजापति की मौत हो गई। वहीं करीब 25 यात्री घायल हो गए हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।



राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के करौदी मिश्र गांव युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

आजमगढ़ से दिल्ली के लिए चलने वाली श्रीराम ट्रेवल्स की बस बीती रात यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। तभी अकबरपुर नगर के निकट टांडा-रायबरेली हाईवे पर सम्मोपुर के पास बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों की सूचना पर अकबरपुर कोतवाली पुलिस टीम व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और पुलिस कर्मियों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकला गया। हादसे में करीब 25 यात्रियों को चोटें आई हुई हैं। हादसे में श्रीनिवास (45), नीरज यादव (26), योगेश (18), बदामा देवी (49), किरण (24) निवासी मड़वाई अतरौलिया आजमगढ़, सरिता (24), अजय शर्मा (26), सुषमा (22), लालमन (45) निवासी रामपुर इंडी पिंडी आलापुर, दिव्यांशु मौर्य (16) निवासी अतरौलिया आजमगढ़, रोहित राम (40) निवासी प्यारेपुर टांडा आदि भर्ती हैं।

# आगे बढ़ने को कठिन परिश्रम की है जरूरत : प्रधानाचार्य

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** कस्बे स्थित कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय में समारोह आयोजित कर सीनियर छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय के परिसर में आयोजित इस विदाई समारोह में कक्षा 8 की छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आफताब अहमद अंसारी ने विद्यालय की सांस्कृतिक और अकादमिक गतिविधियों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं सोफिया अंजुम और अजका मरियम को ताज पहना कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान आयशा खातून, आरफा खातून व लायका नूरी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आफताब अहमद ने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अथक परिश्रम व माता-पिता व गुरुजनों के दिशा-निर्देशन में आगे बढ़ते हुए उसे प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। समारोह के अंत में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद असअद ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम करने की जरूरत पर जोर दिया। इस अवसर पर स्थानीय सभासद बेचन पांडे, सुरेंद्र सोनी आदि रहे।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ



पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- **क्र.सं.: 1- ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2024-20, **कार्य का नामः** लखनऊ मंडल-समइ/पश्चिम/गोरखपुर के अधीन 24 माह के लिए छोटी ट्रैक मशीन (Small Track Machine)/वेल्डिंग मशीन/पी.वे सामग्री और मल्टी यूटिलिटी के परिवहन का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 37,85,884.40, **अग्रिम धन (₹):** ₹75,700.00, **समापन अवधिः** 24 माह, **क्र.सं.: 2- ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2024-21, **कार्य का नामः** लखनऊ मंडल-समइ/पश्चिम/गोरखपुर के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर यांत्रिक कार्यशाला एवं स्टोर डिपों में सी.टी. आर. (एस.), टी.आर.आर. (एस) एवं टी.एस.आर. (एस) का कार्य, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,52,18,802.09, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 2,26,100.00, **समापन अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.: 3- ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2024-22, **कार्य का नामः** लखनऊ मंडल-वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम के अधिकार क्षेत्र में बस्ती, मनकापुर यार्ड और अन्य यार्ड के लूप लाइन में डीप स्क्रीनिंग का कार्य, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 2,96,87,348.28, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 2,98,400.00, **समापन अवधिः** 15 माह। **नोट (1)** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-20-22 के लिये ई-निविदा दिनांक **01.04.2024** को **15:00** बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय **15:00** बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग लखनऊ
मुजाधि/डब्लू-576
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


कार्यक्रम

**समूह की महिलाओं ने जिलाधिकारी से रोजगार को बढ़ाने के लिए सहयोग करने की अपील की**

# डीएम ने उद्यमी महिलाओं से की मुलाकात, बढ़ाया मनोबल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार :** स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ग्रामीण अंचल की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा तमाम योजनाएं चलायी जा रही है ताकि महिलाएं दूसरो पर आश्रित न रहे। इसी कड़ी मे जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा लगातार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न उद्यमी महिलाओं से मिलकर उनके द्वारा मिलकर हौसला आफजायी किया गया।

शनिवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा ब्लाक जलालपुर के ग्रामसभा भस्मा के जय भीम आजीविका स्वयं सहायता समूह के सहयोग से उद्यमी महिला सचिव रीना देवी द्वारा तेल पेरने वाली मशीन का संचालन करने और तेल निकाल कर उसका विक्रय करने की प्रक्रिया को समझा गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वयं के लिए 1 लीटर तेल खरीदते हुए उसका मूल्य संचालिका को दिया गया। स्वयं सहायता समूह की अन्य महिलाओं से वार्ता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा उनकी समस्याएं सुनी गई तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उनके निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर उपस्थित उर्मिला ने सब्जी उत्पादन, रुमा ने सिलाई सेंटर चलाने, सुंदरवती ने गौपालन करने तथा गीता ने श्रृंगार महल स्थापित कर आर्थिक रूप से सबल बन रही हैं। इस अवसर पर समूह की महिलाओं ने जिलाधिकारी से अपने-अपने रोजगार को बढ़ाने के लिए सरकारी तथा समूह के माध्यम से सहयोग करने की अपील की। जिस पर जिलाधिकारी ने वहां मौजूद अधिकारियों को तत्काल सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



तेल पेरने की मशीन के बारे में जानकारी लेते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व अन्य।

**प्रशिक्षण दिलाने के दिए निर्देश**

जिलाधिकारी ने बीडीओ राम विलास राम, सहित अन्य अधिकारियों को समूह की महिला सदस्यों द्वारा एलोवेरा, ड्रैगन फ्रूट, फूलों, नई-नई सब्जियों के पैदावार करने के लिए हॉर्टिकल्चर अधिकारीयों से प्रशिक्षण दिलाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर मनाने के लिए जो भी आवश्यक होगा, उसे पूरा किया जाएगा। इस दौरान उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार, सचिव कमलेश रंजन, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष प्रियंका, सचिव रीना आदि रहीं।


प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की चपेट में आया बारहसिंहा, मौत

**नवाबगंज, गोंडा :** क्षेत्र के कटरा शिवदयागंज – बस्ती राज्यमार्ग पर जफरापुर गांव के पास रविवार की सुबह सड़क पार कर रहे बारहसिंगा को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बारहसिंगा को उठाकर पशु अस्पताल ले गए जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वन दरोगा अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि गर्मी शुरू हो गई है। पानी की तलाश में जंगल से भटक कर बारहसिंगा रोड़ आ गया था। और सड़क को पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय निवासी मंशाराम यादव ने के घायल होने की सूचना दी थी। उन्होंने कहा कि मृत बारहसिंगा का पोस्टमार्टम कराने के बाद दफना दिया गया है।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों की तैयारी बैठक सपन्न

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की कल 11 मार्च को ब्लॉक मुख्यालय पर होने वाली बैठक को शांतिपूर्ण ढंग व एजेंडा अनुसार संपन्न कराये जाने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने बताया कि इस बैठक को शांतिपूर्ण ढंग व एजेंडा अनुसार संपन्न कराए जाने के लिए रविवार को ब्लॉक कर्मियों की बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक की व्यवस्था के लिए साफ सफाई, फर्नीचर आदि की व्यवस्था पूरी कर ली गई है।

### गोंडा-बनगांई स्टेशन पर इंटरसिटी के ठहराव की मांग

**रुपईडीह गोडा :** गोंडा बहराइच रेल मार्ग पर चल रही इंटरसिटी का ठहराव बनगाँई रेलवे स्टेशन पर कराए जाने की मांग भाजपा के जिला मंत्री व पूर्वोत्तर रेलवे समिति के सदस्य हरीश कुमार शुक्ल ने मंडलीय रेल प्रबंधक से की है। बताया उनके इस मांग पर मंडलीय रेल प्रबंधक ने शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कराए जाने का शासन दिया है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का किया उद्घाटन

**उमरी बेगमगंज, गोंडा :** जगदंबा शरण एजुकेशनल इंस्टीट्यूट राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुराग सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुआ कार्यक्रम का उद्घाटन बेलसर नगर पंचायत प्रतिनिधि शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रवक्ता राजनीति शास्त्र संजय शुक्ल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के स्वयंसेवकों द्वारा गीत एवं सरस्वती गायन के साथ प्रारंभ किया गया इस राष्ट्रीय सूचना प्रोग्रामिंग ऑफिसर डॉ अनुराग सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों को एनएसएस से जुड़े सप्त दिवसीय कार्यक्रम के बारे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संचालन प्रीति मिश्रा ने किया।

# निर्धारित समय से आधा घंटा पहले केंद्रों पर पहुंचेंगे परीक्षक

## यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए चार स्कूलों को बनाया गया केंद्र, 16 से जांची जाएंगी कापियां

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** हाई स्कूल में इंटरमीडिएट की परीक्षाएं खत्म हो चुकी हैं और मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी गई है। 16 मार्च से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए जिले के चार स्कूलों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव की तरफ से गाइडलाइन जारी कर दी गई है। इस गाइडलाइन के मुताबिक मूल्यांकन कार्य में लगाए गए परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए निर्धारित समय से आधे घंटे पहले केंद्रों पर पहुंचना होगा। उन्हें छुट्टी भी आधे घंटे बाद दी जायेगी। यह बदलाव परीक्षा की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए किया गया है।



मूल्यांकन केंद्र। अमृत विचार

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडियट की परीक्षा में इस बार 92 हजार छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया था लेकिन परीक्षा केंद्रों पर सख्ती को देखते हुए हाईस्कूल के 5235 व इंटर मीडियट के 36 सौ परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी। शनिवार को परीक्षाएं खत्म होने के साथ ही अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी गयी है। मूल्यांकन के लिये इस बार जिले के राजकीय इंटर कॉलेज, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज (टॉमसन), राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन का कार्य 16 मार्च से प्रारंभ होगा। 31 मार्च तक मूल्यांकन कार्य पूरा किया जाना है। मूल्यांकन को लेकर शनिवार को ही माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव की तरफ से गाइड लाइन जारी कर दी गयी है। मूल्यांकन की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए इस बार ड्यूटी पर लगाए गए परीक्षकों को निर्धारित समय से आधे घंटे पहले मूल्यांकन केंद्र पर पहुंचना होगा। उन्हें छुट्टी भी मूल्यांकन कार्य समाप्त होने के आधे घंटे बाद दी जायेगी। परीक्षकों की उपस्थिति भी ऑनलाइन दर्ज की जायेगी।

**रचनात्मक मूल्यांकन पर रहेगा जोर**

उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में रचनात्मक मूल्यांकन पर जोर रहेगा। रचनात्मक मूल्यांकन का तात्पर्य यह कि अगर परीक्षार्थी का उत्तर प्रश्न से संबंधित नहीं है लेकिन संबंधित विषय के पाठ्य क्रम से संबंधित है तो उसके अंक नहीं काटे जायेंगे।

**अनुपस्थित रहने पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई**

उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ड्यूटी पर लगाए परीक्षकों को हर हाल में ड्यूटी करनी होगी। किसी भी दशा में अनुपस्थिति स्वीकार नहीं होगी। सौंपे गए दायित्व के निर्वहन में असमर्थता व्यक्त करने, आनाकानी करने अथवा जानबूझकर अनुपस्थित रहने वाले परीक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

> उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी गयी है। 16 मार्च से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होना है। इसके लिए चार स्कूलों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। परीक्षकों की ड्यूटी लिस्ट अभी बोर्ड कार्यालय से नहीं मिली है। जो भी दिशा निर्देश मिलेंगे उसके मुताबिक कार्रवाई की जायेगी।
>
> –राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक

# अब फल और सब्जी मंडी की तीसरी आंख करेगी निगरानी

## गेट समेत परिसर में लगाए गए हैं आठ सीसीटीवी कैमरे


मंडी परिषद में लगा सीसीटीवी कैमरा।


उतरौला रोड स्थित फल और सब्जी मंडी का गेट। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सब्जी एवं फल मंडी को हाईटेक किया जा रहा है। सुरक्षा गार्ड्स के साथ-साथ अब मंडी परिसर के रखवाली की जिम्मेदारी तीसरी आंख को भी सौपी गई है। जो आवक व गतिविधियों पर विशेष नजर रखेगी। परिसर में आठ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। जिसको अधिकारियों के मोबाइल से भी जोड़ा गया है। जो अपने घर व दफ्तर में बैठकर मंडी परिसर में होने वाले गड़बड़ियों को देख सकेंगे। इन सीसीटीवी कैमरा का कंट्रोल रूम कांटा रूम को बनाया गया है। जहां पर सीसीटीवी फुटेज स्क्रीन पर चलते देखे जा सकते हैं।

उतरौला रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी के सुरक्षा को लेकर अक्सर बवाल होता देखा जाता है। मंडी में मवेशी व चोरी रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात हैं जो गेट पर ड्यूटी देते हैं और परिसर में घूम कर घूम घूम कर रखवाली करते हैं। लेकिन इन सबके बावजूद अक्सर चोरी की घटनाओं की बात सामने आती रहती है। व्यापारियों की शिकायतों को देखते हुए मंडी प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंडी परिसर के विभिन्न जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया है। फल सब्जी मंडी में करीब 300 व्यापारी कारोबार करते हैं। व्यापारियों का आरोप होता था कि शुल्क आदि देने के बाद भी मंडी की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं है। मंडी के अफसर ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कई जगहों पर कैमरा लगवाया है मंडी गेट पर घुसते ही एक कैमरा लगा है। जो मंडी में आने जाने वाले व्यापारी व वाहनों पर नजर रखते हुए रिकॉर्डिंग करता है। इसके बाद अंदर जाने पर व्यापारी की दुकान और प्लेटफार्म के आसपास भी कैमरा लगा हुआ है। माना जा रहा है कि कैमरा लगने से सुरक्षा और मजबूत होगी। मंडी निरीक्षक भूपेंद्र कुमार यति ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से मंडी प्रशासन की ओर से फल एवं सब्जी मंडी में आठ जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया है। कैमरे के लगने से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने यह भी बताया कि मंडी से जुड़े अधिकारी इस कैमरे से मंडी में होने वाले गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे।

**साफ-सफाई न होने से व्यापारियों में आक्रोश**

सब्जी एवं फल मंडी परिसर को भले ही हाईटेक कर दिया गया हो लेकिन सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नहीं है। परिसर के अंदर जाने वाली सड़के किनारे कचरे का ढेर लगा है। व्यापारियों ने कई बार साफ–सफाई को लेकर मंडी प्रशासन से गुहार भी लगाई, लेकिन हर बार आश्वासन ही अधिकारियों ने दिया।

## भाजपा महामंत्री ने किया गांवों का भ्रमण, जाना हाल

**रुपईडीह गोंडा:** भाजपा मंडल कौड़िया के महामंत्री राजेश कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय सल्दी बल्दी पुरवा व रामापुर का भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अद्यतन विधानसभा सूची तैयार किए जाने के लिए चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ लेवल अफसर से मतदाताओं के नाम बढ़ाए जाने, संशोधन किए जाने और मृतक मतदाताओं का नाम हटाए जाने के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी हासिल की और इससे जुड़े निर्देश दिए।

## एसपी ने संभाल रखी है सर्राफ लूटकांड के खुलासे की बागडोर

**करनैलगंज, गोंडा:** करनैलगंज में सर्राफा व्यवसाई के साथ हुई लूटकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने खुद पर्दाफाश करने की बागडोर संभाली रखी है।

बीते सोमवार को गोपी ज्वेलर्स में हुई लूट का खुलासा करने में पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। एसपी विनीत जायसवाल ने खुलासा करने को बहराइच सहित अन्य जिलों में स्थानांतरित हो चुके पुलिसकर्मियों को भी करनैलगंज पुलिस व एसओजी का सहयोग करने के लिए बुलाया है। दूसरी तरफ बहराइच की एसओजी व सर्विलांस की टीम को भी लगाया गया है। शनिवार को भी एसपी व अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस टीमों के साथ योजना तैयार की। लूट का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस हर पहलू पर विचार कर रही है। मामले का पर्दाफाश करने के लिए अब एसपी ने खुद बागडोर संभाली है। रविवार को बहराइच की पुलिस टीम, एसओजी व सर्विलांस की टीम भी करनैलगंज पहुंच गई। जिसको घटना की जानकारी देने के साथ ही टीम के साथ सहयोग में लगाया गया। दूसरी तरफ करनैलगंज के व्यापारी व सर्राफा एसोसिएशन ने घटना के शीघ्र अनावरण की मांग की है।

# शोध कार्य संपन्न, रवि सम्मानित

**करनैलगंज, गोंडा:** भारत सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश के स्कूलों पर कराया जा रहा शोध कार्य संपन्न हो गया। टीम में तहसील अंतर्गत प्रावि धौरहरा के प्रधानाध्यापक रवि प्रताप सिंह को भी शामिल किया गया था।

रवि ने आंध्र प्रदेश के स्कूलों की अच्छाई को बताया साथ ही सुधार के लिए रिपोर्ट आंध्र प्रदेश के अधिकारियों को सुझाव सौंपा है। रवि ने बताया कि कुछ स्कूलों के संसाधन बहुत अच्छे थे, फर्नीचर, पीने के पानी सहित अन्य चीजें बहुत अच्छी थी। कुछ स्कूलों में गैस सिलेंडर और चूल्हे को कक्षा के अंदर पाया गया जिसे कक्षा से बाहर कराने की सलाह दी गई। एकेडमिक रूप से छात्रों की स्थिति सही पाई गई। कार्यक्रम के दौरान आदर्श शिक्षक रवि प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। आंध्र प्रदेश के शिक्षा विभाग के अधिकारी डॉ बी. श्रीनिवासन, जी. लक्ष्मी, डॉ सुहासिनी ने क्षेत्र के आदर्श शिक्षक को सम्मनित किया। इस मौके पर प्रो. वी सिंह, प्रो. एससी चौहान, प्रो. विनोद शर्मा, डॉक्टर नागेंद्र मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद ने बधाई दी। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल और जिला समन्वयक हरिगोबिन्द यादव, राजेश सिंह, गणेश गुप्ता, जगदीश गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ विनय तिवारी, जिला मंत्री उमाशंकर सिंह, अर्जुन सिंह, विवेक सिंह, अशोक पाण्डेय, देवेंद्र कुमार सिंह, मनोज पाण्डेय, बाबूलाल यादव, ग्राम प्रधान मायाराम, स्नेहलता, भगवान बख्श सिंह आदि ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।


आंध्र प्रदेश के शिक्षाधिकारियों से सम्मान प्राप्त करते रवि।

## महिला की संदिग्धदशा में मौत

**मनकापुर, गोंडा:** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिसई भीखपुर के मजरा डुढ़वा में एक विवाहिता का शव रविवार को फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच में जुटी है।



क्षेत्र के मनकापुर गांव निवासी ज्वाला प्रसाद ने बताया कि 10 माह पहले उसने अपनी बेटी गायत्री उर्फ नवरात्रि (20) का विवाह जिगना चौकी अन्तर्गत ग्राम सिसई भीखपुर के मजरा डुडवा निवासी विफई के बेटे संजय के साथ किया था। ज्वाला प्रसाद का कहना है कि रविवार की सुबह उसे सूचना मिली कि उसकी बेटी की मौत हो गयी है। जब वह बेटी की ससुराल पहुंचे तो उसका शव फंदे से लटक रहा था। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी जिगना शिव कुमार यादव मयफोर्स घटना स्थल पर पहुंचे और इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने पहुँच कर जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतका के पिता की सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** रविवार को सरयू डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने टोलियों में ग्राम सुदिया व मोहनपुर में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। दूसरे सत्र के बौद्धिक कार्यक्रम में अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का विकास पर आधारित गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरबी सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वयंसेवियों को बताया कि हमारा जीवन परोपकार के साथ-साथ मानवता की सेवा के लिए भी समर्पित होना चाहिए। इसके अतिरिक्त प्राध्यापक डॉक्टर शैलेंद्र बहादुर सिंह ने स्वयंसेवियों को बताया कि अपने से बड़ों को आदर्श मानकर उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। इस बौद्धिक कार्यक्रम में स्वयंसेवी संतराम मौर्य, अलका तिवारी, जैनब खान, अंशु सिंह, श्वेता सिंह, सूरज मौर्य आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्यवस्थापक अशोक सिंह, प्राध्यापक जगन्नाथ तिवारी, त्रिपुरारी दुबे, ओपी सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, डॉ संजय सिंह, डॉ दीपक श्रीवास्तव, प्रेम कुमार तिवारी, पवन कुमार मिश्र, रवी सिंह, उमेश पाठक, सुरेन्द्र सिंह, यदुनाथ पांडे, अनुराग सिंह, शिवकुमार मौर्य, प्रवेश कुमार, बृजेश सिंह, राहुल श्रीवास्तव, मार्शल स्टालिन आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अगले दिन के रूपरेखा को कार्यक्रमाधिकारी ममता मिश्रा एवं विजय कुमार यादव ने बताकर कार्यक्रम समापन किया गया।


ग्रामीणों को जागरूक करते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक। अमृत विचार

**रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**

**कौड़िया बाजार, गोंडा :** किसान डिग्री कॉलेज बनगांव कटरा बाजार गोंडा के तत्वावधान में आयोजित पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामापुर के प्रांगण में "राष्ट्रीय सेवा योजना" के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन दिवस पर कार्यक्रम अधिकारी रोहित शुक्ल के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा "रंगोली प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। उसके बाद शिविर का समापन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों में त्रिलोकी नाथ शुक्ला, अरुण कुमार मौर्य, रामकुमार मौर्य, तत्रिपुरारी नाथ शुक्ला एवं स्वयंसेवकों में सपना, रिंकी, दीपिका, देवव्रत, शुभम, अखिलेश, शालिनी, शिवानी, मौजूद रहीं।

**अनदेखी** — सड़क पर जगह–जगह बने हैं गड्ढे, आए दिन हादसों के शिकार हो रहे राहगीर, जिम्मेदार बने अंजान, सड़क की मरम्मत न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

# दुर्घटना को दावत दे रही सोनहरा गांव जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क

बालपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** लखनऊ हाईवे से सोनहरा गांव जाने वाली टूटी सड़क दुर्घटना को दावत दे रही है। सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत बने हैं। संपर्क मार्ग की स्थिति इस कदर जर्जर हो चुकी है कि इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। सड़क की मरम्मत न होने से लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

बालपुर क्षेत्र के सोनहरा गांव जाने वाले संपर्क मार्ग का निर्माण करीब 10 साल पहले कराया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के कुछ दिनों बाद ही यह सड़क टूटने लगी थी। क्षेत्र के लोगों ने कार्यदायी संस्था की शिकायत भी की थी, लेकिन विभाग ने शिकायती पत्र को नजरअंदाज कर दिया। जिससे सड़क कुछ ही दिनों में टूट गई और इस पर जगह जगह गड्ढे बन गए। यह गड्ढे लोगों के लिए मुसीबत बने हैं आए दिन इस सड़क पर दुर्घटना देखने को मिल रही है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं को होती है। कई बार बच्चे गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। इस सड़क से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का भी आना जाना लगा रहता है लेकिन वह भी इस क्षेत्र के लोगों की समस्या को नजरअंदाज करते दिखाई देते हैं। लोगों का कहना है कि इसकी शिकायत भी कई बार विभाग और संबंधित अधिकारियों से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जिससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। मंगलपुरवा के रहने वाले मोनू शुक्ला का कहना है कि उनका बेटा शहर के एक निजी स्कूल में पढ़ता है। स्कूल की बस उसे लाती ले जाती थी, लेकिन अब इस सड़क के टूट जाने से स्कूल बस ड्राइवर ने बस को गांव तक ले जाने मना कर दिया है। बस चालक का कहना है कि या तो बच्चे को हाइवे तक छोड़ो या नाम कटवा लो। गुरुपुरवा के रहने वाले पूर्व प्रधान नंद किशोर ओझा का कहना है कि इस सड़क का निर्माण कराया जाना बहुत ही जरूरी है और आये दिन क्षेत्र के लोग चोट खाते है विभाग को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। जिससे लोंगो को आने जाने में समस्याओं का सामना न करना पड़े। सोनहरा गांव के रहने वाले बृजेश मिश्रा का कहना है कि इस सड़क पर दर्जनों लोग चोटिल हो चुके हैं लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनियों के लापरवाही की वजह से लोंगो को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।


सोनहरा गांव के लिए जाने वाली जर्जर सड़क। अमृत विचार


नंदकिशोर ओझा।


बृजेश मिश्रा।


मोनू शुक्ला।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### युवक पर अपहरण का मुकदमा किया दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा :** किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाया गया ।किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज की है ।स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर दर्ज कराये गये मुकदमें में आरोप लगाया है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसला कर शादी करने की नियत से बलरामपुर जिले के गौरा थाना अंतर्गत जैतापुर चौकी क्षेत्र के चौबेपुर गांव निवासी वासुदेव पुत्र गया प्रसाद भगा ले गया। वह प्राय : नौटंकी में डांस का कार्य करता है जो यहां राम विवाह में डांस करने आता था ।थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने की उठाई मांग

**रुपईडीह गोंडा :** मोहन टपरा गांव से सिसैया मोड़ तक जाने वाली सड़क का निर्माण न होने से क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। इस मार्ग पर यात्रा करने वाले आनंद शुक्ल, पंकज मिश्र, दीपेंद्र श्रीवास्तव, देवनारायण पाठक, राजेश, विकास आदि लोगों ने बताया कि मार्ग का निर्माण कराये जाने की माँग संपूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से जिलाधिकारी से की गई है।

### चाकू के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**रुपईडीह, गोंडा :** मारपीट के आरोप में कौड़िया के सिसैया दलेल निवासी मनसब व बबलू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया इसी प्रकार बहराइच के ज्ञानापुर गांव निवासी रामूराव के कब्जे से पुलिस द्वारा एक अदद अवैध चाकू बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि इन तीनों आरोपित की गिरफ्तारी पुलिस चौकी दुबहा बाजार के प्रभारी गोपाल सिंह अगुवाई में पुलिस कर्मियों द्वारा की गई है।

# पुलिस लाइन में कर्मचारियों ने किया दंगा नियंत्रण का अभ्यास

## आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दी ड्यूटी में दंगा निरोधी उपकरणों से लैस रहने की नसीहत

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में रविवार को पुलिस कर्मियों ने दंगा नियंत्रण के लिए अभ्यास किया। एसपी विनीत जायसवाल की देखरेख में पुलिसकर्मियों को बलवा ड्रिल का रिहर्सल कराया गया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दंगा निरोधी उपकरणों से लैस रहने की नसीहत दी।

आगामी लोक सभा चुनाव एवं त्योहारों के दृष्टिगत जनपद मे कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ रखने तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की तैयारी को लेकर रविवार को एसपी विनीत जायसवाल के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ दंगा नियंत्रण अभ्यास कराया गया।


दंगा नियंत्रण अभ्यास के दौरान आंसू गैस का गोला दागता पुलिसकर्मी। अमृत विचार


अभ्यास के दौरान एंटी रायट गन की जांच करते एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत।

पुलिस लाइन ग्राउंड पर "दंगा नियंत्रण ड्रिल" के प्रशिक्षण एवं अभ्यास के आयोजन के दौरान एसपी ने विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया।

उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि ड्यूटी के दौरान वह सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें तथा दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में अपने साथ रखे, जिससे किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके। एसपी ने बताया कि अचानक भीड़ जुटने, किसी विशेष घटना के दौरान अवैधानिक रूप से लोगों के एकत्रित होने तथा बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को नियन्त्रित करने करने के लिए एन्टी रायट ड्रिल का फोर्स द्वारा प्रयोग किया जाता है, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे।

उन्होंने हिदायत दी कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इस दौरान ड्यूटी में दंगा निरोधी उपकरणों से लैस रहेगें ताकि यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसका प्रयास विफल हो और स्थिति सामान्य रहे। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों में से ही बलवाई बने लोगों (भीड़) को तितर बितर करने के लिए बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्रवाई करायी गयी तथा पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, टीयर स्मोक सेल, टियर ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी। अभ्सास के दौरान बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन भी कराया गया।अभ्यास के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, प्रतिसार निरीक्षक, समस्त प्रभारी निरीक व थानाध्यक्ष आदि पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# पैरामिलिट्री फोर्स ने किया मार्च


इटियाथोक कस्बे में मार्च करते पैरामिलिट्री के जवान व स्थानीय पुलिस। अमृत विचार

**इटियाथोक/गोंडा**

**अमृत विचार:** लोस चुनाव के मद्देनजर जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन चौकस हो गया है। इसी के तहत प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक निर्भय नारायण सिंह व अपराध निरीक्षक रामाशंकर राय ने पैरामिलिट्री फोर्स संग संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थान पर रोड मार्च करते हुए आम जनमानस को संदेश दिया कि आप सभी बिना किसी डर के आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें वही चुनाव में खलल डालने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।


बैठक में मौजूद निषाद पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

### निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति

**करनैलगंज, गोंडा :** विकास खंड करनैलगंज के ग्राम पंचायत पूरे अजब में पूर्व प्रधान सिद्धनाथ निषाद के आवास पर निषाद पार्टी के कार्यकर्ता ने बैठक कर कैसरगंज लोक सभा चुनाव में एक जुट होकर समाज के प्रति समर्पित प्रत्यासी के पक्ष में मतदान करने की रणनीति तैयार की। निषाद पार्टी के करनैलगंज विधानसभा अध्यक्ष अवधेश कुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज का वोट ऐसे प्रत्यासी को दिया जाएगा जो हमारी समस्याओं को सुने और हमारी समस्याओं को हल करने की कोशिश करे। जिनको हमारे समाज का वोट लेना है वह हमारे समाज से जुड़े। पहले बिचोलिया हमारे निषाद समाज के वोटो का सौदा करते थे और सांसद मंत्री जी से मिलने नहीं देते थे, लेकिन अब जो सांसद मंत्री हम लोगों की बात सुनेगा हम लोग से मिलेगा उसी को वोट दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**खरगूपुर, गोंडा :** होली का पर्व आपसी सामंजस के साथ निर्विवाद संपन्न करने के लिए पुलिस ने बैठक का आयोजन किया। आगामी होली की त्यौहार को देखते हुए थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए क्षेत्रीय लोगों की मौजूदगी में थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह ने उपस्थित लोगों से उक्त त्यौहार को आपसी भाईचारा के साथ निर्विवाद रूप से संपन्न कराए जाने में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि रंगो का त्यौहार होली के दौरान किसी प्रकार की आपत्तिजनक गाने अथवा उद्घोष का कार्य न करें। उन्होंने होली पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के रास्ते अथवा होलिका दहन स्थल के संबंध में बैठक में मौजूद लोगों से जानकारी हासिल कर होली का त्यौहार आपसी सहमति से उल्लास पूर्ण माहौल में मनाए जाने में सभी से सहयोग की जरूरत पर बल दिया। थाना परिसर में रविवार को आयोजित बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र सहित विभिन्न ग्रामों के लोग मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य के निधन से शोक की लहर



**बभनान, गोंडा :** आचार्य नरेंद्र देव किसान पीजी कॉलेज बभनान के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ प्रभाकर मिश्रा 67 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वह विगत कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे ।रविवार को अयोध्या धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया उनके निधन पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र शुक्ला, चंद्रभान शुक्ला, डॉ शैलेंद्र नाथ मिश्रा, स्कंद शुक्ला, चंद्रशेखर, तुंगनाथ तिवारी, डॉ हरिराम सहित महाविद्यालय परिवार ने शोक प्रकट किया है।

### चोरी से काट लिया पेड़, अधिकारी से शिकायत

**रुपईडीह गोंडा :** कौड़िया के उमरिया गांव निवासी शिव मूर्ति शुक्ल ने पंचायत सचिवालय के निकट लोक निर्माण विभाग की भूमि पर लगा आम का पेड़ चोरी से कुछ लोगों द्वारा काट लिए जाने की शिकायत थानाध्यक्ष से की है। उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना कटरा बाजार वन क्षेत्र के रेंजर व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को भी दे दी गई है।

### कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**इटियाथोक/गोंडा :** रविवार को औपचारिक रूप से मेहनौन के विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया के आवास पर इटियाथोक के प्रतिष्ठित व्यवसायी कृपा शंकर शुक्ला के नेतृत्व में लोगों ने पहुंच कर विधायक जी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए समर्थन किया ।आज से भारतीय जनता पार्टी में काम करने का प्रण लिया। विशेष कर समाजवादी पार्टी के नेता व ग्राम पंचायत करूवापारा के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि धीरेंद्र कुमार तिवारी उर्फ बब्बू, साथ में समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल मिश्रा, पंडित सुनील पांडे, विश्व हिंदू परिषद के नेता राजेश ओझा, सत्यदेव मिश्रा, अजय मिश्रा, आलोक मिश्रा, शिवानंद पांडे, मनोज शुक्ला, संजय मिश्रा, राम प्रसाद ओझा, गोली ओझा, प्रभाकर तिवारी, विकास तिवारी डब्बू शामिल हुए। इनके भाजपा में शामिल होने पर क्षेत्र के भाजपायों में खुशी की लहर देखी गई।

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**उमरी बेगमगंज, गोंडा :** स्थानीय उमरी बेगमगंज में स्थित ड्रीम वैली पब्लिक स्कूल में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के प्राइमरी स्तर के और जूनियर स्तर के कई विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए विद्यालय के संरक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले दो वर्षों से ब्लॉक स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के आदर्श बल विद्यापीठ यूनिवर्सल अकैडमी स्वामी विवेकानंद यूनीक अकैडमी बेलसर सेंट जीसस अमदही सेंट जेवियर्स बनुआ लाल बिहारी सिंह इंटर कॉलेज सरस्वती देवी ऐली सहित कई विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का बौद्धिक स्तर का विकास होता है और उनको सम्मानित करके उनका उत्साह बढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता को अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा ग्रहण करानी चाहिए ताकि उन्हें आगे चलकर भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक शिव मूर्ति सिंह प्रधानाचार्य शिवपूजन सिंह परीक्षा इंचार्ज मनीष पाठक उपेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिवयोग जयंती पर निकाली शोभायात्रा, सजाई गई झांकी

**करनैलगंज, गोंडा:** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की 88वीं शिव जयंती मनाई गई। गाड़ी बाजार स्थित केंद्र पर विधि विधान से शिव लिंग पूजन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शिव पार्वती, राम दरबार समेत अन्य देवी देवताओं के रथ सजाकर झांकी निकाली गई।


शोभायात्रा निकालते प्रजापिता ब्रह्मकुमारी के लोग। अमृत विचार

शोभायात्रा में एसडीएम विशाल कुमार ने भी हिस्सा लिया। शोभायात्रा नगर के चौक, स्टेशन मार्ग, बस स्टॉप आदि विभिन्न स्थानों से होते हुए सकरौरा चौराहा स्थित संतोषी माता मंदिर पहुंची। जहां श्रीराम सोनी व आशीष सोनी ने शोभायात्रा का सेवा सत्कार किया और समस्त देवी देवताओं के झांकियों का पूजन किया। इस अवसर पर सुनील पुरी, रमाशंकर गिरी, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, बहन सुनीत, पिंटू मिश्र, अशोक सिंहानिया, राहुल सिंह, सरदार जोगिंदर सिंह जानी, उमेश मिश्र, कन्हैया लाल वर्मा, उग्रसेन मिश्र, अंकित जायसवाल आदि रहे।

# लोकसभा चुनाव की बनाई रणनीति

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कार्यालय पर लोकसभा चुनाव को लेकर ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक की गई। जिसमें सभी उपस्थित ब्लॉक अध्यक्षों ने एक स्वर में पार्टी द्वारा लिए निर्णय संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थिति ब्लाक अध्यक्षों में धर्मराज सिंह ब्लॉक मुजेहना, बेचन लाल ब्लॉक अध्यक्ष पंडरी कृपाल, संतराम पाल विवेकानंद शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष झंझरी, दिलीप वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक, शिव बहादुर सिंह पंचम राम ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर, बृज नारायण पांडे ब्लॉक अध्यक्ष कटरा, डॉ राज बहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज, अतीक खान ब्लॉक अध्यक्ष हलधरमऊ, राकेश सिंह राणा ब्लॉक अध्यक्ष बेलसर, राहुल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष तरबगंज, वेद प्रकाश सिंह ब्लॉक अध्यक्ष परसपुर मौजूद रहे सभी ने पार्टी मे जो उममीदवार घोषित किया है। इस दौरान सेवा दल के अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला, कांग्रेस जिला सचिव सभासद शाहिद अली कुरैशी, मोहम्मद सलीम, शिवेंद्र शर्मा, राजू सेवादल उपस्थित रहे।


कांग्रेस भवन में बैठक करते कार्यकर्ता। अमृत विचार


कथा समाप्ति के बाद कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### कथा समापन के बाद भंडारे का किया आयोजन

**परसपुर, गोंडा :** परसपुर के ग्राम बलमत्थर पूरे टीका मिश्र में आयोजित शिव पार्वती विवाह महोत्सव रूद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के बाद भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान मथुरा वृंदावन के कलाकारों ने सुमधुर भजनों के साथ-साथ एक से बढ़कर एक झांकियों की प्रस्तुतियां दीं। राज कांन्सट्रक्शन कम्पनी एवं राज ट्रेडर्स के संचालक रामजी मिश्रा, राजदत्त मिश्रा डलिहा महाराज के पैतृक आवास प्रयागराज महराज सदन में शिव पार्वती विवाह महोत्सव रूद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। मथुरा वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा ब्रज की फूलों की होली और मयूर नृत्य ने लोगों का आकर्षण चुराया। दर्शकों ने कान्हा और राधा की सजीव झांकी पर फूल बरसाए। इस मौके पर राजदत्त मिश्रा, लल्लन काका, सुभाष मिश्रा, अवधेश मिश्रा, रामजी मिश्रा, चंद्रमौलि मिश्रा, लाल जी मिश्रा, श्यामजी मिश्रा, अशोक तिवारी मोहित तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मंत्री ने चुनाव की तैयारी पर किया मंथन

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** लोस चुनाव के लिए देवीपाटन मंडल के क्लस्टर इंचार्ज बनाए गए पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने लोस क्षेत्र गोंडा के भाजपा की चुनाव संचालन समिति की बैठक की। बैठक में मंत्री ने संगठन के पदाधिकारी के साथ चुनाव की तैयारी पर मंथन किया।



चुनाव संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह।

भाजपा के केंद्रीय लोस चुनाव कार्यालय पर आयोजित चुनाव संचालन समिति की बैठक के मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह ने कहा अब से लेकर मतदान तक हमारी दृष्टि केवल अपने बूथ पर होनी चाहिए। लोकसभा चुनाव हमें संकल्पित होकर लड़ना होगा। उन्होने कहा कि जब तक चुनाव नहीं हो जाता हमारे लिए रामायण और गीता हमारे बूथ की मतदाता सूची ही है। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व का यह निर्णय है कि चाहे जितना भी बड़ा नेता हो अपने बूथ पर उसे पन्ना प्रमुख बनना ही है। "बूथ जीता तो चुनाव जीता" के ध्येय वाक्य पर सजग रहकर कार्य करना है और व्यवस्था एवं प्रबंधन के सारे दायित्व बेहतर ढंग से निर्वहन करने हैं। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप ने की। उन्होने पार्टी कोर कमेटी, लोकसभा प्रभारी व संयोजक, विधानसभा प्रभारी व संयोजक के साथ अलग-अलग बैठक भी की। बैठक को लोकसभा प्रभारी शरद अवस्थी, लोकसभा संयोजक डॉक्टर रंजन शर्मा, लोकसभा प्रत्याशी एवं सांसद कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया, पूर्व मंत्री एवं विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने संबोधित किया।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख मनकापुर जगदेव चौधरी, अध्यक्ष मनकापुर दुर्गेश सोनी, मुजेहना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, पंड़री कृपाल ब्लॉक प्रमुख राजीव सिंह बिट्टू, खरगूपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव रस्तोगी, उतरौला अध्यक्ष अनूप चंद्र गुप्ता, धानेपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि भारत भूषण वर्मा सहित लोकसभा संचालन समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जागरूकता**

**एलएनटी कांस्ट्रक्शन ने आयोजित की वाटर फॉर पीस मैराथन, प्रतिभागियों को मेडल देकर किया गया सम्मानित**

# वाटर फॉर पीस मैराथन में दौड़ लगाकर जल संरक्षण का दिया संदेश

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** जल संरक्षण के संदेश को लेकर रविवार को एलएनटी संस्था की तरफ से रविवार को वाटर फॉर पीस मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में युवाओं ने दौड़ लगाकर लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

जल संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य रविवार को पांच किलोमीटर जागरूकता मैराथन वाटर फॉर पीस का आयोजन किया गया। मैराथन की शुरुआत रघुकुल विद्यापीठ के पास से की गई। यह पांच किलोमीटर की मैराथन जेल रोड से होती हुई झंझरी ब्लॉक में पूरी हुई। जल जीवन मिशन के तहत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जल पहुंचाने के कार्य में लगी संस्था एलएनटी कांस्ट्रक्शन की ओर से आयोजित इस मैराथन में संस्था के कर्मचारियों के साथ अन्य शामिल हुए। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को मैडल देकर सम्मानित भी किया गया। संस्था के इंडस्ट्रीयल रिलेशंस मैनेजर नागेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि आज पानी विश्व स्तर पर एक बड़ा एजेंडा हैं। इसके प्रति संवेदनशीलता बेहद आवश्यक है। इस मैराथन के माध्यम से वैश्विक जल संकट के प्रति समाज और युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। साथ ही, सबके लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई है। संस्था के फाइनेंस मैनेजर रंजन कुमार नायक ने बताया कि वैश्विक जल संकट से ऊबारने के लिए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करने का आवश्यकता है। पानी एक ऐसा प्राकृतिक संस्थान है जिस पर सभी का समान रूप से अधिकार है। इसके साथ ही, इसका संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।


जल संरक्षण के लिए जागरूकता को लेकर मैराथन में प्रतिभाग करते युवा। अमृत विचार

एलएनटी कांस्ट्रक्शन इस दिशा में लगातार कार्यरत है। प्रोजेक्ट निदेशक (पीडी) सुनील कुमार टीसी के संरक्षण में इंडस्ट्रीयल रिलेशंस मैनेजर नागेन्द्र यादव, फाइनेंस मैनेजर रंजन नायक, अंकित सिंह और सैंथिल पांडी द्वारा आयोजन किया गया। मैराथन में सीनियर इंजीनियर अंशुल युवराज, किरन कुमार, दुर्गेश यादव, जसवंत, विशाल शर्मा समेत अन्य शामिल हुए।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

# पुलिस ने केंद्रीय बलों के साथ किया फ्लैग मार्च

**सुरक्षा व्यवस्था**

**लोकसभा चुनाव और त्योहार को लेकर तैयारी में लगे जवान**

जरवलरोड, बहराइच



लखनऊ-बहराइच मार्ग पर फ्लैग मार्च करते पुलिस व केंद्रीय टीम के जवान।

**अमृत विचार :** आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस की तैयारियां जोरों पर हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर चुनाव के मद्देनजर जरवलरोड थाना क्षेत्र में पुलिस और केंद्रीय बल पुलिस क्षेत्र अधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र गौड़ के नेतृत्व में मिलकर फ्लैग मार्च निकालकर कई दर्जन गांवों का सघन भ्रमण किया गया।

संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं है। पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च कर आगामी लोकसभा चुनावों में निडर होकर आम जनमानस से निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया कि भड़काऊ पोस्ट वायरल करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने संवेदनशील इलाकों और संवेदनशील पोलिंग स्टेशनों का अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इसी क्रम में अर्द्धसैनिक बलों के साथ जरवलरोड पुलिस ने थाना क्षेत्र के जरवल रोड बाजार, रेवढा, आदमपुर, तपेसिपाह, अलीनगर, आदमपुर, जतौरा हरचन्दा जरवल आदि क्षेत्रों में केंद्रीय सैनिक बल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश सिंह, लव कुमार सिंह, दिनेश सिंह, आदित्य कुमार, कांस्टेबल रंजय साहनी, व्यासमुनी, अरविंद कुमार रहे।

# आपसी सहयोग से मनाएं सभी त्योहार

विशेश्वरगंज, बहराइच



बैठक को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना परिसर में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई

विशेश्वरगंज थाना परिसर में आयोजित बैठक में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने होली एवं रमजान त्योहारों को सकुशल संपन्न करने की लोगों से अपील की। उन्होंने होलिका दहन स्थल की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि शांति भंग व्यवस्था प्रभावित करने या अराजकता फैलाने वाले को बक्सा नहीं जाएगा। बैठक में भाजपा नेता संजीव तिवारी उपनिरीक्षक शिवम तिवारी, गुलाब सिंह, हरेंद्र बहादुर सिंह, ओमकार यादव, वेद प्रकाश, कैलाश नाथ दूबे, बड़े बाबू, सिराज जैनब बीडीसी, दिनेश सिंह, विष्णु दयाल चौहान, अवधेश आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### खच्चर के हमले में सीतापुर के बालक की मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** श्रावस्ती जिले के भिनगा क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे 4 वर्षीय बालक की खच्चर के हमले में मौत हो गई। सीतापुर जिले के थाना तालगांव अंतर्गत ग्राम अमौरा निवासी मदारू परिवार के साथ श्रावस्ती जिले के भिनगा थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान खातूना बेगम के ईंट भट्ठे पर मछेरवा गांव में ईंट पथाई का काम करते हैं। उनका 4 वर्षीय बेटा अली मोहम्मद भी हाथ बंटाता था। रविवार दोपहर भट्ठे से खच्चर पर ईंट लेकर मदारू जा रहा था। तभी बुग्गी अनियंत्रित हो गई और खच्चर ने उस पर हमला कर दिया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज बहराइच में शाम 4 :00 बजे बालक की मौत हो गई।

### अलाव तापते ग्रामीण झुलसा, रेफर

**महसी, बहराइच, अमृत विचार :** पहिया बौंडी गांव निवासी एक ग्रामीण रविवार को अलाव से जल गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पहिया बौंडी निवासी राम छबीले पुत्र बच्चू लाल रविवार सुबह अलाव तापते समय आग की चपेट में आ गए। जिससे उनका कपड़ा जलने लगा। आसपास के लोगों ने आग बुझाकर उन्हें सीएचसी रमपुरवा में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। ग्रामीण के परिवार के मनीष शर्मा ने बताया कि अलावा तापते समय वह झुलसे हैं।

### आरोपी को भेजा जेल

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने धारा 379/411 के मुकदमें में पंजीकृत चल रहे अभियुक्त बाबू उर्फ जाहिर पुत्र बल्लू दर्जी उर्फ जुमाउद्दीन निवासी सोहरियावा को बस स्टॉप चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# 164.729 करोड़ से चमकेंगी जिले की 29 सड़कें

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 सड़क परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण

**योजना**

**सड़कों के निर्माण से 200 किमी क्षेत्र में आवागमन होगा सुगम**

बहराइच कार्यालय



लाइव प्रसारण में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अमृत विचार



बहराइच में लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के तहत नरेन्द्र मोदी द्वारा आज़मगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में विभिन्न सड़कों का लोकार्पण किया गया। इसका लाइव प्रसारण भी हुआ।

जिले के रामगांव क्षेत्र में रविवार को आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आयोजित हुआ। जिले की 164.729 करोड़ रुपये की लागत से 29 सड़क परियोजनाओं जिसकी लम्बाई 200.92 किमी का लोकार्पण हुआ। मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर ने बताया कि रामगांव रोड पर मुर्गिहा के निकट आयोजित कार्यक्रम में आज़मगढ़ में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की एलईडी वैन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के पश्चात मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने अन्य अधिकारियों के साथ शिलेखों का अनावरण किया। प्रधानमंत्री के संबोधन को लोगों ने सुना। पीएम ने विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। योजना के तहत पेटरहा मार्ग लंबाई 7.000 किमी की 536.66 लाख रुपये, कटाई घाट मार्ग से नेवादा खसहा तमाचपुर मार्ग लंबाई 14.700 किमी की 980.05 लाख रुपये और नौतला मार्ग से मुनीमपुर कला मार्ग लंबाई 6.250 किमी लागत 477.45 लाख समेत 29 सड़कों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी अनिल कुमार सिंह, लोनिवि के अधिशासी अभियन्ता संजीव कुमार वर्मा, सुजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नहीं पहुंचे जनप्रतिनिधि

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में कोई भी जन प्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा। 250 लोगों के लिए लगी कुर्सियां भी पूरी तरह से खाली रही। जिस विधान सभा में कार्यक्रम हुआ, वहां के विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और एमएलसी भी नहीं पहुंचे। इसे लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं।

### इनका हुआ लोकार्पण

- डिहवा मार्ग लंबाई 4 .790 किमी लागत रू. 368 .72 लाख रुपये।
- गोबरहा मार्ग फत्तेपुरवा पटकौली मार्ग लंबाई 7 .500 किमी लागत 565 .53 लाख।
- पीबीबी मार्ग से चिलवरिया वाया घरसवा लंबाई 8 .300 किमी लागत 642 .55 लाख।
- गायघाट से रामपुर धोबिया वैवाही मार्ग लंबाई 16 .000 किमी लागत 1111 .19 लाख।
- मटेहीकलां से लौकाही मार्ग लंबाई 5 .050 किमी लागत 391 .72 लाख।
- गोपिया मार्ग से लालपुर चादाझार मार्ग लंबाई 6 .000 किमी लागत 466 .32 लाख रुपये।
- सुजौली मार्ग से जंगल गुलहरिया मार्ग लंबाई 4 .950 किमी लागत 256 .91 लाख रुपये।
- गूढ हरखापुर से शोभापुरवा सेंट्रल स्टेट फार्म वाया बगिया लंबाई 11 .000 किमी लागत 840 .11 लाख।

### स्टेयरिंग फेल होने से ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, एक की मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** ईंट गांव छोड़कर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली का स्टेयरिंग फेल हो गया जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। उसके नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिला निवासी अच्छीराम पुत्र रतन भट्ठे पर ईंट ढोने का काम करते हैं। शनिवार शाम को ईंट छोड़ने महसी तहसील के महराजगंज गए थे। ईंट छोड़कर वापस आ रहे थे। रात में 10 बजे के आसपास राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुकेरिया के पास स्टेयरिंग फेल होने से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई जिसके नीचे दबकर अच्छीराम की मौत हो गई। गांव निवासी श्रमिक मनीराम पुत्र रतन और इरशाद पुत्र भुराऊ घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची राम गांव पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि स्टेयरिंग फेल होने से हादसा हुआ।

# भाजपा सरकार में पिछड़े जनपद का धब्बा हटा: सांसद

मुर्तिहा, बहराइच



मधवापुर गांव में उपवन सभागार का भूमि पूजन करते सांसद अक्षयवर लाल गोड।

**अमृत विचार :** जिले के मधवापुर ग्राम सभा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति उपवन में सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोड ने 23 लाख से बनने वाले सभागार का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। उसके उपरांत उपस्थित ग्रामीण को संबोधित किया।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा पहले बहराइच जिला पिछड़े जिलों में आता था। लेकिन जब से डबल इंजन की सरकार बनी है, तब से शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार ने काफी काम किया। रेलवे की ब्रॉड गेज लाइन हो चाहे रेल लाइनो को बड़े शहरों से जोड़ने का कार्य, सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है ,तथा गांव-गांव मे सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। आज बहराइच जिला भी विकास की राह पर अग्रसर है। पिछड़े जिले का धब्बा हट गया है। सरकार द्वारा बिना भेदभाव के चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को प्राप्त हो रहा है। जिन पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं प्राप्त हो रहा है वह लोग अपना आवेदन कर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मोदी सरकार द्वारा गरीब कल्याण अन्नयोजना के तहत सभी कार्ड धारकों को फ्री में राशन मिल रहा है जिससे कोई गरीब भूखा ना सोए। मोदी सरकार महिलाओं को प्रतिशत आरक्षण देने के साथ सभी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। जिसमें महिलाएं समूह बनाकर सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदान से आत्मनिर्भर बन रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री वीर चंद्र वर्मा, श्रवण कुमार मद्धेशिया ,जवाहर पांडे, विक्रम सिंह, शिवकुमार शुक्ला, बलराम मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि प्रेमचंद राजभर, धीरज गोड़, विकी गोंड, निक्की गोड सहित तमाम भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कंचन कॉन्वेंट के बच्चों ने मारी बाजी



लखनऊ में सम्मानित किए गए छात्र। अमृत विचार

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** कंचन कॉन्वेंट स्कूल, कैसरगंज के 5 छात्र-छात्राओं ने आयोजित इंडियन इंटेलिजेंस टेस्ट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। रविवार को सभी सफल प्रतिभागियों को लखनऊ के सेंट जोसेफ कॉलेज मे आयोजित एक समारोह के तहत उन्हें मेडल व प्रशस्तिपत्र पत्र देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ के सेंट जोसेफ कॉलेज में आयोजित समारोह में वरिष्ठ आईएएस अनुज झा के साथ अन्य अधिकारियो ने विद्यालय की छात्रा आकांक्षा श्रीवास्तव ,नुजहत फातिमा, आयुष गुप्ता, इकरा शेख व आस्था शुक्ला सहित विभिन्न स्कूलो के 50 से अधिक छात्र-छात्राओ को सम्मानित किया। विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि सोमवार को विद्यालय में समारोह आयोजित कर इंडियन इंटेलिजेंस टेस्ट के सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

### वृद्धों को वितरित किया मिष्ठान और खाद्य सामग्री



वृद्धा आश्रम में वृद्धों के साथ संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के अमीनपुर नगरौर में स्थित वृद्धा आश्रम में रविवार को मिष्ठान और खाद सामग्री वितरित किया गया। शमा फाउंडेशन द्वारा वितरित सामान पाकर वृद्ध काफी खुश दिखे। अमीनपुर नगरौर स्थित वृद्धा आश्रम में उपस्थित वृद्धजनों को मिष्ठान और खाद सामग्री वितरित की गई। फाउंडेशन की डायरेक्टर शमा परवीन ने वृद्धाश्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया। टीम ने बुजुर्गों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उनके मन के भाव को प्रकट करने का मौका दिया। वृद्धाश्रम में करीब 100 से अधिक संख्या में बुजुर्ग उपस्थित रहे। टीम में मोहम्मदअल्ताफ, मुशीर, ममता यादव, विन्दय वासिनी, नेहा द्विवेदी, रश्मि पांडेय,कृष्ण कुमार, तृप्ति ,पूजा ,वंदना सदस्य उपस्थित रहे। वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिलीप कुमार द्विवेदी को पुनीत कार्य के लिए सम्मान पत्र प्रदान किया। साथ ही वृद्धाश्रम के संरक्षक कृष्ण कुमार, वृद्धाश्रम महिला अधिकारी रिंपी शुक्ला, रीना मिश्रा, पूनम शुक्ला आदि के पुनीत कार्य के लिए सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

### स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्रों के चेहरे



स्मार्ट फोन के साथ छात्राएं व मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** नगर पंचायत रूपईडीहा में स्थित सीमांत डिग्री कॉलेज के छात्र और छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। साथ ही उसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सीमान्त महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के विभाग प्रचारक सर्वेश और अनुज सिंह प्रचार्य सरस्वती शिशु मंदिर, वृजनरेश श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष विद्या भारती रहे। नोडल अधिकारी रमेशचंद्र सोनकर, दुर्गेश श्रीवास्तव आदि ने 212 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए। अंत में कॉलेज के प्रबंधक डॉ. कौशलेंद्र पांडेय ने छात्रों को स्मार्ट फोन प्रयोग करने का तरीका भी बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए ही छात्र स्मार्ट फोन का उपयोग करें जिससे उनके ज्ञान का उपयोग पढ़ाई में हो सके।

### बुजुर्ग ने रेंजर समेत 6 के विरुद्ध कोतवाली में दी तहरीर



**मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** धर्मपुर वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी पर बाघ के खाल में जेल भेजने की धमकी देकर सुलह करने का आरोप लगा है। बुजुर्ग घायल ग्रामीण ने रेंजर समेत छह लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत धर्मापुर निवासी मलखे पुत्र सोहराब ने कोतवाली में तहरीर दी है उनका कहना है कि धर्मपुर वन रेंज के रेंजर मोबिन आरिफ, मुंशी धनंजय, हसन अली, सलीम, पंडित और सुनील मुंशी के द्वारा उन्हें छह मार्च को मिहीपुरवा बस अड्डे से ज्यादती से वाहन में बैठा लिया गया। इसके बाद बेटे के पुराने मामले को लेकर 50 हजार की घूस मांगी गई। पांच हजार रुपए देने और शेष 11 मार्च को भुगतान करने की बात कहते इसका विरोध करने पर सभी ने उसकी जमकर पिटाई की, इसके बाद छोड़ दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने पुलिस का केस बताते हुए इलाज नहीं किया। 65 वर्षीय बुजुर्ग का कहना है कि शनिवार को वह कोतवाली में जब पहुंचा तो रेंजर ने बाघ के खाल में जेल भेजने की धमकी दी, इसके बाद जायद्दती से सुलह करवा लिया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक अमीतेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले में सुलह हो गया है। अगर सुलह न होता तो उसकी जांच की जाती।

### सिंगल चालक और परिचालकों में करें परिवर्तन

**बहराइच, अमृत विचार :** परिवहन विभाग में जिन वाहनों में डबल-क्रू के मुस्लिम चालक व परिचालक वाहनों का संचालन कर रहे हैं, उन्हें सिंगल-क्रू में परिवर्तन करने के निर्देश दिए गए हैं। रोडवेज विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि रमजान पर्व आने में कुछ ही दिन शेष है। इसे देखते हुए विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिस बस पर डबल क्रू के मुस्लिम चालक व परिचालक तैनात हैं, उन्हें सिंगल-क्रू के चालक-परिचालक के साथ परिवर्तित करने का निर्देश दिया गया है जिससे रमजान के समय निगम को स्थगन का सामना न करना पड़े और मुस्लिम चालकों-परिचालकों को भी दिक्कत न हो।

# मेडिकल स्टोर में लगी आग दवाएं जलकर हुईं राख



आग लगने से मेडिकल की दुकान में जला समान। अमृत विचार

**उर्रा, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कबेलपुर चौराहे पर स्थित मेडिकल स्टोर की दुकान में देर रात आग लग गई। दुकान में रखी दवा जलकर राख हो गई।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उर्रा के मजरा कबलेपुर निवासी प्रमोद कुमार मौर्य की मेडिकल स्टोर की दुकान चौराहे पर है। देर रात दुकान के ऊपरी हिस्से में आग लग गई। देखते ही देखते दुकान का सारा सामान जल गया। सुबह जब वह 8 बजे दुकान खोलने पहुंचे, तब आग लगने की जानकारी हुई। इस पर उन्होंने ग्राम प्रधान, लेखपाल और पुलिस को जानकारी दी। आग लगने का कारणों का पता नहीं चल सका है।

### कैसरबाग में बस नहीं रुकने पर होगी कार्रवाई

**बहराइच, अमृत विचार :** बहराइच डिपो से चलने वाली रोडवेज बसों को कैसरबाग बस अड्डे पर न ले जाकर बाहर से ही कानपुर की यात्रा करवाई जा रही है। इसको लेकर एआरएम ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है। बहराइच रोडवेज बस अड्डे से कानपुर के लिए बसों का संचालन होता है। लेकिन परिवहन विभाग की ओर से संचालित बस के चालक और परिचालक लखनऊ में स्थित कैसरबाग बस अड्डे पर बस ना ले जाकर बाहर से ही कानपुर की यात्रा यात्रियों को करवाते हैं। इससे कैसरबाग डिपो से यात्री न तो चढ़ पाते और न ही उतर पाते हैं। इसकी जानकारी परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक को हुई तो उन्होंने इस पर सख्ती दिखाते हुए नोटिस जारी किया है। एआरएम प्रेम कुमार ने बताया कि लखनऊ के कैसरबाग जो बस नहीं जाएंगे, उनके चालक और परिचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# अब ऑनलाइन बनेंगे मेडिकल फिटनेस

संवाददाता, बहराइच

**जागरूकता**

**एप्लीकेशन नंबर उपलब्ध कराने पर आगे बढ़ेगी प्रक्रिया**

**अमृत विचार :** जिले में अभी तक ऑफलाइन मेडिकल फिटनेस ही बनती थी। लेकिन अब ऑनलाइन आवेदन के बाद नंबर से मेडिकल फिटनेस की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। ऑनलाइन आवेदन न करने वाले पत्रों पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा। इसके लिए नोटिस भी जारी की गई है।

प्रदेश सरकार की ओर से सभी सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। उसी के तहत अब जिले में मेडिकल फिटनेस बनवाने लोगों को भी ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार गौतम ने बताया कि जिले में लोग हर काम के लिए ऑफलाइन आवेदन करते हैं। लेकिन अब सरकार के नियमों के अनुसार मेडिकल रिपोर्ट के बाद मेडिकल फिटनेस भी ऑनलाइन बनेगी। सीएमओ ने बताया कि मेडिकल फिटनेस बनवाने के लिए आवेदक को यूपी हेल्थ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन के एप्लिकेशन नंबर को ऑफिस में उपलब्ध कराना होगा। इसके बाद ही मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। बिना ऑनलाइन आवेदन और एप्लीकेशन नंबर के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

### सब कुछ होगा ऑनलाइन



केंद्र व प्रदेश सरकार ऑनलाइन सुविधाओं को आगे बढ़ा रही है। आगे जाने के लिए लोगों को सहयोग करने की जरूरत है। मेडिकल रिपोर्ट के बाद मेडिकल फिटनेस के लिए ऑनलाइन आवेदन जरूरी है। इसके लिए up.health.in पर आवेदन कर एप्लीकेशन नंबर उपलब्ध कराएं। समय से मेडिकल फिटनेस जारी होगा।

–बृजेश सिंह, डीईएचओ

**दिया संदेश** किसान पीजी कॉलेज में विशेष शिविर के दूसरे दिन एनएसएस के छात्रों ने झाड़ू लगाकर उठाया कूड़ा

# सब रोगों की एक दवा, घर में रखो साफ-सफाई

बहराइच कार्यालय




जागरूकता रैली में शामिल एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

**अमृत विचार:** किसान पीजी कॉलेज में एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन सभी स्वयंसेवकों ने व्यायाम के साथ दिन की शुरुआत की। कार्यक्रम अधिकारी सी 1डी सिंह विशेन ने स्वच्छता और प्लास्टिक प्रदूषण पर सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजय प्रताप सिंह ने सभी स्वयंसेवकों का आह्वान करते हुए सर्वप्रथम अपने कॉलेज कैंपस को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान चलाया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिषेक सिंह ने प्लास्टिक हटाओ देश बचाओ का नारा लगाते हुए सभी बच्चों से इस मुहिम को जन आंदोलन में बदलने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारियों के साथ सभी स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक बोतल, रैपर और पन्नी इकट्ठा करते हुए भविष्य में प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने की शपथ ली। द्वितीय प्रहर सभी स्वयंसेवक अपने चयनित ग्राम ताज खोदाई के लिए प्रस्थान कर गए। सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते हुए ताज खोदाई, बहादुरपुर, मजनुआ, उडवन पुरवा ग्रामों में भ्रमण किया। सभी छात्रों ने 'हम सब ने ये ठाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, सब रोगों को एक दवाई घर में रखो साफ सफाई, क्लीन सिटी ग्रीन सिटी, यही हमारा ड्रीम सिटी, स्वच्छता ही सेवा, गंदगी जानलेवा है' जैसे उदघोष के साथ उत्साह पूर्वक भ्रमण करते हुए गांव में मिलने वाले व्यक्तियों को साफ-सफाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे विषयों पर जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी ने स्वच्छता पखवाड़े के मूल्यों से जन को जागरूक किया और स्वयंसेवकों से आगे भी इसी उत्साह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### जांच में मिले बुखार और सर्दी से पीड़ित रोगी



स्वास्थ्य मेले में जांच करते चिकित्सक।

**रामगांव, बहराइच, अमृत विचार :** क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में रविवार को मुख्यमंत्री अरोग्य मेले का आयोजन हुआ। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की इलाज कर दवा दी। ज्यादातर लोग बुखार और सर्दी से पीड़ित मिले। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा, रमपुरवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढी.पट्टी , खैराबाजार, बडनापुर, समेत कीर्तनपुर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित हुआ। आरोग्य मेले में मरीजों की जांच कर उपचार दिया गया। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में सुबह से ही मरीज पहुंचने शुरू हो गए थे। मेले में खांसी, सर्दी, जुखाम, बुखार, शुगर, बीपी और त्वचा संबंधी मरीज पहुंचे। तेजवापुर सीएचसी अधीक्षक डॉ .अभिषेक अग्निहोत्री ने बताया कि रमपुरवा सीएचसी समेत पांच पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित हुआ। जिसमें चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज कर नि :शुल्क दवा दी गई है। आरोग्य मेले में डॉ .आनंद कुमार, आयुष चिकित्सक डॉ .अकबाल खान, डॉ .अविनाश सिंह, डॉ . नीलमणि त्रिपाठी, अनुराधा कुशवाहा, फार्मासिस्ट ओमप्रकाश सिंह, एलटी अशोक कुमार गुप्त, एएनएम बबिता, पवन, सुनीता समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### भेड़िया के हमले में बालिका घायल, पिंजड़ा लगाया गया

**महसी, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के औराही गांव निवासी बालिका पर जंगली भेड़िया ने हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम औराही निवासी काजल (10) पुत्री विक्रम शनिवार शाम खेत जा रही थी तभी जंगली भेड़िया ने हमला कर दिया। बालिका ने लोटे से हमला किया जिस पर भेड़िया चला गया। बालिका को सीएचसी में भर्ती कराया गया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### मोटर दुर्घटना के 59 वादों का हुआ निस्तारण

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ था जिसमें रिकॉर्ड 143639 वादों का निस्तारण हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के मामलों को की सुनवाई संजीव कुमार त्यागी पीठासीन अधिकारी द्वारा किया गया। 59 वादों का निस्तारण किया गया।

### छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** रुपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम निधिनगर पोखरा निवासी भुराउ उर्फ दिलीप सोनकर पुत्र जिलेदार के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार को टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### किसान को सांप ने डंसा

**बहराइच, अमृत विचार :** देहात कोतवाली के खोरिया सफीक गांव के बाहर शनिवार शाम खेत की रखवाली कर रहे किसान को सांप ने डंस लिया। किसान की जानकारी पर परिवार के लोगों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उसका इलाज चल रहा है।

# राहगीरों के लिए सड़क किनारे के गड्ढे बने मुसीबत

**लापरवाही**

▸▸ हर घर जल पहुंचाने में कर दिया सड़कों का बुरा हाल

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर जल पहुंचाने के लिए करोड़ों की लागत से बनी सड़कें गड्ढों में तब्दील हो रहीं है।इस ज्वलंत समस्या से जहां जिम्मेदार अंजान बने हैं वहीं गड्ढा युक्त सड़कों पर गिरकर आये दिन लोग चोटिल हो रहे हैं।सड़कों को खोदकर पाइप डालने वाले ठेकेदार अच्छी भली सड़कों को बर्बाद कर उन्हें उबड़ खाबड़ हालत में छोड़कर ठेके की तय शर्तों को पूरा करने को नजरअंदाज कर रहें हैं।


नगर पंचायत में खराब सड़क में अनियंत्रित हुई डीसीएम। अमृत विचार

पयागपुर नगर पंचायत के मौजूदा समय में हर सड़कों की हालत बहुत खराब हो गई है,स्वच्छ जल की आस में लोगों को सुगम मार्ग के दौर से मरहूम होना पड़ रहा है।नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पाइप डालने का कार्य जारी है। नगरवासी प्रीतम विश्वकर्मा, शेरू शर्मा,सतीश तिवारी आदि लोगों का कहना है कि ठेकेदार सड़कों को उजाड़ कर पाइप डालने के बाद गड्ढे को मिट्टी से पाटकर चले जाते हैं,नतीजन मिट्टी धीरे धीरे बैठने लगती है और सड़कों के किनारे गड्ढे हो जाते है,जिसमे आये दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि शर्तों के मुताबिक ठेकेदारों को सड़कों को पाट कर उखड़ी इंटरलॉकिंग को पुनःसेट करना होता है लेकिन जिमेदारों की उदासीनता के कारण ठेकेदार द्वारा ऐसा नही किया जा रहा है।जिससे लाखों की लागत से बनी सड़कें उबड़ खाबड़ व गड्ढा युक्त हो गईं हैं। रविवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास एक वाहन गड्ढे में फंस गया,गनीमत है कोई अनहोनी नही हुई। यही आलम रहा तो यह गड्ढे किसी दिन बड़ी दुर्घटना को अंजाम देंगे।

# घर में घुसकर सास-पुत्रवधु से मारपीट मामले में केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार:** घर में घुसकर सास व पुत्रवधु से मारपीट मामले में पुलिस ने मारपीट की धाराओं मे केस दर्ज किया है।

नवाबगंज थाने के बेलवाभारी गांव निवासी 45 वर्षीय रीता देवी पत्नी धनपत के घर में बुधवार सुबह लगभग 9 बजे आधा दर्जन बकरियों ने घुसकर नुकसान कर दिया जिस पर घर में सफाई कर रही रीता देवी ने दौड़कर बकरियों को घर के बाहर खदेड़ दिया। इससे नाराज बकरी पालने वाले इतवारी, छबीले, बुद्धी पुत्रगण तीरथ, हुसैनी पुत्र बालक राम ने घर में घुसकर रीता देवी से मारपीट की। उसे बचाने दौड़ी पुत्रवधु 20 वर्षीय खुशबु पत्नी सर्वेश, बेटी 17 वर्षीय मनीषा को जमकर मारापीटा जिसके चलते तीनो घायल हो गए। घायलो को थाने लाने पर पुलिस ने रीता देवी व खुशबु का मेडिकल कराया। रीता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जल निगम दफ्तर का चौकीदार ही कराता था सरिया चोरी, 3 गिरफ्तार

## चोरी की 45 क्विंटल सरिया बरामद, चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली की जब्त

रिसिया, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के ग्राम पंचायत बलिदानपुरवा में जल जीवन मिशन का सरिया सुरक्षा में लगा चौकीदार ही चोरी करवाने लगा। पुलिस ने केस दर्ज 45 क्विंटल चोरी हुई सरिया ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ बरामद किया है। चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं चौकीदार समेत दो लोग फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है।

रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बलिदानपुरवा में जल जीवन मिशन का सरिया डंप है। गांव निवासी दिलशाद अहमद के


पुलिस ने की गिरफ्त में आरोपी चोर।

मकान में हैदराबाद की जीवीआर कंपनी का सरिया काफी मात्रा में रखा है। इस सरिया का उपयोग हर घर जल योजना में किया जा रहा है। परियोजना का अन्य सामान भी रखा हुआ है। कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नवीन कुमार रेड्डी के द्वारा फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मरौचा निवासी कमलेश गुप्ता पुत्र राजू गुप्ता और बबलू पुत्र परशुराम निवासी खोरिया शफीक कोतवाली देहात को सुरक्षा कर्मी और चौकीदार बनाया गया था। लेकिन चौकीदारों की ओर से ही साथी फिरोज, साहिल उर्फ सूफियान और फरहान के साथ मिलकर सरिया चोरी की जा रही थी। काफी मात्रा में सरिया चोरी हो गई। जिसकी शिकायत पुलिस को की गई। प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। चोरी के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगाया गया। प्रभारी निरीक्षक के साथ उप निरीक्षक कन्हैया दीक्षित, राजेश कुमार, दीवान दिलीप कुमार यादव, हेड कांस्टेबल संदीप दुबे और दुर्गा प्रसाद चौहान की टीम ने रविवार को पंचपुरवा से चकिया समय जाने वाले मार्ग पर दबिश दी। वहां से पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदा चोरी का 45 क्विंटल सरिया बरामद किया। बरामद सरिया को सीज कर दिया गया है। जबकि चोरी में संलिप्त रिसिया थाना क्षेत्र के देवीपुरा मोहल्ला निवासी फिरोज पुत्र रोशन खां, मटेरा के बिबियापुर गांव निवासी साहिल उर्फ सूफियान और राम गांव के बसौना माफी गांव निवासी फरहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि फरार चौकीदार कमलेश गुप्ता और बबलू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि गिरोह में और भी सदस्य हो सकते हैं जिनके संबंध में छानबीन की जा रही है।

# अस्पताल में नहीं हो रहा प्राइवेट मेडिकल

**भटक रहे वादकारी**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** स्टेट मेडिकल कॉलेज में 6 माह से अधिक समय बीत गया है अब प्राइवेट मेडकोलीगल नहीं हो रहा है। जिसके चलते वादकारी मेडिकल के लिए भटक रहे हैं। उनके लिए कोई इंतजाम स्वास्थ्य विभाग की ओर से नहीं किया जा रहा है। इसका नतीजा है कि पीड़ित को कोर्ट के आदेश के बाद भी मेडिकल करवाने के लिए भटकना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय पर स्टेट मेडिकल कॉलेज संचालित है। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध होने से पूर्व जिला अस्पताल में सरकारी और प्राइवेट मेडिकल जांच होती थी। लेकिन जब से जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में संबद्ध हुआ है, तब से यहां की व्यवस्थाएं बदलती जा रही हैं। इसका आलम है कि मेडिकल कॉलेज में अब प्राइवेट मेडिकोलीगल नहीं हो रहा है। ऐसे में जो व्यक्ति पीड़ित है और चोट खाया है पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। कोर्ट के आदेश पर मेडिकल करवाने का आदेश दिया जा रहा है, उसे भी मेडिकल से वंचित रहना पड़ रहा है। पीड़ित न्याय के लिए कहां जाए, यह एक सवाल है। लगभग आठ माह से पूरी तरह से प्राइवेट मेडिकल जांच पर अंकुश लगा हुआ है। सीएमओ डा राजेश कुमार का कहना है कि सीएचसी में लोग मेडिकल करा सकते हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने बताया कि अब जिला अस्पताल नहीं है, मेडिकल कॉलेज में प्राइवेट मेडिकल नहीं हो सकता । यह रोक सितंबर से लगी थी।

**वैकल्पिक व्यवस्था जरूरी**

जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज में तब्दील होने के चलते प्राइवेट मेडिकल नहीं हो रही है। इससे किसी भी पीड़ित को कोड के आदेश के बाद भी न्याय नहीं मिलेगा। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था जरूर होनी चाहिए जिससे कोर्ट के आदेश पर कम से कम पीड़ित को न्याय मिल सके। मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही पुलिस केस दर्ज करने के साथ धाराएं बढ़ाती है।

**-अरशद कुद्दुस, अधिवक्ता, दीवानी न्यायालय**

**अप्रैल में आएगा परिणाम**

**बहराइच, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए बालिका और बालिका विहान विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा दी थी। श्रम अधिकारी सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि 25 फरवरी को प्रवेश परीक्षा हुई थी। अप्रैल में इसका परिणाम आएगा। सफल अभ्यर्थियों को नि :शुल्क प्रवेश के साथ शिक्षा दी जाएगी। अटल आवासीय विद्यालय का संचालन गोंडा जिले के मनकापुर में हो रहा है।

# जनता के हितों की रक्षा को सरकार प्रतिबद्ध

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कटरा स्थिति नवनिर्मित एयरपोर्ट का लोकार्पण किया है। कार्यक्रम के तहत कटरा स्थित नवनिर्मित एयरपोर्ट परिसर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर 'गुरु', सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्रा, सदस्य विधान परिषद पद्मसेन चौधरी, सदस्य विधान परिषद प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक रामफेरन पांडेय, जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के उप सचिव कुमार सौरभ राज (आईएएस), पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश सरकार नागरिकों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए अनेक कल्याकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत आज प्रधानमंत्री द्वारा आजमगढ़ से नवनिर्मित हवाई अड्डो का लोकार्पण किया गया। सदस्य विधान परिषद डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार तेजी से विकास कर रही है। नए हवाई अड्डे का संचालन शहर के अवसंरचना विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। यह अत्याधुनिक सुविधा, न केवल यात्रा अनुभव को बेहतर बनाएगी; बल्कि आर्थिक विकास, पर्यटन और हवाई संपर्क सुविधा को भी बढ़ावा देगी। अंत में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व आम जनमानस को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राजकुमार त्रिपाठी ने किया। इस दौरान जिलाधिकारी बलरामपुर अरविंद सिंह, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार, एयरपोर्ट अथारिटी के महाप्रबंधक केएल अग्रवाल, निदेशक एयरपोर्ट अथारिटी श्रावस्ती कुमार ज्ञानू आदि मौजूद रहे।

# संविलियन विद्यालय में हजारों की चोरी

**बहराइच, अमृत विचार:** देहात कोतवाली के संविलियन विद्यालय घरसवां में शनिवार रात चोरों ने पांच कमरों के ताले तोड़ डाले। चोरों ने तीन बैटरी, यूपीएस 36 बीडीसी, ओपीएस कंप्यूटर की इंस्टॉल्ड विंडोज, एंटीवायरस, एमडीएम डिजिटल कॉन्टैक्ट, बैटरी से जुड़ी एक केबल, 10 लीटर का कुकर एक बड़ी परात स्टील की चोरी कर ले गये। करीब 50 हजार की चोरी का अनुमान है। बताया जा रहा है कि 26 फरवरी को भी विद्यालय के रसोईघर का ताला तोड़कर चोर दो सिलेंडर चोरी कर ले गए थे। इनकी सूचना खंड शिक्षा अधिकारी चितौरा व थाना देहात कोतवाली को दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# प्राकृतिक खेती के टिप्स सीख सहारनपुर से लौटे किसान

**बहराइच, अमृत विचार:** सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आतमा) योजना के तहत सहारनपुर के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की प्रेरणा से 31 किसानों का दल रविन्द्र बर्नवाल प्रभारी आत्मा के नेतृत्व में बहराइच आया। किसानों ने बहराइच व नानपारा कृषि विज्ञान केन्द्र और प्रगतिशील कृषकों के फार्म पर भ्रमण कर नवीनतम तकनीक और नवाचार से रूबरू हुए।

किसानों का दल मिहींपुरवा विकास खण्ड के प्रगतिशील किसान शिवशंकर सिंह के फार्म पर प्राकृतिक विधि से उत्पादित काला नमक धान के विषय में जानकारी लिया। प्राकृतिक विधि से लगे गेहूं की फसल को देखकर जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल से सम्मानित नैनिहा के किसान राम प्रवेश मौर्य के खेत के फसल को देखकर खरीफ के प्याज के विषय में जानकारी ली। आमदनी के मुख्य स्रोत सब्जी की नर्सरी को देखकर नर्सरी लगाने की विधि, प्राकृतिक रूप से उपचार, गुणवत्तापूर्ण नर्सरी तैयार कर बिक्री के विषय पर चर्चा की। किसानों ने प्राकृतिक खेती के फार्म को देखकर सह फसल, बागवानी में हल्दी, अदरख, जिमीकंद, मसाले की फसलों के विषय में चर्चा की। मिहींपुरवा के किसान मनीष कुमार, अनिल, राम प्रवेश आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शिक्षा, स्वास्थ्य, और उद्योग पर होगा ज्यादा से ज्यादा प्रयास


प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की उपलब्धियां गिनाते साकेत मिश्रा व मौजूद अन्य।

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** रविवार को भाजपा द्वारा घोषित 58 लोकसभा श्रावस्ती के प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रावस्ती, बलरामपुर अति पिछड़ा जनपद है सबसे पहला काम मेरा ऐसा होगा कि मैं यहां की शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्थाओं में बेहतर सुविधाएं और सुधार लाएं। जब जनपद की शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था सही होगी तभी बाहरी उद्यमी अपना उद्योग इस जनपद में स्थापित करेंगे जिससे जिले के लोगों को रोजगार मिलेगा। जो लोग रोजी-रोटी के लिए बाहर जाते है और अपने परिवार का गुजारा चलाते हैं उन्हें जनपद में उद्योग स्थापित हो जाने पर बाहर नहीं जाना होगा। इस दौरान श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडेय व विधान परिषद सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी,पदम सेन चौधरी, रालोद जिलाध्यक्ष राज कुमार ओझा, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि राम मनोहर तिवारी, अवधेश पांडेय,सदन तिवारी,सोनू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### राशिद अली बने प्रदेश मीडिया प्रभारी

**बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तारकेश्वर नाथ यादव ने संगठन का विस्तार करते हुए जनपद बहराइच निवासी राशिद अली को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया है। साथ ही मोहम्मद आकिब को जिला मंत्री बहराइच बनाया है। बता दें कि इससे पहले भारतीय किसान यूनियन भानू संगठन मे राशिद अली प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर जोन व मोहम्मद आकिब मंडल संगठन मंत्री थे। इन लोगों ने संगठन से इस्तीफा देकर भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति का दामन थामा है।

### गणित की शिक्षा सरल भाषा में दें शिक्षक


ब्लॉक संसाधन केंद्र में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**रामगांव, बहराइच, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र तजवापुर में बुनियादी साक्षरता और गणित भाषा की समझ को लेकर शिक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है। इसका समापन शनिवार शाम को हुआ। विकासखंड तजवापुर के ब्लॉक संसाधन केंद्र में चार दिवसीय प्रशिक्षण शांयकाल को समाप्त हुआ। यह प्रशिक्षण 8 फरवरी से प्रारंभ होकर 9 मार्च तक कुल 12 बैच में संपन्न किया गया। 559 अध्यापकों,शिक्षामित्रों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान एनसीएफ-2022 के सुझावों को ध्यान में रखते हुए गणित विषय व भाषा के आधारभूत सिद्धांतों से अवगत कराया गया। भाषा और गणित से संबंधित 25 सप्ताह की वार्षिक कार्य योजना के साथ साप्ताहिक कार्य योजना में दैनिक कालांशों में किस तरह कार्य किया जाना है, इससे अवगत कराया गया। चार दिवसीय प्रशिक्षण के संदर्भ दाता डॉ . नंदकुमार शुक्ला, डॉ .सगीर अहमद, अनूप कुमार मिश्र, सुनील कुमार सिंह,मोहम्मद हलीम रहे। प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में कराया गया।

# चिकित्सा कैंप में 400 मरीजों ने कराई जांच

मोतीपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** विकास खंड मिहीपुरवा के चौधरी गांव में अशोक आशा फाउंडेशन के तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज लखनऊ से आए हुए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्याम मद्धेशिया और डॉ.शिवम मद्धेशिया न्यूरोसर्जन किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, लखनऊ ने करीब 400 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही उन्हें जागरूक भी किया7 निःशुल्क प्रशिक्षण में मौके पर ही कुछ मरीजों को दवाइयां भी बांटी गई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए लोगों को समझाया गया।

कैंप के दौरान डॉ. शिवम ने कहा वर्तमान में ठंडा गरम का जो मौसम चल रहा है, इस समय वायरल फीवर बहुत ज्यादा पैर पसार रहा है। इस बीमारी से बचाव के लिए बच्चों और बुजुर्गों को काफी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के समय बुजुर्गों व बच्चों का ध्यान रखना जरूरी होता है। जरा सी लापरवाही उन्हें बीमारी की चपेट में ले सकती है। कैंप में आए ज्यादातर मरीज न्यूरो पेशेंट के मिले। कैंप में सहयोगी के तौर पर सचिन, अखिल अहमद, गोविंदा, अशोक कुमार मद्धेशिया, जमाल खान, अब्दुल सलाम मौजूद रहे।

# एसपी ने सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी में दिए निर्देश

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** रविवार को पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन/अपराध गोष्ठी की। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि पुलिसकर्मियों के लिए बने आवासीय परिसर व बैरकों पर विशेष रूप से साफ-सफाई, बिजली-पानी की उचित व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन पर विशेष ध्यान दिया जाए।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की उपलब्धियां गिनाते साकेत मिश्रा व मौजूद अन्य। अमृत विचार

एसपी ने सैनिक सम्मेलन के दौरान थानों से आए बीट पुलिस आरक्षियों से चुनाव की तैयारियों को लेकर बीट क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। इस दौरान थाना भिनगा क्षेत्र से आरक्षी संजीव भारती, आरक्षी राजू सिंह ने क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों तथा क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्रों के बारे में सटीक जानकारी बताई। पुलिस अधीक्षक ने आगामी चुनाव व त्योहार को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर बैरियर लगाकर चेकिंग करने, मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करने निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी इकौना सन्तोष कुमार, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, समस्त थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

**आयोजन** — ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज में हुआ सुगमकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

# बालिकाओं की क्षमता विकास करना जरूरी

बाबागंज, बहराइच

**अमृत विचार :** विकास खंड नवाबगंज के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों, संविलियन विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं की नेतृत्व क्षमता विकास एवं सशक्तिकरण के लिए सुगमकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज में आयोजित हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संदर्भदाता श्वेता वर्मा, राकेश कुमार मौर्या व संदीप मल्होत्रा ने प्रतिभागियों को बालिका सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता विकास की जानकारी दी।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

पावर एंजेल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता विकास विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाता श्वेता वर्मा तथा राकेश मौर्या ने प्रतिभागियों को पोषण, जेंडर लिंगभेद, स्वास्थ्य शिक्षा, माहवारी, विद्यालय में ठहराव, नामांकन प्रवेश से सामंजस्य, बाल विवाह विद्यालय प्रबंधन, आपदा प्रबंधन तथा जलवायु परिवर्तन आदि विषयों पर रोचक कहानियों ,नाट्य मंचनों के द्वारा जानकारी दी गई। साथ ही साथ शारीरिक क्रियाविधियों, गतिविधियों एवं पाठ्यक्रम को आपस में जोड़कर विषयों को सिखाने का प्रशिक्षण दिया। संदर्भदाता संदीप मल्होत्रा द्वारा प्रगति के पंख के 12 सत्रों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता विकास में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक व संविलियन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

# 15 हजार से कम आवेदन आए तो कार्रवाई : डीएम

**बहराइच, अमृत विचार:** घरों को नवीकरणीय ऊर्जा योजना से रोशन करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा 13 दिसंबर 2023 को लॉन्च की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जनपद में क्रियान्वयन की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा हुई।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समीक्षा में पाया कि लक्ष्य 15000 हजार से कम आवेदन आए हैं। इस पर उन्होंने कम प्रगति पर विद्युत विभाग व वैकल्पिक ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लोगों को योजना के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। लक्ष्य से दूर रहने पर डीएम ने कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने सुझाव दिया कि जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों, प्रगतिशील किसानों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जाएं। बताया कि सोलर रूफटाप स्थापना के लिए जन समर्थ पोर्टल के लिंक जनसमर्थ डॉट इन.सोलर.रूफ. टॉप. स्कीम पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए कोई भी अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर पर जाकर पीएम सूर्य घर एप व आइओएस पीएम-सूर्य घर एप डाउनलोड कर सकता है।

### हमले में वृद्ध घायल

**बहराइच, अमृत विचार :** देहात कोतवाली के चंदनापुर सिकड़िया निवासी 45 वर्षीय ननकू पुत्र बेंचे लाल कंक्रीट मिक्सर रखे है। वह शनिवार रात कही छत ढालकर ट्रैक्टर से मिक्सर मशीन लेकर देहात कोतवाली के बहराइच-सीतापुर हाईवे के चेतरा गांव से निकल रहे थे। इसी दौरान किसी ने ईंट फेंककर मारा जो उनके सिर पर लगा। वह लहुलुहान होकर गिर पड़े। साथ मौजूद अन्य श्रमिक लेकर मेडिकल कॉलेज आए।

**आवश्यकता है**

अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये अयोध्या शहर से एल के जी से इंटर तक के लिए सभी विषयों के योग्य एवं अनुभवी शिक्षक / शिक्षिकाओं की ।

**गायत्री पब्लिक स्कूल**
रेवतीगंज, ब्लॉक हैरिंग्टनगंज, अयोध्या
8090420051, 9415387756
Email:
rsshuklagps@rediffmail.com
gpsayodhya@gmail.com

## एक नजर

### शिव मंदिर की स्थापना पर हुआ कीर्तन व भंडारा

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के विकास खंड कूरेभार के उमरी गांव में महाशिवरात्रि के दिन नवनिर्मित शिव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना हुई। 24 घंटे का ओम नमः शिवाय जाप पाठ किया गया। हवन-पूजन के बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उमरी गांव के समाज सेवी रवि शुक्ल ने सभी भक्तों की मदद से दिव्य शिव मंदिर की स्थापना कर सपत्नीक प्राण प्रतिष्ठा की व पूजा अर्चना में भाग लिया। डॉ. डीएस मिश्रा, राजेश शुक्ल, स्पेक्ट्रम ग्रुप के चेयरमैन आनंद सावरण, सुभाष चंद्र सोनी, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

### वॉलीबॉल में सुलतानपुर की टीम चैंपियन

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के हनुमान गढ़ी परिसर में एक दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन करमेंद्र प्रताप सिंह ने किया। प्रतियोगिता में स्थानीय टीम सहित 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला हनुमान गढ़ी व सुलतानपुर टीम के बीच खेला गया। सुलतानपुर ने 1-0 से हनुमानगढ़ी को पराजित किया। मौके पर रवी प्रकाश सिंह, दीपक, सानू, देवांश आदि मौजूद रहे।

### बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में लगा भंडारा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के विवेक नगर के बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर लोक कल्याण ट्रस्ट पर रविवार को भंडारा आयोजित किया गया। मुख्य आयोजक समाजसेवी शिवमूर्ति पांडेय रहे। वीरेंद्र सिंह, पारसनाथ शर्मा, अरुण कुमार, विजय सिंह, अमित शुक्ल, शुभम तिवारी, राजेंद्र तिवारी, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, अशोक शुक्ल, एडवोकेट शिवाकृष्ण पाण्डेय, सुभाष शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सुलतानपुर लोकसभा सीट पर फेल रहा सपा का हर हथकंडा

## जीत के मुकाम तक नहीं पहुंच सके बाहरी और स्थानीय प्रत्याशी, अब तक लड़े छह चुनावों में मिली शिकस्त, इस बार पार्टी को इंडिया गठबंधन का भरोसा

**मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** सुलतानपुर लोकसभा सीट पर अब तक सपा का हर हथकंडा फेल रहा है। सपा ने यहां बाहरी और स्थानीय दोनों तरह के प्रत्याशियों पर दांव लगाया, लेकिन कोई भी उसे जीत के मुकाम तक नहीं पहुंचा सका। विधानसभा चुनाव की तुलना में देखें तो पार्टी भी लोकसभा चुनाव को लेकर कम ही गंभीर दिखी। प्रत्याशियों ने भी मैदान में उतरने की औपचारिकता पूरी की और उसके बाद सियासी परिदृश्य से गायब हो गए। जो बाहरी प्रत्याशी लड़े, हारने के बाद उनका जिले से कोई मतलब नहीं रहा। जो स्थानीय थे, वे पूरे जिले में अपनी व्याप्ति नहीं बना सके। कुछ नेता दल ही छोड़ गए। इस बार समाजवादी पार्टी को इंडिया गठबंधन का भरोसा है।

लोकसभा चुनाव 2024 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर किसी दल ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन सभी दलों के संभावित प्रत्याशी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। यहां पर भाजपा और सपा के उम्मीदवारों पर सबकी नजर है। गठबंधन के सहारे कांग्रेस के सहयोग से इस बार मैदान में उतरने वाली समाजवादी पार्टी को यहां अब तक छह बार चुनाव में मायूस ही होना पड़ा है।

1996 में पहली बार पार्टी ने तत्कालीन जिलाध्यक्ष कमरुज्जमा फौजी को सुलतानपुर में सपा के कंडीडेट के तौर पर चुनाव लड़ाया। इस चुनाव में उनके सामने भाजपा के उम्मीदवार बाबरी विध्वंस के समय फैजाबाद के पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) थे। राय को 2,38,843 और निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के कमरुज्जमा फौजी को 1,20,559 वोट मिले। इस तरह सपा इस चुनाव में रनर रही। 1998 में इलाहाबाद की मेयर रीता बहुगुणा जोशी को सपा ने मैदान में उतारा। इस चुनाव में भी सपा कंडीडेट को 2,05,503 वोट प्राप्त हुए और वे उपविजेता ही रही। भाजपा के उम्मीदवार देवेंद्र बहादुर राय 2,69,951 वोट पाकर लगातार दूसरी बार जिले के सांसद बने।

1999 में अंबेडकरनगर के विधायक राम लखन वर्मा को समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया, लेकिन वे भी नतीजा नहीं बदल सके। इस चुनाव में भी सपा को दूसरे नंबर से ही संतोष करना पड़ा। बसपा के जय भद्र सिंह 1,73,558 वोट पाकर विजयी रहे तो उपविजेता सपा के राम लखन वर्मा को 1,58,959 वोट प्राप्त हुआ। 2004 में समाजवादी पार्टी ने स्थानीय प्रत्याशी पर दांव आजमाया और एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह को चुनाव लड़ाया। नतीजा फिर वही रहा। शैलेंद्र प्रताप सिंह 1,59,754 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे। बसपा के मो. ताहिर खां 2,61,564 मत पाकर विजयी हुए। इसके बाद 2009 में सपा ने पूर्व विधायक अशोक पांडेय को चुनाव लड़ाया, लेकिन लगातार जनाधार खो रही पार्टी को इस चुनाव में तीसरे नंबर पर जाना पड़ा। कांग्रेस से डा. संजय सिंह 3,00,411 वोट पाकर सांसद बने तो बसपा उम्मीदवार मो. ताहिर खां 2,01,632 मत पाकर दूसरे नंबर रहे। 2014 में पार्टी ने स्थानीय प्रत्याशी पर फिर दांव लगाया और शकील अहमद को मैदान में उतारा। इस चुनाव में भी साइकिल को तीसरा स्थान हासिल हुआ। भाजपा के वरुण गांधी जीत दर्ज कर जिले के सांसद बने। उन्हें इस चुनाव में 4,10,348, दूसरे नंबर पर बसपा के पवन पांडेय को 2,31,446 और तीसरे नंबर पर सपा उम्मीदवार शकील अहमद को 2,28,144 मत प्राप्त हुए। 2019 के चुनाव में बसपा का सपा के साथ गठबंधन था, तो सुलतानपुर बसपा खाते में थी और हाथी चुनाव निशान से यहां चंद्रभद्र सिंह सोनू चुनाव लड़े थे। इस चुनाव में भाजपा की उम्मीदवार मेनका संजय गांधी ने जीत दर्ज की थी। इसी तरह यहां पर आज तक लोकसभा के किसी भी चुनाव में साइकिल को जीत हासिल नहीं हुई है।




### सुलतानपुर लोकसभा सीट का रिजल्ट

| उम्मीदवार | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| **वर्ष : 1996** | | |
| देवेंद्र बहादुर राय | भाजपा | 2,38,843 |
| कमरुज्जमा फौजी | सपा | 1,20,559 |
| **वर्ष : 1998** | | |
| देवेंद्र बहादुर राय | भाजपा | 2,69,951 |
| रीता बहुगुणा जोशी | सपा | 2,05,503 |
| **वर्ष : 1999** | | |
| जय भद्र सिंह | बसपा | 1,73,558 |
| राम लखन वर्मा | सपा | 1,58,959 |
| पवन पांडेय | निर्दलीय | 1,29,525 |
| दीपा कौल | कांग्रेस | 82,385 |
| **वर्ष : 2004** | | |
| मो. ताहिर | बसपा | 2,61,564 |
| शैलेंद्र प्रताप सिंह | सपा | 1,59,754 |
| कैप्टन सतीश शर्मा | कांग्रेस | 1,54,245 |
| वीणा पांडेय | भाजपा | 91,328 |

### सुलतानपुर लोकसभा सीट का रिजल्ट

| उम्मीदवार | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| **वर्ष : 2009** | | |
| डॉ. संजय सिंह | कांग्रेस | 3,00,411 |
| मो. ताहिर | बसपा | 2,01,632 |
| अशोक पांडेय | सपा | 1,07,895 |
| सूर्यभान सिंह | भाजपा | 44,425 |
| **वर्ष : 2014** | | |
| वरुण फिरोज गांधी | भाजपा | 4,10,348 |
| पवन पांडेय | बसपा | 2,31,446 |
| शकील अहमद | सपा | 2,28,144 |
| अमिता सिंह | कांग्रेस | 41,983 |
| **2019** | | |
| मेनका संजय गांधी | भाजपा | 4,58,196 |
| चंद्रभद्र सिंह सोनू | बसपा | 4,44,670 |
| डा. संजय सिंह | कांग्रेस | 41,681 |

(2019 चुनाव में बसपा का सपा से गठबंधन था। सीट बसपा कोटे में थी।)

## घर में घुसे चोर समेट ले गए माल

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** शनिवार की देर रात चोर घर के अंदर घुसकर लाखों के जेवरात तथा नगदी चुरा कर फरार हो गए। सुबह उठने के बाद जब घर वालों को जानकारी हुई तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल की लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच शुरू की।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर भिटार निवासी संजीव यादव ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत करवाया कि शनिवार की रात लगभग 11 बजे तक हम लोग जाग रहे थे, उसके कुछ देर बाद सो गए। सुबह जब सो कर उठे तो मम्मी ने बताया कि कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा हुआ है। जब ठीक से तहकीकात की गई तो पता चला कि घर का आवश्यक सामान, जेवरात तथा 50 हजार नगदी लेकर कर फरार हो गए थे। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर आई और जांच की।

## ताला तोड़ चोरों ने उड़ाए लाखों के आभूषण व नकदी

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** चोरों ने नगर कोतवाली पुलिस को फिर चुनौती दी है। दिन दहाड़े ही नगर के घरहां क्षेत्र में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर व कैश उड़ा दिए हैं। पीड़ित परिवार जब घर पर पहुंचा तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


चोरी के बाद बिखरा सामान।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सैफुल्लागंज के निवासी मेराज अहमद पुत्र रियाज अहमद ने नगर कोतवाली के घरहां खुर्द मोहल्ले में अपना मकान बनवाया है। मेराज किसी काम से लखनऊ निकल चले गए तो पत्नी सितारा बानो और पुत्र गुफरान अहमद ताला बंद कर अपने निजी आवास सैफुल्लागंज चले गए। जब मेराज अहमद अपने घर शाम को वापस आए तो देखा की घर के अंदर के घुसने वाला ताला टूटा है। उनके साथ उनकी बेटी भी थी। बेटी भागकर जल्दी से अंदर कमरे की ओर गई तो दंग रह गई। उसकी आवाज पर जब मेराज अंदर घुसे तो उनके होश उड़ गए। बॉक्स का ताला टूटा हुआ था। सारा सामान बिखरा पड़ा था। मेराज की मानें तो उनके घर में नवंबर में शादी है। जिसको लेकर धीरे-धीरे घर में तैयारी चल रही थी। उन्होंने बताया लगभग 10 लाख के जेवर और कुछ कैश पर चोरों ने हाथ साफ किया है। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## वीरेंद्र को सूचना आयुक्त बनाए जाने पर जताया हर्ष

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** गोपालपुर बिजेथुआ निवासी वीरेंद्र सिंह वत्स को उत्तर प्रदेश का सूचना आयुक्त बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। रामबरन पीजी कॉलेज के प्रबंधक अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्हें बधाई दी गई। इस दौरान प्राचार्य डॉ इंदू सुभाष, डॉ. अजय त्रिपाठी, प्रशासक संजय सिंह, डायरेक्टर अमर प्रताप, डॉ सिंदूलता त्रिपाठी, इस्माइल खान आदि रहे।

## युवक का फंदे से लटकता मिला शव

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचार :** रविवार की सुबह कमरे में युवक का लटकता शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को उतरवा विधिक कार्यवाही में जुटी है।

कुड़वार थाना क्षेत्र कुड़वार ग्राम पंचायत के पूरे रघुनाथ मिश्र (शुकुल का पुरवा) निवासी लालमणि शुक्ला का 30 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार शुक्ला शनिवार की शाम परिजनों के साथ भोजन के बाद अपने कमरे में सो गया। रविवार की सुबह जब आलोक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन जब उसके कमरे की तरफ गए तो अवाक रह गए। देखा कि आलोक का शव कमरे में लगी लोहे की सरिया मे साड़ी के सहारे लटक रहा था। आलोक का शव लटकता देख परिजनों मे कोहराम मच गया। रोने की आवाज सुन पहुंचे पड़ोसियों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कब्जे में ले लिया। मृतक आलोक की पत्नी प्रियांशी मायके गई हुई थी। अभी करीब दो माह पहले उसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। सूचना पर पहुंची प्रियांशी व माता पिता व बड़े भाई गुड्डू का रो रो कर बुरा हाल है। आलोक के मौत की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग तरह तरह के कयास लगा रहे हैं। कुड़वार थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि शव का पंचनामा भर विधिक कार्यवाही की जा रही है।


रोते-बिलखते परिजन व इनसेट में अशोक की फाइल फोटो। अमृत विचार

## सुनील बने सपा युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के बनके गांव निवासी सुनील कुमार यादव एडवोकेट को समाजवादी युवजन सभा का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया है। पेशे से अधिवक्ता सुनील कुमार यादव की पार्टी के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए जिला अध्यक्ष शिवमंगल तिवारी ने जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। उनके मनोनयन का पूर्व विधायक भगेलू राम, विधानसभा अध्यक्ष रंजीत यादव उर्फ रंजू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव, अलीम राइन एडवोकेट सहित अन्य ने स्वागत किया है।

## उधार वापस लौटाने के बजाय दी धमकी, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जरुरत पर उधार देना महंगा पड़ गया। वापस मांगने पर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी। थकहार पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र करौंदिया देहात (अवधपुरी) निवासी राजकुमार दूबे ने तहरीर में बताया कि बल्दीराय थाना क्षेत्र के केवटली गांव निवासी दुर्गेश कुमार मिश्रा ने उधार पैसा मांगा था। काफी मिन्नत पर 4 फरवरी 2023 को 18 हजार व एक लाख 16 हजार बैंक खाते में, 22 फरवरी को 90 हजार रुपए नगद, 9 जून 2023 को 49 हजार रुपए कुल मिलाकर 2 लाख 73 हजार रुपये उधार दिया था। दुर्गेश ने मार्च में वापस लौटने की बात कही थी। पैसा वापस मांगने पर हीलाहवाली करने लगे। काफी निवेदन पर दुर्गेश ने दो लाख रुपए का चेक 23 अगस्त को दिया। खाते में लगाए जाने पर चेक बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने पर जब पीड़ित दुर्गेश मिश्रा से मिला तो उसने पैसा देने से इनकार कर गाली-गलौज देते हुए धमकी भी दी कि अगर पैसा मांगोगे तो मार देंगे। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## फोर लेन का फिर शुरू हुआ सर्वे, जल्द होगा निर्माण कार्य

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** जिला मुख्यालय को जाम से निजात दिलाने के लिए सांसद मेनका संजय गांधी ने टेढुई से गोलाघाट तक फोर लेन के निर्माण की बात कही थी। बीते 13 दिसंबर को एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह के साथ टेढुई में शिलान्यास भी किया था। जिसका सर्वे कार्य फिर शुरू हो चुका है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।

> राजस्व विभाग का सर्वे कार्य पूरा हो चुका है, सड़क निर्माण कार्य का सर्वे हो रहा है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो हो जाएगा।
> **-संतोष मणि तिवारी,** अधिशासी अभियंता, लोनिवि

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद मेनका गांधी की पहल पर प्रदेश सरकार ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड ने गोलाघाट से टेंडुई तक सड़क को टू-लेन से फोरलेन में तब्दील करने की योजना बनाई थी। योजना के तहत लोनिवि शासन को करीब 80 करोड़ की धनराशि का प्रस्ताव शासन को भेजा। जिस पर शासन ने लोनिवि से इस्टीमेट मांग लिया। शासन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत परियोजना को हरी झंडी देकर 67 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति दे दी।

## खाटू श्याम के भजनों पर रातभर झूमते रहे श्रोता

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** श्याम सत्संग मंडल की ओर से आयोजित किए गए 23वें श्याम फाल्गुन महोत्सव में खाटू के प्रसिद्ध धाम में विराजित बाबा श्याम के मंदिर के अद्भुत श्रृंगार दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने यहां राधे जी की रसोई में बाबा का प्रसाद चखा, खाटू द्वार के साथ सेल्फी ली। बालाजी म्यूजिकल ग्रुप व राष्ट्रीय कलाकारों के भजनों का आनंद लिया।

श्याम प्रेमियों ने शहर के एक निजी मैरिज लॉन में बाबा खाटू श्याम का दरबार सजाया। बालाजी म्यूजिकल ग्रुप के राजवीर श्रीवास्तव के संयोजन में नीमच मध्य प्रदेश के भजन कलाकार सावन नागदा व इंदौर की गौरी शरण ने बाबा खाटू श्याम के भजनों की गंगा बहाई। यहां देर रात तक बाबा खाटू श्याम के दर्शनों का सिलसिला चलता रहा। लोग बाबा के भजनों पर झूमते नजर आए। यहीं पर श्री राधे की रसोई का आयोजन किया गया था, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद चखा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के तौर पर बाबा खाटू श्याम के दरबार के मुख्य द्वार वाला सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। जहां राजस्थानी पगड़ी व बाबा का निशान लेकर तस्वीर खिंचवाई। चरण पादुका के काउंटर पर कार्यकर्ताओं की मुस्तैदी देखते ही बनती थी। हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा, खाटू सरकार की जय तीन बाणधारी की जय, शीश के दानी की जय के नारे गूंजते रहे। दिल्ली के कलाकारों ने भगवान श्री राम की झांकी व योगेश्वर प्रभु श्री कृष्ण के महारास का मंचन किया। झांकी कलाकारों के साथ जिलेवासी भी महारास के रंग में डूबे दिखे। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के डीआईजी राजेंद्र पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के मंडल सचिव अमर बहादुर सिंह, गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, अनिल द्विवेदी, हिमांशु मालवीय, राजदेव शुक्ल, विजय विद्रोही, मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


श्याम फाल्गुन महोत्सव में आकर्षक झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**कार्यक्रम** जनपद की पांचों विधानसभाओं में 99.17 करोड़ से निर्मित हैं 149.64 किमी सड़क

## पीएम ग्रामीण योजना की 25 सड़कों का लोकार्पण

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ में भाजपा की ओर से आयोजित जनसभा से जनपद की 25 नवनिर्मित सड़कों का वर्चुअल लोकार्पण किया। जनपद के कुड़वार विकास खंड के भंडरा प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण के समय बटन दबाकर अमजनता को नवनिर्मित सड़कों को समर्पित किया।

रविवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से निर्मित नई सड़कों के लोकार्पण का कार्यक्रम लोक निर्माण विभाग खंड 01 द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह रहे। संचालन विभाग के लिपिक गोकुल प्रसाद यादव द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री ने ठीक 12 बजे आजमगढ़ से प्रदेश की कई परियोजनाओ का लोकार्पण किया। उसी समय पर इसौली विधानसभा के कुड़वार विकास खंड के भंडरा प्राथमिक विद्यालय पर पीएमजेएसवाई योजना से बनी भदहरा प्रतापपुर संपर्क मार्ग पर आयोजित जनपदीय कार्यक्रम में एमएलसी सहित अधिकारियों द्वारा बटन दबाकर जिले की पांचों विधानसभा की नव निर्मित 25 सड़कों का लोकार्पण किया। एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश व केंद्र की सरकार द्वारा सभी योजनाओं का बिना भेदभाव के आम जनता को लाभ दिया जा रहा है। समापन के समय पहुंचे इसौली विधायक ताहिर खां चंद बातें कह कार्यक्रम से निकल लिए। जनपद के अन्य माननीयों ने कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। इस दौश्रान पीएमजीएसवाई के अधिशाषी अभियंता विजय चंद्रा, एई सुरेश कुमार सिंह, जेई धर्मेंद्र कुमार, वेद प्रकाश कश्यप, आरईएस के अधिशासी अभियंता केके मिश्रा, एई आलोक कुमार सिंह आदि रहे।


सड़कों का शिलान्यास करते एमएलसी, विधायक व अन्य। अमृत विचार

## ढाबे के पास खड़ी कार में दूसरी कार ने मारी टक्कर

**लंभुआ, सुलतानपुर**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेदूपारा बाईपास के निकट मनभावन ढाबे के पास खड़ी वैगनार कार में पीछे से आ रही अनियंत्रित अर्टिगा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया।

अर्टिगा कार के ड्राइवर विनय तिवारी ने बताया कि गुजरात प्रदेश के अहमदाबाद के रहने वाले रमेश भाई ने अयोध्या से काशी दर्शन करने के लिए अर्टिगा कार गाड़ी बुकिंग की थी। जिसे अयोध्या से काशी विश्वनाथ दर्शन करने के लिए लेकर जा रहे थे। रास्ते में झपकी आने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े वेगनार वाहन में जाकर टकरा गई, जिसमें दर्शन करने जा रहे मीनाबेन, कनिका बेन तथा रमेश भाई तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ में चल रहा है। सड़क किनारे खड़े वाहन के स्वामी सिद्धार्थ सिंह, सुजीत सिंह, रतन सिंह ने बताया कि हम लोग मनभावन होटल के पास खाना खा रहे थे। तभी पीछे से अर्टिगा कार ने मेरी गाड़ी में टक्कर मार दी जो खाई में जाकर पलट गई।

## सार-संक्षेप

### आईपीएस बन गांव लौटी किरन यादव का स्वागत


आईपीएस बन अपने गांव लौटी बिटिया का किया गया जोरदार स्वागत।

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आईपीएस बनने के बाद क्षेत्र की बिटिया किरन यादव पहली बार गांव पहुंची तो जोरदार स्वागत किया गया। ब्लाक क्षेत्र के पदारथपुर उपाध्याय गांव की निवासी किरन यादव 2020 की संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने के बाद 392वीं रैंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की थी। उन्हें आईपीएस संवर्ग में उत्तर प्रदेश कैडर प्राप्त हुआ था। किरन के पिता शत्रुघ्न यादव पंजाब के चंडीगढ़ में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं और उनकी मां मंजू यादव कुशल गृहणी हैं। किरण के भाई सूरज सिंह यादव कनाडा में जाब करते हैं। किरन की पढ़ाई चंडीगढ़ में हुई है। वर्तमान में किरन लखनऊ में असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर के पद पर तैनात हैं। रविवार को वह आईपीएस बनने के बाद पहली बार अपने पति के साथ अमित यादव के साथ गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रो. रामसहाय यादव, सूर्यलाल यादव, प्रधान शारदा देवी, प्रदीप सिंह, चिंतामणि यादव, डा. सरोज यादव, श्रवण यादव, नन्हे मिश्र आदि रहे।

### दो किलो गांजा और तमंचे के साथ तीन गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान पठखौली रोड से संतोष कुमार उपाध्याय निवासी ग्राम फरमापुर थाना चांदा और सर्वेश मिश्रा निवासी कस्बा कोईरीपुर मोहल्ला हनुमान नगर थाना चांदा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। दूसरी ओर बल्दीराय पुलिस टीम ने बघौना बड़ी नहर पुल से वलीपुर रोड मोड़ से उमाकांत यादव पुत्र पारसनाथ यादव निवासी गोठवा मजरे बघौना को नाजायज एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस जिंदा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उसको जेल भेज दिया।

### अयोध्या दर्शन को गए चार सौ व्यापारी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के लगभग चार सौ व्यापारियों ने प्रभु श्री राम का दर्शन करने के लिए अयोध्या रवाना हुए। रविवार को कस्बे के पटेल चौक पर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने चार सौ व्यापारियों के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या में प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए रवाना किया। इस अवसर पर जय श्री राम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। मौके पर दीपक अग्रहरि, नन्हेलाल कसौधन, उत्कर्ष मोदनवाल, यश अग्रहरि ,विनोद अग्रहरि, शिवम अग्रहरी, लक्ष्मीकांत गुप्ता आदि रहे।

### बिना बर्तन भोजन बनाना सिखाया गया

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** केदारनाथ सिंह मेमोरियल ट्रस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग करौंदिया में डीएलएड 2023 प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं का स्काउट और गाइड पांच दिवसीय परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर का रविवार को हर्षोल्लासपूर्ण समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिवस का प्रारम्भ माता सरस्वती व स्व. बाबू केएन सिंह की प्रतिमा पर संस्थान की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो पुष्पा सिंह, डॉ चित्र पांडेय व डॉ ऋतू सिंह ने माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट गाइड प्रार्थना, स्काउट गाइड ध्वजारोहण व ध्वज गीत के साथ हुआ। सभी प्रशिक्षुओं ने गुलाब टोली, कमल टोली व कोयल टोली में विभक्त होकर अपनी अपनी टोली के कार्य को संपादित किया। प्रशिक्षक गौरव सिंह, आदर्श शुक्ल व मनदीप शुक्ल ने स्काउट और गाइड को बिना किसी उपकरण के स्टेचर बनाना, किसी मरीज या दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना आदि क्रिया-क्लाप किए गए।

**मुईद अहमद पी0जी0 कालेज, दोस्तपुर, सुलतानपुर**

**में आवश्यकता है**

प्राचार्य – 01 पद

**स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में–** उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।

**स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में–** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो पता लिखे लिफाफे के साथ पी0जी0 कालेज के पते पर सम्पर्क करें।

मो0 नं0 7311115152, 8601042694 अध्यक्ष – मुईद अहमद

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# ईसी के इस्तीफे पर सवाल

लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा बहुत सारे सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि उनके इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। परंतु उनका इस्तीफा अप्रत्याशित तो है ही। विपक्षी दलों ने रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या केंद्र सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर, 2027 तक था और अगले साल फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बन जाते। गौरतलब है कि अरुण गोयल 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला था। उनकी नियुक्ति विवादों में थी क्योंकि अपनी नियुक्ति से पहले यानी 18 नवंबर 2022 को ही उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन 3 अगस्त 2023 को मंजूरी दे दी गई। गोयल पिछले पांच वर्षों में पद छोड़ने वाले दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अशोक लवासा ने एशियाई विकास बैंक में शामिल होने के लिए 2020 में इस्तीफा दे दिया था। फरवरी माह में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति और गोयल के इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग समिति में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। यानि लोकसभा चुनाव से पहले भारत का चुनाव आयोग पूरी तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त के हाथों में आ गया है। कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ मतभेद के कारण अरुण गोयल को इस्तीफा देना पड़ा। पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त संसदीय चुनावों की तैयारियों की निगरानी के लिए, कई राज्यों के दौरे पर थे। अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ रहे। गोयल ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों के बारे में मीडिया को जानकारी देने के लिए कोलकाता में प्रेस कांफ्रेंस में भाग लेने से इनकार कर दिया था। सीईसी ने उल्लेख किया था कि गोयल स्वास्थ्य संबंधी कारणों से दिल्ली लौट आए थे। अब उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोयल ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है जब चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर देनी है और लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। ऐसे में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त सारी जिम्मेदारियों को अकेले कैसे निपटाएंगे क्योंकि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में आमतौर पर समय लगता है।

# भारत की विरासत में रचा-बसा है वैज्ञानिक दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है।

भारत के आमजन में विज्ञान के प्रति समझ की भारी कमी है और विकसित देशों के लोगों में यह अधिक है। परन्तु कोई भी बौद्धिक यह स्पष्ट नहीं कर पाता कि कौन से विज्ञान की समझ कम होने की बात वे करना चाहते हैं? देशज और पारंपरिक विज्ञान की अथवा, मॉडर्न एवं अत्योन्नत आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की। 'आमजन', 'टेम्परामेंट', 'विज्ञान', 'साईंस पॉपुलराईज़ेशन', 'पॉपुलर साईंस एंड टेक्नालजी' में मूर्त और अमूर्त का ख्याल और मजमून अर्थात टेंजिबल और ईंटेंजिबल कंटैंट को समझना है तो विज्ञान के देशज और आधुनिक दोनों ही प्रकार के इतिहास को समानांतर रूप से समझना होगा और देशज शब्दावली को भी अपने प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन के जरिए से जानना होगा।

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है। इन दोनों में अन्वेषण की प्रक्रियाओं और मूल प्रवृत्तियों में क्या भेद है, इसने मनुष्य की समझ में किस प्रकार का और मात्रात्मक रूप से कैसे और कितना इजाफा किया, जानना भी आमजन के लिए अब जरूरी हो गया है। उदाहरण के लिए कृषि क्षेत्र में 21 फसलों के लिए मिनिमम सपोर्ट-प्राइस के कांसेप्ट के उदय में परिवार और समाज का ताना-बना, पर्यावरणी और मौसमी घटकों के बाद साइंस और टेक्नोलॉजी तो है ही लेकिन मानव व्यवहार और इकोनॉमिक्स की अपेक्षाकृत इसमें प्रबल भूमिका है जिसे आमतौर से कम महत्व मिला है। इन तत्वों के दृष्टिगत गहन परीक्षा किए जाने के उपरांत भी किसान इसलिए अशांत है कि प्रत्येक घटक अपनी जगह कायम होने के बावजूद किसान का जीवन-यापन कठिनता से होता है। इसीलिए इस मामले को सुलझाने के लिए हमें नए घटक तलाशने होंगे और किसान के जीवन से जुड़े हर उस पहलू को बचाना होगा जिससे देश की फूड सिक्यूरिटी के अलावा इनके कल्याण का मामला संबद्ध है। इसी से जुड़ा हुआ एक मसला है फसलों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी कीट-पतंगों के जीवन चक्र को पेस्टिसाइड के इस्तेमाल से नष्ट कर देना जिसके बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं किया गया। परिणाम को देखकर अब उन कीट-पतंगों और क्षेत्र-रक्षक जीवों को फिर से इंट्रोड्यूस करने की कवायद जारी है जिन्हें किसान और फसलों का 'शत्रु' करार दिया गया था।

> आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। आमजन और स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया गया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं। कोशिश की जाती कि कुछ घंटे के लिए या एक दिन के लिए माहौल को 'विज्ञानमयी' बनाया जाए ताकि इसका स्मृति-अंश उपस्थित आमजन के जीवन में प्रवेश करे और इसकी छाप दैनंदिन दिखाई दे। ऐसा करने से उपस्थित जनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होने का अनुमान तो होता है लेकिन इसे कभी आंशिक रूप से मापा नहीं गया है जैसे कि हमारे घरों में पारंपरिक रसोई में फ़ूड प्रसंस्करण की प्रक्रिया के वैज्ञानिक लाभ या फिर पैर में डाले वाले जाने वाले अनेक प्रकार के उन जूतों की बनावट और इनके असर को ज्ञात करना जो सिंथेटिक या नेचुरल मेटेरिअल से बने होते हैं। जूतों को रक्षात्मक कवच के तौर पर पहनने के लिए और आहार को पेट भरने से अधिक आमजन कुछ अधिक नहीं जानना चाहते। मन में साइंटिफिक इंवेस्टिगेटर बनने के लिए रुझान तो पैदा हो सकता है, लेकिन वह वैज्ञानिक बन कर कोई खोज या अन्वेषण कर सकेगा या रोजमर्रा के जीवन में वैज्ञानिक जानकारी का प्रयोग भी एक व्यक्ति करेगा, यह 'प्रीडिक्ट' करना नामुमकिन है। विज्ञान की समझ पैदा करना अर्थात पब्लिक अंडरस्टेंडिंग ऑफ़ साइंस और विज्ञान का एकतरफा 'लोकप्रियकरण' दो अलग स्थितियां हैं। इन दो किस्म के आयोजनों में विषयों और ऑब्जेक्ट्स की और ऑडियंस की भिन्नता ही दृष्टिगत नहीं रहती वरन विज्ञान के इतिहास, हमारे जीवन में इसके क्रिटिकल रोल, वैज्ञानिक अनुसंधान की डायनामिक्स, ऐसी समस्याओं की पहचान की पद्धति जिन्हें वैज्ञानिक रीति से सुलझाने के लिए स्टडीज की डिजाईनिंग किस प्रकार से की जा सकती है, इस बारे में जानकारी का संप्रेषण और ग्रहण, वैज्ञानिक शोध के प्रकाशन के तौर-तरीकों, डेटा मैनेजमेंट एंड सिक्यूरिटी और व्यावहारिक विज्ञान और, वैज्ञानिक विमर्श में क्रिटीकैलिटी जैसे महत्वपूर्ण नुक्तों को छुआ तक नहीं जाता। नए ज्ञान का सृजन करने के लिए स्वतःस्फूर्त पड़ताल प्रक्रिया की प्रवृत्ति और पैनी निगाह का युवजनों में विकसित होना देश में वैज्ञानिक प्रगति के मौजूदा मुकाम से आगे निकलने के लिए अत्यावश्यक है। जाहिर है सन 1929 से ही देश में राजनैतिक नेतृत्व के लिए यह विमर्श का विषय रहा है। इस आशय का पहला संदेश लाहौर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन के दौरान प्रथम प्रधानमंत्री बने जवाहरलाल नेहरु ने देश के लोगों के सामने रखा था।

विज्ञान दिवस जैसे आयोजन का तात्पर्य मनोरंजन और भाषण बाजी नहीं बल्कि दीर्घ काल से पोषित और संवर्द्धित होती रही उस भावना को ताजा करने की एक प्रक्रिया मात्र है जो भारत की विरासत में रचा-बसा है। इसीके अंतर्गत देश के लिए नेशनल साइंस पालिसी डॉक्यूमेंट में उचित समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते रहे। विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना के ड्राफ्ट में ही उक्त आशय के लिए एक नीति निर्देश नेहरू जी ने डलवा दिया था। यह सब इस बात से अधिक ताल्लुक रखने वाला है कि उक्त निर्देश का पालन करने के लिए देश में किस किस्म के प्रोग्राम डिजाईन किए जाने जरूरी समझे गए और इनका क्या असर जनमानस पर हुआ। निश्चित रूप से यह बढ़ा है, जैसा कि तीस-बत्तीस वर्ष पूर्व नेशनल कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन द्वारा प्रायोजित एक सर्वेक्षण से मालूम हुआ था जिसे प्रयाग में संपन्न हुए महाकुंभ मेले के दौरान सूचनाएं जुटाने के बाद की गई एनालिसिस ने जाहिर किया। विभिन्न आयोजनों के अंतराल के बीच भारत सरकार ने देश में कुछेक स्थानों पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च जैसे संस्थानों की स्थापना की है और प्रांतीय स्तर पर राज्य कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की भी, परन्तु राज्य स्तर के संस्थान विज्ञान लोकप्रियकरण के मामले में बेहद सुस्त पाए गए हैं जिनकी राज्यवार स्थापना का कार्य सन 1871 से ही शुरू हो गया था। पाया गया कि इन कौंसिल्स का विज़न 'फ्रैक्चर्ड' अर्थात विखंडित रहा जिसकी वजह इनका सुस्त रवैय्या रहा। अपने राज्य के लोगों में विज्ञान के प्रति रुझान को उत्तरोत्तर बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संवारने और संवृद्ध करने में इनमें से अधिकांश नाकामयाब रहे हैं। इनसे बढ़िया असर तो 'विज्ञान एक्सप्रेस' रेलगाड़ी का रहा जिसे पहली बार सन 2007 से 2010 और पुनः सन 2011 से 2014 तक पूरे देश में 100 स्टेशनों पर दो-तीन दिन के लिए थामा गया था। इसकी 'इम्पैक्ट एसेस्मेंट स्टडी' उत्साहवर्द्धक रही थी। विज्ञान संबंधी नियमित किस्म की ऐसी गतिविधियों से अवगत कराने के लिए जोकि 'पब्लिक इंटरेस्ट' की होती हैं, मीडिया द्वारा ज्यादातर गौण समझ कर छोड़ दी जाती रही हैं।

देश में विज्ञान नगरियों (साइंस सिटी) की स्थापना का काम भारत में पूर्व प्रधानमन्त्री इंद्र कुमार गुजराल के समय में शुरू हुआ था। मतलब यह कि भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति आमजन में समझ को वर्टीकल और हॉरिजॉन्टल दोनों ही तरीके से ऊपर उठाए जाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद है।

## प्रसंगवश

# गरचे टेलीफोन न बनता

> ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

सोचिए यदि टेलीफोन न होता तो ? दुनिया दूरियों में खो जाती। पृथकता गहराती। फासले लंबाते। मानवता बस चिंदी चिंदी ही रह जाती। 148 साल पूर्व 10 मार्च को एक घटना ने सब कुछ बदल डाला। तभी 29-वर्षीय एलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीफोन को इजाद किया। उनका तुक्का भिड़ गया। उनकी टोपी में तुर्रा तभी से लग गया। एकदा वे तार का एक सिरा पकड़े अलग कमरे में दूसरा छोर पकड़े मित्र से बोले :' वाटसन मैं मिलना चाहता हूं।' चंद लम्हों में ही वाटसन आ गए और हर शब्द दुहराए जो उन्होंने सुने थे। बस दूरभाष अवतीर्ण हो गया। ग्राहम बेल की विवशता थी कि उसकी मां और पुत्री बधिर थीं। एक वाणी चिकित्सक होने के नाते ग्राहम बेल बहरों से संकेतों द्वारा बातें करने का प्रयास करते थे। यही इस युगांतरकारी अविष्कार की जननी रही।

ग्राहम ने "बेल कंपनी" स्थापित की। सफर मीलों चला। पेटेंट मिला। मगर अमेरिका के विधि अधिकारियों ने अड़चने पैदा की। अंततः कामयाबी मिल ही गई। तेरह साल की आयु में ही ग्रेजुएट बनने वाले ग्राहम बेल तीन साल बाद मशहूर संगीत अध्यापक भी बन गए। अर्थात ध्वनि, वाणी और संचार के निष्णात। उन्होंने कम्युनिकेशन तकनीक में भी दूरगामी और लाभकारी अविष्कार किए। संचार क्रांति के जनक कहलाए।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है। ये सभी ऐसी तकनीक पर आधारित हैं, जिसके बिना संचार-क्रंति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को शायद अंदाजा नहीं रहा होगा जब उस जमाने की अपेक्षाकृत कम चर्चित उनकी दूसरी खोज मेटल डिटेक्टर आने वाले समय में आतंकवाद सहित अन्य प्रकार के अपराधों से लड़ने में कारगर उपकरण साबित होने वाली है। पुलिसिया जांच में आज बड़ी कारगर है। टेलीफोन की खोज के बाद बेल उसमें सुधार के लिए प्रयासरत रहे और 1915 में पहली बार टेलीफोन के जरिए हजारों किलोमीटर की दूरी से बात की।' न्यूयार्क टाइम्स' ने इस घटना को काफी प्रमुखता देते हुए इसका ब्यौरा प्रकाशित किया था। इसमें न्यूयार्क में बैठे बेल ने सैनफ्रांसिस्को में बैठे अपने सहयोगी वाटसन से बातचीत की थी। उनकी विभिन्न खोजों पर उनके निजी अनुभवों का भी प्रभाव रहा। मसलन जब उनके नवजात पुत्र की सांस की समस्याओं के कारण मौत हो गई तो उन्होंने एक मेटल वैक्यूम जैकेट तैयार किया जिससे सांस लेने में आसानी होती थी। उनका यह उपकरण 1950 तक काफी लोकप्रिय रहा और बाद के दिनों में इसमें और सुधार किया गया। अपने आसपास कई लोगों को बोलने एवं सुनने में कठिनाई होते देख उन्होंने इस दिशा में भी अपना ध्यान दिया और सुनने की समस्या के आकलन के लिए आडियोमीटर की खोज की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के अलावा वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्र के पानी को मीठा बनाने की दिशा में भी काम किया। ग्राहम बेल की जीवनी लिखने वाले कैरलोट ग्रे के अनुसार बेल के नाम 18 पेटेंट दर्ज हैं। इसके अलावा 12 पेटेंट उनके सहयोगियों के साथ दर्ज हैं। इन पेटेंटों में टेलीफोन, फोटोफोन, फोनोग्राफ और टेलीग्राफ शामिल हैं। उन्होंने आइसबर्ग का पता लगाने वाला एक उपकरण भी बनाया था। जिससे समुद्री यात्रा करने वाले नाविकों को खासकर अत्यधिक ठंडे प्रदेशों में विशेष मदद मिली।

अक्सर पत्रकारी नजरिए से हमें ख्याल आता है कि यदि ग्राहम बेल के ईजाद न होते तो मीडिया दुनिया ही विकलांग रहती। यही सवाल मेरी यांत्रिकी इंजीनियर बेटी (रेलवे बोर्ड में राष्ट्रीय धरोहर विभाग की कार्यकारी निदेशिका) विनीता ने वर्षों पूर्व मुझसे पूछा था : ' पिताजी यदि ग्राहम बेल न होते तो ?' मेरा खरा जवाब था :'आज वैश्विक मीडिया गूंगी रहती।' मगर संचार क्रांति में निरंतर विकास देखकर आह्लादित होना हर पत्रकार के लिए स्वाभाविक है। एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को सलाम।

# नियमों से बंधे हुए हैं अधिकारी और कर्मचारी



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

> मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है।

सरकारी संस्थाओं के बेजा इस्तेमाल से विरोधी पक्ष को दबाने की प्रवृत्ति इन दिनों दुनिया में काफी बढ़ गई है। और ये सब अनुशासन बहाली के नाम पर किया जा रहा है। जय प्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन के समय उन्होंने पुलिसबल से आदेशों को नही मानने का आह्वान किया था। सरकार ने उन पर अनुशासनहीनता और देशद्रोह का आरोप लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

इस आंदोलन के बाद एक सवाल बहुत जोर से उभरा कि क्या सरकारी कर्मचारी सरकार के नियम विरुद्ध/गैरकानूनी आदेशों को भी मानने के लिए बाध्य है। जो इसका जवाब हां में देते हैं वो मुख्यतः तीन तर्क देते हैं। अगर एक सरकारी कर्मचारी अपने सुपीरियर के नियम सम्मत या विपरीत किसी आदेश को नही मानेगा तो अनुशासन नहीं रह पाएगा। और ऐसी अनुशासनहीनता करने पर वो दंड का अधिकारी होगा। तीसरा आदेश के सही गलत होने पर निर्णय लेने का उसका अधिकार नहीं। इससे बहुत समस्या पैदा होगी।

प्रथम दृष्टता ये बात सही प्रतीत होती है कि अनुशासन का होना जरूरी है। लेकिन वास्तव में ये कुछ ऐसा है कि अगर प्रत्येक कर्मचारी अनुशासन से बंधा है तो प्रत्येक अधिकारी भी कानून से बंधा हुआ है। वो कानून विरुद्ध कोई मनमाना आदेश नही दे सकता। अगर अधिकारियों को ये अधिकार दे दिया जाए तो देश मे अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

आदेशों को नहीं मानने के संबंद में एक तर्क ये दिया जाता है कि इससे मातहत दंड अधिकारी होगा। लेकिन ये कानून की गलत व्याख्या है। मातहत केवल नियम सम्मत आदेशों को ही मानने के लिए बाध्य है। और अधिकारी भी केवल नियम सम्मत आदेश देने के लिए। नियम विरुद्ध आदेशों को नहीं मानना अधिकारी की अवहेलना हो सकती है, कानून की नहीं। देखा जाए तो कर्मचारी और अधिकारी दोनों नियमों से बंधे हुए हैं। नियम विरुद्ध कोई भी बात मानना बाध्यकारी नहीं है। अनुशासन से यहां मतलब कानून के प्रति अनुशासन, ना कि किसी व्यक्ति विशेष के प्रति जो उस वक्त पद पर है। इस बहस का कानूनी पक्ष ये है कि नियम विरुद्ध आदेश को मानने से इनकार करने पर कर्मचारी किसी अनुशासन को भंग नही करता बल्कि वो कानून के शासन की वकालत करता है।

चरणदास नारायण सिंह बनाम राज्य - हवलदार हरनाम सिंह ने अपने मातहत चरण दास को उन परिस्थितियों में गोली चलाने का आदेश दिया, जिसे कोर्ट ने नियम विरुद्ध माना। कोर्ट ने माना कि हरनाम सिंह के आदेश का उन परिस्थितियों में कोई औचित्य नहीं था और चरण दास ने उस आदेश का पालन नहीं कर कानून का पालन ही किया है। आर्मी एक्ट 1950 का सेक्शन 41 भी केवल नियम सम्मत आदेशों के उल्लंघन को ही अनुशासनहीनता मानता है। क्वीन इम्प्रेस बनाम सुभा नाइक - स्टेशन अफसर ने अपने मातहत कॉन्स्टेबल को फसल काटने वालों पर गोली चलाने का आदेश दिया। एक व्यक्ति मारा गया। कोर्ट ने माना कि आदेश नियम सम्मत नहीं था और कॉन्स्टेबल के साथ उसके मातहत को भी अपराधी माना। मातहत को इस आधार पर छूट नही मिली की उसने तो केवल अपने सुपीरियर के आदेश का पालन किया था। चमन लाल बनाम एम्परर - न्यू सेंट्रल जेल, मुल्तान के डिप्युटी सुपरिंटेंडेंट चमन लाल और उनके हेड वार्डन सेवा राम दोनों पर कैदियों को बेरहमी से पीटने का आरोप था। इसमे दो कैदियों की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया और सेवा राम को इस आधार पर माफी नहीं मिली कि उसने तो केवल अपने अधिकारी के आदेश का पालन किया था।

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है। लेकिन इसका कानूनी पक्ष ये है कि अपराधी ठहराएं जाने पर उसे इस आधार पर माफी नहीं मिलेगी क़ि उसने तो केवल अधिकारी के आदेश का पालन किया था।बहरहाल ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां हम देखते हैं कि आदेशों को नहीं मानने को भी नियम सम्मत माना गया। लेकिन इसके लिए जिगरा चाहिए जो खुद सही और गलत के बीच निर्णय ले अपने अधिकारी के आदेश को मानने से इनकार करे। वैसे एक सच ये भी है कि एक पुलिस/मिलिट्री की सेवा के हालात बहुत कठिन होते हैं। अपने अधिकारी के आदेशों को नही मानने पर वो सेवा शर्तों के अनुसार दंड का अधिकारी होता है और मानने पर कई बार वो कोर्ट की नजर में अपराधी सिद्ध होता है।

## सोशल फोरम

# एक सांस की अहमियत



हफीज किदवई
लेखक

बचपन में सब पूछते थे की कौन सा खिलौना पसंद है। ज़रा बड़े हुए तो पूछा कौन से कपड़े पसंद हैं। हाईस्कूल पास करके आगे बढ़े तो पूछा क्या बनना चाहते हो। मेरे पास गिनाने को खिलौने थे, कपड़ों की डिज़ाइन थी और करियर के हज़ार ऑप्शन थे बस यह नही पता था कि एक अदद सांस को कैसे ज़िंदा रखा जाए। झूठ,धोखे,मतलब परस्ती के बीच ज़िंदगी के एक,सिर्फ़ एक क़तरे को कैसे बचाए रखा जाए। किसी ने नहीं पूछा कि इन सांसों को कैसे बचाओगे, जब यह छूट रही होंगी। किसी ने नहीं कहा जब खिलौने, कपड़े,करियर अपना रंग छोड़ेंगे, तब ज़िंदा कैसे रहोगे ।

एक सांस के लिए जब जी तड़पेगा। तब कैसे ख़ुद को संभालोगे। किसी ने उस सांस का मोल क्यों नही समझाया,जो दुनिया की हर ख़्वाहिश, हर ज़रूरत से बड़ी थी। मौत सामने हो और पीठ पीछे सारी ख्वाहिशें, सारे ख़्वाब, सारी हसरतें,उनका क्या ही करें। यह लगने लगे कि ज़माने की दौड़ में आपकी आवाज़ के लिए कोई कान नहीं है । लड़खड़ाते वक़्त पकड़ने को कोई हाथ नही है। डगमगाते वक़्त रोकने वाला कोई नहीं है। जिनपर वक़्त ख़र्च किया,उनके पास आपके लिए ही वक़्त नहीं है । जिनके साथ एतबार का रंग पक्का किया,वह रंग उतरकर फीके पड़ जाए। कोई अपना ही उम्मीद की सुनहरी चिड़िया के पर नोच दे । तो क्या करना है । मुझे नही पता कि ज़िंदगी की एक सांस की अहमियत क्या है। वरना जब कोई बचपन में पूछता कि क्या चाहिए,मैं कहता कि ज़िंदगी। हाईस्कूल में कोई पूछता की क्या बनोगे,तो मैं कहता कि सांसों को बुनूंगा । कोई मुझसे कपड़े के बारे में पूछता,तो कहता यार,सांसों के रंग को उकेरूंगा । मैं समझदार होता,तो बतलाता की सब कुछ होगा,बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता,उसके लिए मनसूबे बनाता। मैं समझदार होता,तो बतलाता की सब कुछ होगा,बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता,उसके लिए मनसूबे बनाता।

वक़्त होता तो मैं बचपन में ही बोल देता की हां मुझे खिलौना न दो,बस ज़िंदगी को खिलौना न बनने देना,कोई जीभर खेले और फिर मुंह मोड़कर कह जाए,दिल भर गया.... दुनिया में सबसे बेईमान चीज़ को अपने साथ सारी ज़िन्दगी लेता फिरा,फिर भी वह साथ छोड़ती नहीं और साथ देती भी नही,मेरी बेवफ़ा सांसें....

-फेसबुक वॉल से

# किसे फिक्र है हमारी



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

'सिमोन द बोउआर' कहती हैं कि स्त्रियां पैदा नहीं होती हैं गढ़ी जाती हैं। सच ही तो है कि हमें अपने अस्तित्व का औचित्य साबित करने के लिए लोगों से प्यार करना होता है उनकी चिंता करनी होती है तभी हमारा समाज एक औरत को जीवन को सार्थक समझता है। भले ही बदले में हमें कुछ न मिले और खुद को छला हुआ महसूस करते रहें किसे फिक्र है हमारी? जमाने भर की चिंता फिकर हो या दुनिया भर का प्यार सब करके भी हम खुद को ठगा ही महसूस करते रहेंगे हमेशा। जब तक ये हम खुद नहीं समझेंगे कि हम भी उतने ही इंसान हैं जितना कि पुरुष। संवैधानिक रुप से हर वो नियम जो उन पर लागू है हम पर भी वही नियम लागू हो। लेकिन शुरू से ही कोई भेदभाव होता देखकर खुद को संतुष्ट कर लेना ,दिल टूटने पर चुपचाप रोकर आंसू पी लेना और ससुराल में अच्छी बहू साबित होने के लिए खुशी खुशी सब स्वीकार लेना।और स्वतंत्रता के नाम पर महिला दिवस मना लेना।

घर परिवार और समाज पर जो धार्मिक मान्यताएं लादी गईं वे भी हमारे कंधे पर ही और हमारी फिल्मों और साहित्य ने हमें पीछे धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आदर्श स्त्री के लिए इन्होंने जितने मापदंड बनाए कि हर स्त्री आज बस कन्फ्यूजन की स्थिति में है कि क्या वो सच में आदर्श है ? कभी अच्छी बहू बनने के लिए वो घर का काम करना चुनती है तो कभी अच्छी मां बनने के लिए वो अपनी जॉब छोड़कर घर बैठना पसंद करती है। घर का कोई काम बिगड़ने पर और बच्चे के खराब रिजल्ट पर वो दोषी होगी जबकि सबकुछ अच्छा या बेहतरीन होने पर शायद ही उसे कोई श्रेय देगा! अब तो हम फिल्मों से सीखते हैं कि हमें क्या पहनना चाहिए और कौन से व्रत ,पूजा और त्योहार करने चाहिए। इतिहास और राजनीति में हमें बेहद सीमित मौके मिले हैं और साहित्यकारों ने हमें कभी कामयाब और मजबूत रुप में नहीं गढ़ा है। मैंने पढ़ा है कि महान लेखक टॉलस्टाय ने अपनी सबसे मशहूर उपन्यास अन्ना कैरनिना लिखते समय अन्ना का चरित्र बेहद खराब बनाने की कोशिश करते हुए लिखा था पर जब उपन्यास पूरा हुआ तो अन्ना की इमेज एक मजबूत और शानदार महिला के रुप में निखर गई पर क्या ही फायदा जब लेखक उसे अंत में ट्रेन के सामने गिराकर आत्महत्या करने को मजबूर कर दे। जबकि वो बस दो पंक्तियां बदल कर उसे मजबूत बना सकता था पर उसे लगता रहा कि उसकी कृति को समाज स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि वो खुद ही स्वीकार नहीं पा रहा होगा। इसी तरह चोखेर बाली उपन्यास लिखने के बाद टैगोर माफी मांगते हैं कि वो चोखेर बाली के साथ न्याय नहीं कर पाए! आखिर क्यों? किसने रोका था उन्हें? जबकि राजा राममोहन राय विधवा विवाह शुरू करवा चुके थे तो क्या आपसे दो पंक्तियां भी नहीं बदली जा रहीं थीं ? लेखन बस वो नहीं होता कि आप सच दिखाने के लिए ज्यों का त्यों लिखने की कोशिश करें लेखन वो होता है जो बदलाव ला सके लोगों की सोच समृद्ध कर सके। अफसोस! आप वहां तक सोच भी नहीं पाते हैं... हम सीता बनकर भी अग्नि परीक्षा देते रहे, गार्गी और अपाला बनकर गालियां खाते रहे , विद्योतमा और रत्नावली बनकर प्रेरणा बने रहे पर हमें किसी ने प्रेरित नहीं किया। आदमियों की सफलता में हमारा योगदान रहा और हमारी सफलता में आपने बाधा बनना चुना?

मजाज़ लखनवी का शेर याद आ रहा है ...
तेरे माथे पर ये आंचल बहुत खूब है,
तू इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था!

# कल्कि धाम का शिलान्यास



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हाल ही में हुई धर्म अनुष्ठानों की धूम के बीच मुरादाबाद के संभल में कांग्रेसी नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम् के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे होने वाले भगवान विष्णु के दसवें अवतार 'कल्कि'के धाम का शिलान्यास किया। कल्कि भगवान भाद्रपद,शुक्ल पक्ष तृतीया को सायंकाल यहां एक सात्विकी ब्राह्मण विष्णुयश के घर उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिनकी कथा कल्कि पुराण सहित तमाम धर्म ग्रंथों में आई है। उनकी माता का नाम सुमति होगा। श्रीभद्भागवत्-स्कंध-12 के अनुसारः

सम्भलग्राम मुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।/ भवने विष्णुयशसःकल्किः प्रादुर्भविष्यति।।

वे शीघ्र ही सभी विद्याओं में पारंगत हो जाएंगे। शस्त्र विद्या उन्हें परशुराम जी सिखाएंगे; फिर उनसे वे शिव जी की तपस्या करने को और वरदान में दिव्यास्त्र मांगने को कहेंगे। कल्कि वैसा ही करेंगे और परम शक्तिशाली बन जाएंगे। उनका विवाह पद्मा नामक कन्या से होगा। उनकी एक अन्य पत्नी वैष्णो देवी की रूप रमा भी होंगी। उनके चार पुत्र होंगे। वे देवदत्त नामक सफेद घोड़े की सवारी करेंगे। उनके पास धनुष वाण और तलवार भी होगी। वे कलि नामक राक्षस को मारेंगे तथा पापियों का संहार करेंगे। जयदेव रचित "गीत गोविंद"के अनुसार वे म्लेच्छों का संहार करेंगे।"म्लेच्छनिवचनिधने कलयसि करवालम्। धूमकेतुमिव किमपि करालम्।। केशव धृत कल्कि शरीरम्"।।

यह सब होगा तो निश्चय ही, क्योंकि शास्त्रीय मान्यता हैः किंतु इसका समय अभी बहुत दूर है। वे कलियुग के अंत में अवतरित होंगे। कलियुग चार लाख बत्तीस हजार साल का होता है, जिसके अभी कुल पाच हजार साल ही बीते हैं। तब तक अभी तक हो चुके नौ अवतारों की पूजा उपासना से काम चल सकता था। चार लाख सत्ताइस हजार साल के आसपास भविष्य में होने वाले अवतार का धाम निर्माण और पूजा आदि कम समझ में आ रहा है। देश में लगभग दस लाख मंदिर हैं। सभी में प्रतिष्ठित देवी देवता आदरणीय और पूज्य हैं।क्या यह संख्या कम है? महामानवो, अवतारों की अर्चना उपासना उनके कर्मों और स्थापित किए गए आदर्शों का सम्मान और अनुसरण होता है; जबकि कल्कि का यह समय अभी बहुत दूर है। वे तो हुए ही नहीं हैं। ग्रामीण कहावत है "जौं हैं खेत,ललन हैं पेट,मुड़ने(मुणडन) की धूम मची"। इस केस में तो ललन अभी पेट में ही लाखों साल बाद आएंगे। तब क्या यह शीघ्रता आसन्न चुनावों हेतु धर्मास्त्र है? मैं समझता हूं इसके लिए "रामास्त्र"ही काफी था। अब इस पर भरोसा न रहा हो तो बात दूसरी है।

## एक नजर

### स्वच्छता को लेकर किया गया जागरूक

**सिद्धार्थनगर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के अंतर्गत जनपद के विकासखंड इटवा की ग्राम पंचायत बहुती में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खुले में शौच मुक्त भारत बनाने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल स्वच्छता, कूड़े कचरे को डस्टबिन में डालना आदि जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान पंचायत सहायक ग्राम पंचायत अधिकारी एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

### युवक के अपहरण व हत्या में आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** खेसरहा थाना पुलिस द्वारा युवक का अपहरण कर हत्या करने वाले अभियुक्त को 24 घंण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के निशानदेही पर आला कत्ल डंडा, एक मोबाईल व दो मोटरसाईकिल बरामद हुआ है। रवीन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा ने बताया कि 10 मार्च को थाना खेसरहा पर युवक का अपहरण कर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिससे सम्बन्धित वांछित अभियुक्त तौलन साइन मीरापुर थाना बेलहरकला को सांथा चौराहा जनपद संतकबीरनगर से गिरफ्तार किया गया तथा कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

### सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए स्कूलों का किया भ्रमण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपदीय पुलिस द्वारा द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चिह्नित मतदान केन्द्र अर्धसैनिक सुरक्षा बलों के ठहरने हेतु विद्यालयों का भ्रमण निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चिह्नित मतदान केन्द्र अर्धसैनिक सुरक्षा बलों के ठहरने हेतु चिन्हित विद्यालयों का भ्रमण निरीक्षण कर विद्यालय प्रबंधन प्रधानाचार्य से वार्ता कर मानक के अनुरूप आवश्यक साधन संसाधनों, मूलभूत व्यवस्थाओं की व्यवस्था हेतु बताया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी कल करेंगे रेल परियाजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

गोरखपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार (12 मार्च) को रू. 85,000 करोड़ से अधिक की लागत से विभिन्न रेल परियाजनाओं (लगभग 6,000) का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। साथ ही 10 नई वंदे भारत एवं चार वंदे भारत एक्सप्रेस के मार्ग विस्तार तथा अन्य ट्रेनों का शुभारम्भ करेंगे। यह जानकारी रविवार को मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने एक प्रेस वार्ता में दी।

बताया कि इसके लिये वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से 764 स्थल जुड़े रहेंगे जहां पर समारोह आयोजित किये जाएंगे। प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय रेल के स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद के 1,500 से अधिक स्टॉल, 50 स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र, 51 गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल, रेलवे गुड्स शेडों, 16 रेलवे कारखानों लोको शेडों पिट लाइन कोचिंग डिपो, 975 स्थलों पर स्टेशन भवनों एवं सर्विस भवनों पर सोलर प्लांट, 35 रेल कोच रेस्टोरेंट, विभिन्न रेल खंडों (2,135 किमी.) के विद्युतीकरण, 100 खंडों पर 1500 किमी. के दोहरीकरण तीसरी लाइन आमान परिवर्तन, इस्टर्न डडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर के न्यू खुर्जा-सहनेवाल (401 किमी.) खंड, वेस्टर्न डडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर के न्यू मकरपुरा-न्यू घोलवड (244 किमी.) खंड, वेस्टर्न डडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर के आपरेशन कंट्रोल सेंटर, 2,646 स्टेशनों के डिजिटल कंट्रोलिंग, 80 खंडों में 1045 किमी. के ऑटोमेटिक सिंगनलिंग खंडों का लोकार्पण तथा 19 रेलवे कारखानों लोको शेडों पिट लाइनों कोचिंग डिपो, फल्टन-बारामती नई लाइन एवं इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम के उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया जायेगा।

भारतीय रेल के स्टेशनों पर स्थापित रू. 160 करोड़ की लागत से 1,500 से अधिक एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टॉल का लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर स्थापित 54 स्टॉल सम्मिलित हैं। इस अवसर पर विभिन्न स्टेशनों 14 श्रेणियों के 6,00,000 विश्वकर्मा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से सीधे जुड़ेंगे।

पांच करोड़ की लागत से भारतीय रेल के 50 स्टेशनों पर स्थापित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) का लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जं., लखनऊ जं., बनारस एवं काशीपुर जं. पर स्थापित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र सम्मिलित हैं। भारतीय रेल पर रू. 25 करोड़ की लागत से स्थापित 51 गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, नकहा जंगल, अंकुर उद्योग लिमिटेड, सहजनवा एवं अडाणी एग्री लॉजिस्टिक लिमिटेड, जसोदा सम्मिलित हैं। भारतीय रेल पर रू. 02 करोड़ की लागत से प्रारम्भ 35 रेल कोच रेस्टोरेंट का लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी सिटी एवं गोमती नगर स्टेशनों पर स्थापित रेल कोच रेस्टोरेंट सम्मिलित हैं। भारतीय रेल पर रू. 222 करोड़ की लागत से नव स्थापित गुड्स शेडों का लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के फरदहां, फरिहा, फेफना एवं बिसलपुर में स्थापित गुड्स शेड सम्मिलित हैं। भारतीय रेल पर रू. 2763 करोड़ की लागत से स्थापित कारखानों/लोको शेडों/कोचिंग डिपो का लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे पर रू. 100 करोड़ की लागत से सैदपुर भितरी में स्थापित विद्युत लोको शेड सम्मिलित हैं। भारतीय रेल पर रू. 20,744 करोड़ की लागत से 100 रेल खंडों (1,500 किमी.) पर दोहरीकरण एवं तीसरी लाइन तथा आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण किया गया, जिसका लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के भटनी-पिवकोल, सादात-औंड़िहार, छपरा-मांझी खंडों का दोहरीकरण तथा गोरखपुर कैंट-कुसम्ही एवं छपरा-छपरा कचहरी के मध्य तीसरी लाइन सम्मिलित हैं।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह।

### भारतीय रेलवे में चल रही हैं वंदे भारत ट्रेनें

31 जनवरी, 2024 तक 82 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं भारतीय रेलवे में चल रही हैं, जो ब्रॉड गेज (बी.जी.) विद्युतीकृत नेटवर्क वाले राज्यों को जोड़ती हैं। ये वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें 24 राज्यों/उत्तराखंड और 256 जिलों से गुजरती हैं। 10 जोड़ी और वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत के साथ, भारतीय रेलवे में 104 सेवाएं (51 जोड़ी ट्रेन) चालू हो जाएंगी। इसके अलावां पूर्वोत्तर रेलवे पर चल रही 22549/22550 गोरखपुर जं.-लखनऊ-गोरखपुर जं. वंदे भारत एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार प्रयागराज जं. तक किया जायेगा। इस वंदे भारत एक्सप्रेस के मार्ग विस्तार का शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जायेगा।

### रेलवे में सौर ऊर्जा स्टेशन

भारतीय रेलवे अपनी कर्षण शक्ति की आवश्यकता को पूरा करने और पूर्ण रूप से परिवहन का हरित माध्यम बनने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह रेलवे स्टेशनों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित करने और नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं के लिए खाली रेलवे भूमि का उपयोग करने के माननीय प्रधानमंत्री के हालिया निर्देश के अनुरूप है। भारतीय रेलवे के पास 2030 तक अपनी खाली जमीन का उपयोग करके 20 गीगावॉट क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित करने की एक मेगा योजना है। सौर ऊर्जा वाले कुछ स्टेशन वाराणसी, नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, जयपुर, सिकंदराबाद, कोलकाता, गुवाहाटी, हैदराबाद, हावड़ा आदि हैं।

### रेलवे विद्युतीकरण

बताया कि 2014-15 के बाद से, भारतीय रेलवे ने ब्रॉड गेज (बीजी) नेटवर्क पर लगभग 40,000 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण पूरा कर लिया है। वर्तमान में, बीजी नेटवर्क पर 61,813 रूट किमी का विद्युतीकरण किया गया है, जो भारतीय रेलवे के कुल ब्रॉड गेज (बीजी) नेटवर्क का लगभग 94 प्रतिशत है। शेष बीजी नेटवर्क का विद्युतीकरण शुरू कर दिया गया है। 2014-23 के दौरान विद्युतीकरण पर 43,346 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं. इसके अलावा, 2023-24 के दौरान विद्युतीकरण के लिए 8,070 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 2014 के बाद से रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाओं पर खर्च की जाने वाली राशि 5 गुना (375 प्रतिशत से अधिक) बढ़ गई है।

# जिले की 16 सड़कों का किया गया लोकार्पण

## प्रधानमंत्री ने आजमगढ़ से किया वर्चुअल उद्घाटन, जिले में देखा गया लाइव प्रसारण

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 63 करोड़ 87 लाख की लागत से जिले में बनी 16 सड़को का रविवार को वर्चुअली लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ से किया।

नगर पंचायत अंतर्गत उसका-सोहांस मार्ग के किनारे तेतरी गांव के बागीचे में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने प्रधानमंत्री के भाषण को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना। कार्यक्रम में मौजूद सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। प्रदेश सहित पूरे देश में डबल इंजन की सरकार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उसका बाजार से सोहांस जाना पहले बहुत कठिन था। लोगों की समस्या को देखते हुए सड़क बनाने के लिए मैने प्रयास किया। जिसके परिणामस्वरूप यह सड़कें बनकर तैयार हो सकीं।

चेयरमैन गोविंद माधव ने कहा कि सांसद जगदंबिका पाल विकास के साथ जनता के सुख दुःख में हमेशा शामिल रहते है। होली, दीपावली, दशहरा, छठ पूजा पर्व पर व ठंडक के दिनो मे गरीब एवं जरूरतमंदों की मदद करते हैं। दिल्ली, लखनऊ में जनपद की समस्यायों के समाधान हेतु दिन रात जुटे रहते हैं। नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल ने कहा कि सांसद ने जिले में मेडिकल कालेज, बड़ी रेल लाईन, तमाम ट्रेनों सहित कई दर्जनों सड़को का निर्माण कराया है। छोटे बड़े सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाते है। जन जन में लोकप्रियता अपने कठिन परिश्रम से हासिल किया है। इसलिए लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतों से चुनाव जिताना है। इस दौरान के पूर्व चेयरमैन एसपी अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान, राकेश आर्य, हरिशंकर सिंह, जगदीश जायसवाल, अनूप सिंह, रणजीत सिंह, पंकज सिंह, राजधर पाण्डेय, अमित जायसवाल, अंगद साहनी, मुरारी सिंह, मनोज चौबे, सोनू मिश्रा आदि मौजूद रहे।



जिले में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सांसद जगदंबिका पाल व अन्य जनप्रतिनिधि।

# जगह-जगह दुकान खोलकर बैठे हैं झोलाछाप, विभाग मौन

सिद्धार्थनगर

ग्राउंड रिपोर्ट

**अमृत विचार।** जनपद में झोलाछाप चिकित्सकों की भरमार हो गई है। जिसके चलते कई बार मरीजों की जान पर बन आती है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन पर कार्रवाई से बच रहा है। यह झोलाछाप गांवों की गलियों से लेकर शहर के चौराहों तक अपना जाल बिछाए हुए हैं।

इनमें मुख्य भूमिका बंगाली डॉक्टरों की है, जो बंगाल से आकर चौराहों और गलियों में अपना बोर्ड लगाकर मरीजों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं और वसूली कर कर रहे हैं। कई बार गलत इलाज मरीजों की जान जोखिम में पड़ने की खबरों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग मौन है। यह बंगाली डॉक्टर बड़े से बड़े इलाज को तथा ऑपरेशन करने से नहीं डरते हैं और जब केस खराब हो जाता है तो मरीज का पैसा ठग कर उन्हें रेफर कर देते हैं। कई बंगाली डॉक्टर अपनी दुकान खोलकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। इनके पास न तो कोई डिग्री है न डिप्लोमा है। इस संबंध में जब प्रभारी सीएमओ अधिकारी से वार्ता की गई तो उनका कहना है कि इसके लिए एक विभाग गठित किया गया है और उनकी जिम्मेदारी है कि वह इनके खिलाफ जांच कर कार्रवाई करें।

# बीएलओ ने पढ़कर सुनाई मतदाता सूची

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में स्वीप योजना के अंतर्गत शनिवार को विधानसभा क्षेत्र डुमरियागंज के समस्त बूथ पर संबंधित बीएलओ द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। उपस्थित मतदाताओं से यह अपील की गई कि जिनके नाम छूटे हैं, वे मतदाता सूची में दर्ज करवा लें। साथ ही लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के मतदान में सभी लोग अपने मत का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय हित में सहयोग दें।

एसडीएम डुमरियागंज डॉक्टर संजीव दीक्षित ने डुमरियागंज नगर स्थित पीपुल्स इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 183, 184, 185, 186, 187, 188, 189, 190 पीपल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज, बूथ संख्या 191 कोसी खुर्द बुजुर्ग, बूथ संख्या 161 जमाल जोत, 153 भगवानपुर, 113 मेंही हरदो, 192 193 194 बड़ौलागढ़, 364 365 पथरा बाजार, 134 झहराव का भ्रमण किया तथा निर्वाचन कार्यो की समीक्षा की। तहसीलदार डुमरियागंज डॉ. संतराज सिंह बघेल द्वारा बैदौलागढ़ स्थित बूथ संख्या 192 193 194 , 161 जमाल जोत, 153 भगवानपुर, 113 मेंही हरदो, 369 कम्हरिया खुर्द, 364 365 पथरा बाजार, 117 गंगवार, 129 130 खोरिया रघुवीर सिंह का क्षेत्र भ्रमण किया गया। इसी क्रम में नायब तहसीलदार डुमरियागंज महबूब आलम द्वारा बूथ संख्या 211 212 213 कादीराबाद, 260 भिटौरा, 253 254 धौरहरा, 262 263 धनखरपुर, 265 भानपुर मस्जिदिया, 325 बेवा हुसैन का पोलिंग बूथ पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस संबंध में तहसीलदार डॉक्टर संतराज सिंह बघेल ने बताया कि पोलिंग बूथ के निरीक्षण के दौरान समस्त बीएलओ उपस्थित पाए गए। रविवार को भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी मतदाताओं से अपील है कि वह अपने-अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर लें।

### बीएलओ को नोटिस जारी

तहसीलदार डॉक्टर संतराज सिंह बघेल के औचक निरीक्षण के दौरान विकासखंड मिठवल अंतर्गत 369 कम्हरिया खुर्द की बीएलओ श्रीमती दुर्गेश नंदिनी (रोजगार सेवक) अनुपस्थित पाई गईं। जिनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किए जाने के लिए संबंधित सुपरवाइजर से आख्या प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

# वृहद स्वास्थ्य परीक्षण मेले का किया गया आयोजन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** बालापार स्थित गुरु गोरखनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज ने बैजनाथपुर में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण मेले का आयोजन किया। मेले का उद्घाटन करते हुए बैजनाथपुर के प्रधान राम सूरत यादव ने कहा कि फ्री चिकित्सा सुविधा का अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेना चाहिए।

इंस्टीट्यूट के निदेशक कर्नल डॉक्टर राजेश राजेश बहल ने कहा कि इस चिकित्सालय का उद्देश्य आम जनता को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य कैंप में मरीज को निशुल्क दवाओं के साथ जांच की जाती है। कैंप में 463 मरीजों की जांच हुई जिसमें 14 मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित हुए। कैंप में उपस्थित डॉक्टरों में सर्जन राकेश सिंह, सर्जन राजीव शाही, नेत्र सर्जन डॉ रेणु गुप्ता, डॉ मनोज गुप्ता, डॉ ओपी सिंह, आर्थो सर्जन डॉ प्रदीप हरिवंश यादव, डॉ पवन ने विशेष योगदान दिया। प्रबंधक गिरिजेश मिश्रा ने कैंप में सहयोग के लिये सभी का आभार जताया।

## सार-संक्षेप



टूलकिट वितरण कार्यक्रम में मौजूद सांसद व लाभार्थी। अमृत विचार

### क्रोशिया हस्तशिल्पियों को बांटी गई टूलकिट

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** क्रोशिया शिल्प के हस्तशिल्पियों को उन्नत टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मैरिज हॉल लुंबिनी रोड में आयोजित कार्यक्रम में सांसद जगदंबिका पाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सिद्धार्थ नगर गोविंद माधव, ब्लॉक प्रमुख नौगढ़ रेनू मिश्रा, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा विनीत चतुर्वेदी, दलित अंबेडकर दलित मजदूर किसान उत्थान समिति के संरक्षक संजय पांडे, कौशलेश मिश्रा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 150 हस्तशिल्पियों को क्रोशिया क्राफ्ट सिलाई मशीन का वितरण किया गया। टूलकिट पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे। सांसद ने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए संस्था एवं वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार को विशेष आभार प्रकट किया।

### बड़े-बुजुर्गों के आचरण का बच्चों पर पड़ता है असर



**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** माता पिता, दादा दादी, नाना नानी द्वारा किए गए धर्माचरण का प्रभाव बच्चों में दिखाई देता है। अर्थात नेक कार्य करने से हमारी आने वाली पीढ़ी तेजस्वी, ओजस्वी होने के साथ धार्मिक भावनाओं से भरी होती है। उक्त बातें उसका कस्बा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्रीमदभागवत कथावाचक आचार्य सुमित कृष्ण जी महाराज ने एक मुलाकात में बातचीत में कही। भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त मीरा बाई के जीवन के दृष्टांत का वर्णन करते हुए कहा कि मीरा बाई के घर और ननिहाल में संत की सेवा होती थी। बचपन में वह अपने परिजन के साथ सत्संग में गई थी और संत से पूछा कि क्या हमे भगवान मिल सकते है। तब संत ने उन्हें प्रभु की महिमा बताई और उन्हें भी ज्ञान हुआ। श्रीधाम वृंदावन भक्ति की प्रेम की भूमि है। जीवन का सार प्रेम में समाहित है। प्रभु की कथा का आयोजन प्रभु की कृपा से ही संभव है। देश विदेश में भागवत कथा, रामकथा, शिवकथा के माध्यम से धर्म का प्रचार प्रसार और लोगो में भक्ति भावना को जगाने में लगे संतो पर भी प्रकाश डाला। वैसे सभी तीर्थस्थल और धाम दिव्य है लेकिन श्रीधाम वृदावन और अयोध्या की महिमा निराली है। प्रभु के धाम और उनके भक्तो के सानिध्य से कल्याण होता है। वर्तमान में नाम जप की महिमा सर्वोपरि है।

# होली पर मुंबई से गोरखपुर के बीच चलेगी रेलगाड़ी

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 01103/01104 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस होली विशेष गाड़ी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 14, 21 एवं 28 मार्च को प्रत्येक गुरूवार को तथा गोरखपुर से 16, 23 एवं 30 मार्च को प्रत्येक शनिवार को 03 फेरों के लिए चलायी जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए विभिन्न एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर ठहराव 15 मार्च तक पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# कभी मग़रूर मत होना, नशे में कामयाबी के

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद के ऐतिहासिक बांसी माघ मेले में शनिवार रात आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में देश भर से आमंत्रित कवियों एवं शायरों ने रचनाएं प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री डाक्टर अमिता पाल सिंह की सरस्वती वंदना से हुआ। बस्ती के डाक्टर विनोद उपाध्याय हर्षित की ख़ूबसूरत ग़ज़लों तथा बलिया से पधारे भोजपुरी भूषण नन्द जी नन्दा की चुलबुली रचनाओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। जयपुर राजस्थान से तशरीफ लायीं मशहूर शायरा डाक्टर शाइस्ता महज़बीं की ग़ज़ल कि कभी मग़रूर मत होना, नशे में कामयाबी के, बुलंदी से उतरने में ज़रा सी देर लगती है, सुनकर श्रोताओं ने तालियों से स्वागत किया। नैनीताल से पधारीं सुप्रसिद्ध कवयित्री गौरी मिश्रा के गीत गुलाबी नोट से ज़ियादा गुलाबी गाल कर दूंगी तथा मैं अपने साथ लेकर आई नैनीताल बांसी में सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कवि डाक्टर ज्ञानेंद्र द्विवेदी दीपक के काव्यसंग्रह बस तुम्हारे लिए का विमोचन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्रह्म देव शास्त्री पंकज, डाक्टर रामकृष्ण लाल जगमग, नियाज़ कपिलवस्तुवी, महेश प्रताप श्रीवास्तव, मयकश आज़मी, डाक्टर सीमा मिश्रा, डाक्टर विनयकांत मिश्र, जमाल कुद्दूसी, धनंजय मिश्र, शहाब मजरूह, रामप्रकाश गौतम आदि ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को सुबह तक बैठने पर मजबूर कर दिया।



कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में मौजूद रचनाकार। अमृत विचार

सहूलियत — लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग ने की पहल

# 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता घर बैठे कर सकेंगे वोट

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जहां निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जोर शोर से चलाया जा रहा है। वहीं निर्वाचन आयोग ने इस बार के चुनाव में 85 वर्ष के ऊपर के मतदाताओं को घर बैठे ही पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान करने की सुविधा देने का ऐलान किया है। इसके जरिए बुजुर्ग मतदाता जिनकी आयु 85 वर्ष से ऊपर हो चुकी है, वह फार्म-12 डी भरकर आवेदन घर बैठे ही पोस्टल बैलट पेपर से मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के इस फैसले से बुजुर्ग हो चुके और मतदान केंद्र दूर होने के चलते मतदान प्रक्रिया में न शामिल न हो पाने वाले मतदाताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। निर्वाचन आयोग के इस नए आदेश को अमल में लाने को लेकर डुमरियागंज तहसील प्रशासन इस सुविधा का प्रचार प्रसार करने में जुट गया है।



डुमरियागंज तहसील में स्थापित निर्वाचन कार्यालय के लिपिक अभिषेक कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नए दिशा निर्देश (फरमान) के तहत तहसील क्षेत्र के समस्त 85 वर्ष की उम्र से ऊपर के वोटरों को पोस्टल बैलेट पेपर की सुविधा उपलब्ध करा रही है। इसको लेकर शासनादेश भी जारी हो गया है। इसके तहत 85 वर्ष के ऊपर के मतदाताओं को फार्म-12 डी के जरिए आवेदन करना होगा और उसके बाद बुजुर्ग मतदाता इस बार लोकसभा चुनाव में घर बैठे ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि निर्वाचन आयोग के जारी दिशा निर्देश के तहत डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के 451 मतदान केंद्र, 333 मतदेय स्थल के बूथ लेवल ऑफिसर और सुपरवाइजर को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नई गाइडलाइन को बुजुर्ग मतदाताओं को बताने और उन्हें होम टू वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए फार्म 12 डी भरवाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जुटे बीएलओ और सुपरवाइजर 11 मार्च से डोर टू डोर जाकर 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को फॉर्म -12 डी उपलब्ध कराएंगे तथा भरा हुआ फॉर्म उनसे प्राप्त करेंगे1। इसके बाद वह लोकसभा चुनाव के मतदान में घर बैठे ही पोस्टल बैलेट पेपर के जरिए मतदान कर सकेंगे।

# गुजारा भत्ता न देने पर मकान सील

सिद्धार्थनगर

▸▸ कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने शुरू की नीलामी की कार्रवाई

**अमृत विचार।** पारिवारिक न्यायालय द्वारा जारी किए गए पत्नी को गुजारा भत्ता देने के आदेश का अनुपालन न करने पर पति का मकान सील करने का आदेश दिया गया था। शनिवार को प्रशासन की टीम ने कुर्की प्रक्रिया के तहत मकान सील कर दिया। जानकारी के अनुसार डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम वनइटवा निवासी मंजूर अली के विरुद्ध उसकी पत्नी अमीना ने प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सिद्धार्थनगर के यहां वाद दाखिल था। इसमें न्यायालय ने आरोपी पर बकाया 3 लाख 2 हजार 500 रुपये का जमा करने का आदेश दिया था। शनिवार को नायब तहसीलदार महबूब आलम ने ग्राम वनइटवा पहुंचकर आरोपी के मकान संपत्ति को जप्त करते हुए उसे सील कर दिया और और मकान पर नोटिस चस्पा कर दी।

सील किए गए मकान को ग्राम प्रधान ग्राम बनइटवा ओमप्रकाश के सुपुर्द कर दिया गया। भरण पोषण से संबंधित बकाया 8,25000 न देने पर मकान कुर्क एक अन्य मामले में शाहजहां बनाम शमशाद ग्राम निवासी कुशहटा तहसील डुमरियागंज के विरुद्ध जारी वारंट के क्रम में भरण पोषण से संबंधित बकाया 8,25000 की वसूली के लिए आरोपी का मकान शनिवार की शाम को नायब तहसीलदार द्वारा कुर्क कर दिया गया। इसकी नीलामी 27 मार्च को डुमरियागंज तहसील सभागार में की जाएगी। इस संबंध में एसडीएम डॉक्टर संजीव दीक्षित ने बताया कि पारिवारिक न्यायालय के आदेश पर भरण पोषण के बकाया आरोपियों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई नायब तहसीलदार की अगुवाई में संग्रह अमीन टीम द्वारा की गई है। इस दौरान हल्का लेखपाल आशीष कुमार चौरसिया, संग्रह अमीन राकेश गुप्ता, हरेंद्र कुमार, शिवसागर मौजूद रहे।

## एक नजर

### करोड़ों रुपये की स्ट्रीट लाइटें वर्षों से पड़ीं बेकार

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** विधायक निधि से लगाए गये करोड़ों रुपए की स्ट्रीट लाइट वर्षों से बेकार पड़ी है। सार्वजनिक स्थानों पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगे स्ट्रीट लाइट वर्षों से खराब पड़े हैं। इसकी देखरेख करने के लिए कोई विभाग तैयार नहीं है। उतरौला तहसील के विभिन्न चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, ऐतिहासिक मंदिर व मस्जिदों के पास विधायकों ने अपने फण्ड से स्ट्रीट लाइट के लिए बड़े बड़े पोलो पर हाई मास्ट के स्ट्रीट लाइटें लगवाई। लेकिन वह कुछ ही समय बाद खराब हो गई। स्ट्रीट लाइट के खराब होने के बाद कोई विभाग उसे ठीक कराने को तैयार नहीं है। स्ट्रीट लाइट के वर्षो खराब रहने पर सार्वजनिक स्थल पर अंधेरा रहता है। सरकार ने स्ट्रीट लाइट के देखरेख के लिए किसी विभाग को जिम्मेदारी नहीं दी।

# चंद्रशेखर मिश्र को कर्मयोगी सम्मान

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिले के शिक्षक चंद्रशेखर मिश्र को रविवार को अयोध्या धाम में साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच रामोत्सव में अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान के लिए कर्मयोगी सम्मान 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के 75 जिलो से उपस्थित शिक्षकों ने अपने कार्यों की प्रस्तुति किया।

कार्यक्रम में संतकबीरनगर जिले से चंद्रशेखर मिश्र ने प्रतिनिधित्व किया। प्रदेश भर के शिक्षकों के इस शैक्षिक समागम में गुरु वशिष्ठ के राम विषय पर शैक्षिक संगोष्ठी हुई। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं पर्यटन विभाग के सलाहकार आशुतोष त्रिवेदी के संयोजकत्व में चंद्रशेखर मिश्र ने अपने विचार प्रस्तुत किये।



अयोध्या में रामोत्सव मंच पर शिक्षक चंद्रशेखर मिश्र को सम्मानित करते पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

शिक्षक चंद्रशेखर मिश्र की इस उपलब्धि पर बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, डायट प्राचार्य धीरेंद्र त्रिपाठी, बीईओ ज्ञान प्रकाश मिश्र, नवीन कुमार दूबे, नवीन कुमार श्रीवास्तव, अंबिका देवी, अशोक कुमार गुप्ता, अविनाश गुप्ता, विवेक मिश्र, संध्या पटेल, राजकुमारी, राकेश मौर्या, हरिकेश सिंह, संतोष कुमार, इंदू यादव, वर्षा चौहान, शमशेर बहादुर आदि लोगों ने उन्हें बधाई दिया है।

# जनपद को मिलेगी हवाई सेवा की सौगात

- एयरपोर्ट के विस्तार के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले मकानों व पेड़ों के मूल्यांकन का डीएम ने दिया निर्देश

**बलरामपुर, अमृत विचार।** देश के प्रधानमंत्री द्वारा श्रावस्ती एयरपोर्ट का लोकार्पण किया गया। श्रावस्ती के साथ ही साथ जनपद बलरामपुर को भी हवाई सेवा सुविधा की सौगात मिलेगी। जनपद में श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तार हेतु राजस्व ग्राम बगाही व उसी का पूर्व एलहवा में 40.5 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण 1070 खातेदारों से किया जाएगा।

भूमि अधिग्रहण को अंतिम रूप दिए जाने का डीएम अरविंद सिंह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी के क्रम में डीएम ने चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व ग्राम का नक्शा देखा व भूमि अधिग्रहित किए जाने को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण में आने वाले सभी मकानों एवं पेड़ों का मूल्यांकन करते हुए खातेदारों से बैनामा कराए जाने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किए जाने का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी के सड़क का भी मूल्यांकन का लिए जाने व सड़क के लिए जगह भी चिन्हित कर लिए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसपी केशव कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार जनपद में किए जाने के लिए भूमि का निरीक्षण करते डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

# भूमि विवाद से जोड़ कर देखा जा रहा नंदिनी हत्याकांड

## बिना पैसे दिए बालकिशुन राजभर की जमीन का बैनामा कराने व उसकी हत्या के विरोध में उसके परिजनों का साथ दिया था

संवाददाता, संतकबीरनगर

- सुभासपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोतवाली पुलिस पर अभियुक्तों से मिली भगत का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा मोहल्ले में सुभासपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर की निर्मम हत्या को स्थानीय लोग और सुभासपा कार्यकर्ताओं द्वारा जमीनी विवाद से जुड़ा बता रहे हैं।

बताते चलें कि लगभग 10 दिनों पूर्व कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा निवासी बालकिशुन राजभर पुत्र सत्ते की करोड़ों रूपये की जमीन साजिश रच कर बिना रूपये दिये रजिस्ट्री करा लेने और अज्ञात लोगों द्वारा बालकिशुन की हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर रखकर हत्यारों द्वारा आत्म हत्या दर्शाने का आरोप लगाते हुए नंदिनी राजभर के नेतृत्व में परिजनों ने डीएम कार्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया था। मृतक बालकिशुन राजभर की पत्नी सरोजा देवी और उनके बच्चों को न्याय दिलाने के लिए नंदिनी राजभर ने मोर्चा खोल दिया था। आंदोलन के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया था। इसी बीच रविवार की शाम नंदिनी राजभर को उनके बेडरूम में ही अज्ञात हत्यारों ने मौत के घाट उतार दिया।

### शैलेश कुमार राजभर ने जताई खुद के हत्या की आशंका

डीघा निवासी बालकिशुन राजभर का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने और मृतक की जमीन को साजिश रच कर हड़पने के मामले को लेकर मृतक बालकिशुन राजभर की पत्नी और बच्चों को न्याय दिलाने के लिए सुभासपा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर के पैदल मार्च का नेतृत्व करने वाले शैलेश कुमार राजभर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय जल सत्याग्रह आन्दोलन व राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय राजभर संगठन को अपराधियों से जान का खतरा सताने लगा है। उन्होंने मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से अपने जान की सुरक्षा किये जाने की मांग वाट्सएप और ई मेल के माध्यम से कर दिया है।


कोतवाली पुलिस पर आक्रोश जाहिर करते सुभासपा राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर।


घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ करते एएसपी शशि शेखर सिंह। अमृत विचार

### उठा सवाल - घनी आबादी के बीच दिन में हुई हत्या और हत्यारों को किसी ने देखा तक नहीं

डीघा मोहल्ले में नंदिनी राजभर के घर के चारों तरफ घनी आबादी है। वहां पहुंचने के लिए दो तरफ से संकरी गलियां हैं। सभी मकानों के दरवाजे आमने-सामने हैं। इसके बावजूद किसी ने हत्यारों को आते-जाते देखा तक नहीं यह बात आम जनता को हजम नहीं हो रही है। मृतका के कमरे की स्थिति उसके हत्यारों से संघर्ष की गवाही दे रहे हैं। संघर्ष के दौरान मृतका नंदिनी राजभर ने शोर भी मचाया होगा। लेकिन मोहल्ले के लोगों को ना तो उसकी चीखें सुनाई दीं और ना ही हत्यारों को किसी ने आते जाते देखा। यह बात पुलिस अधिकारियों और आम जनता को हजम नहीं हो रही है।

### सुभासपा राष्ट्रीय सचिव ने कोतवाली पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

घटना की सूचना पर पहुंचे सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर ने कहा कि कोतवाली पुलिस की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि बालकिशुन राजभर की जमीन बैनामा कराने वालों ने उसकी हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर रखकर रेल दुर्घटना साबित करने का प्रयास किया। नंदिनी राजभर ने पीड़ित को इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ी। आरोपी नंदिनी राजभर को लगातार जान से मार देने की धमकियां दे रहे थे। नंदिनी ने इस बात की सूचना कोतवाली पुलिस को दिया था। इसके बावजूद कोतवाली पुलिस ने नंदिनी राजभर की सुरक्षा और दोषियों की गिरफ्तारी का कोई प्रयास नहीं किया। कोतवाली पुलिस की लापरवाही के चलते सुभासपा की बेहद कर्मठ और जूझारु नेत्री की निर्मम हत्या हो गई।

### अभियुक्तों की होगी शीघ्र गिरफ्तारी : एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने बताया कि फारेंसिक टीम के साथ पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा कर लिया है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। शीघ्र ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस की लापरवाही का मामला पाया गया तो सम्बन्धित के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### दुकान में चोरी के बाद ऑफिस में लगाई आग


दुकान के ऊपर बने ऑफिस में अग्निकांड के बाद जला सामान। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, अमृत विचार, बलरामपुर।** नगर के गोंडा रोड पर गेल्हापुर मंदिर जाने वाले मोड़ के निकट गौरव पाहवा पुत्र स्व. प्रेम पाहवा मशीनरी स्टोर की दुकान करते हैं। नीचे दुकान है तथा ऊपर ऑफिस व आवास बना रखा है। ऑफिस में सोलर पैनल सहित महंगे सामान रखते हैं। गौरव के मुताविक शनिवार रात लगभग आठ बजे दुकान बंद कर ऊपर चले गए थे। भोजन के बाद रात 12 बजे तक पत्नी नेहा, पुत्र आरव व पुत्री आरिका के साथ बातचीत करते रहे। उसके बाद वह दूसरे कमरे में सोने चले गए। गौरव सुबह चार बजे घूमने जाते हैं। सुबह पौने चार बजे उनकी नींद खुल गई। बाहर निकलना चाहा तो कमरे का दरवाजा बाहर से लॉक था। पत्नी को फोन कर दरवाजा बाहर से बंद होने की जानकारी दी। नेहा ने बाहर निकलना चाहा तो उनके भी कमरे का दरवाजा बाहर से लॉक मिला। नेहा के मुताविक उन्होंने अनहोनी की आशंका के मद्देनजर सीसीटीव कैमरे का जायजा लिया। डिस्प्ले में देखा कि लगभग 20 मिनट पहले दो युवक दुकान में मौजूद थे। वे सामान इधर-उधर कर रहे थे। एक ने चेहरे पर रुमाल बांध रखी थी, जबकि दूसरे का केवल पीठ दिख रहा था। नेहा ने जोर-जोर से दरवाजे को हिलाया तो बाहर की कुंडी खुल गई। उन्होंने पति के कमरे का दरवाजा भी खोल दिया। गौरव के फोन करने पर पुनीत पाहवा, मलय पाहवा, दिनेश पाहवा व पवन पाहवा उनके घर के बाहर पहुंच गए थे। सभी ने फोन पर गौरव को जानकारी दी कि ऑफिस से आग की लपटें उठ रही हैं। घर के अंदर रहना खतरनाक हो सकता है। गौरव पत्नी समेत किसी तरह नीचे उतर आए। घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह हमराहियों के साथ गौरव के घर पहुंचे। फायर ब्रिगेड ने पानी का छिड़काव शुरू किया। एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने जांच में पाया कि दुकान के पीछे खिड़की की जाली कटी है। खिड़की में सरिया न होने के कारण चोर पीछे के रास्ते दुकान में घुसे हैं। पीछे लगा सीसीटीवी कैमरा खराब पाया गया। गौरव के मुताविक कैमरा दो दिन पहले तक ठीक था। दुकान के अन्दर से घर में घुसने के लिए दरवाजा लगा है। चोर उसी रास्ते घर में घुसे थे। गौरव के मुताविक बैटरी, मोटर, आटा चक्की, पम्पसेट व अन्य कीमती मशीनरी दुकान से चोरी हुआ है, जिसकी कीमत लगभग दस लाख रुपए है। ऑफिस में रखी पांच एसी व पांच लाख रुपए कीमत के अन्य महंगे सामान राख हो गए हैं। दराज में रखा 40 हजार रुपया कैश चोरी हुआ है। उनका कहना है कि चोर अपने साथ कोई बड़ा वाहन लाए थे, जिसपर सामान लादकर ले गए। कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस की जांच चल रही है। आसपास लगे सीसीटीवी में चोरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। चोरों को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### संतोष सिंह को एमएलसी प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी

**संतकबीरनगर।** जिले के ग्राम गंगा देवरिया निवासी और वरिष्ठ भाजपा नेता सन्तोष सिंह को पार्टी द्वारा विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी घोषित किए जाने पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। भाजपा नगर अध्यक्ष खलीलाबाद सतविंदर पाल सिंह जज्जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशियों का इजहार किया। नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी ने कहा कि देश की एकलौती राजनैतिक पार्टी भाजपा है जिसमें साधारण कार्यकर्ता को भी उच्च पदों तक पहुंचने का अवसर मिलता है। परिवार वादी पार्टियां तो सिर्फ अपने परिजनों को ही पोषित करने में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के गौरव संतोष सिंह के एमएलसी पद पर मनोनीत होने पर जिले की आवाज उच्च सदन में सुनाई देगी और कार्यकर्ताओं को सम्बल मिलेगा। इस अवसर पर विष्णु मिश्र, कन्हैया वर्मा, महामंत्री मुरलीधर जायसवाल, नितिन सिंह, विकास गुप्ता, सुधांशु सिंह, कमलेश जायसवाल, शुभम राय, उपाध्यक्ष देवी प्रसाद पांडेय, राधेश्याम जयसवाल, जितेंद्र गुप्ता, सोहनलाल जायसवाल आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार ज्ञापित किया है।

# बाहरी प्रत्याशी के मुद्दे को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

**बलरामपुर, अमृत विचार।** भाजपा के बाहरी प्रत्याशी के विरोध में शुक्रवार को पार्टी कार्यालय अटल भवन पर लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिस पर पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह लोकसभा संचालन समिति की बैठक अंदर कर रहे थे। उसी दौरान लोग बाहरी प्रत्याशी बाहर जाओ। योगी मोदी से बैर नहीं, बाहरी प्रत्याशी का खैर नहीं जैसे नारे लगा रहे थे। स्थिति को भांपकर पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कार्यालय पर पुलिस फोर्स बुला ली।

शनिवार को दुग्ध व पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर आए थे। उनके यहां पहुंचने के पूर्व ही भाजपा कार्यालय अटल भवन पर सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे। आम जनमानस पार्टी द्वारा घोषित बाहरी प्रत्याशी साकेत मिश्र का विरोध कर रहे थे। लोगों का कहना था कि उन्हें बाहरी प्रत्याशी नहीं चाहिए। उनके यहां योग्य व लोकप्रिय प्रत्याशी पहले से थे। लोगों का आरोप था कि बाहरी लोग यहां आकर चुनाव जीतकर चले जाते हैं वे पांच साल जनता की सुधि लेने नहीं आते हैं।


भाजपा कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

कई संगठन के नेता व प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विरोध करते हुए अटल भवन पर जोरदार प्रदर्शन किया। लोग मंत्री धर्मपाल सिंह को ज्ञापन देना चाह रहे थे। पार्टी कार्यालय के बाहर भीड़ देखकर भाजपा के जिला नेतृत्व के हाथ पांव फूल गए। क्योंकि बैठक में भाजपा प्रत्याशी भी मौजूद थे। आनन-फानन में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने पुलिस फोर्स बुला ली। पुलिस प्रशासन के पहुंचने के बाद आक्रोशित लोगों को हटाने के लिए प्रशासन को भारी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों का कहना था कि वे लोग पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। पार्टी नेतृत्व का निर्णय आहत करने वाला है। अगर नेतृत्व टिकट पर पुनर्विचार नहीं करता है तो वे लोग नोटा का बटन दबाकर विरोध करेंगे। प्रदर्शन के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के सरदार समप्रीत सिंह, भाजयुमो महामंत्री आकाश मिश्रा, बूथ अध्यक्ष रिंकू सिंह, मंडल अध्यक्ष अरविंद तिवारी, राकेश गुप्ता, शिवम यादव, अंकित पासवान, पारसनाथ यादव, सुधीर शुक्ला, अनुरुद्ध मौर्या, कृष्ण कुमार गुप्ता, बालेन्द्र श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, अखिल मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के मण्डल अध्यक्ष सहित कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## रोष

- कई संगठनों के नेता व प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अटल भवन पर विरोध जताया

# संगठन की मजबूती के लिए काम करें कार्यकर्ता : जिलाध्यक्ष

- रणजीत उर्फ पप्पू जायसवाल गोरखपुर के बने प्रभारी

**मगहर, संतकबीरनगर।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की आवश्यक बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष आत्मा तिवारी की अध्यक्षता में मगहर पुलिस चौकी के पास सम्पन्न हुई।बैठक में संघटन की मजबूती व क्षेत्रों में जाकर संगठन के कार्यकर्ताओं को संघटन से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिये कार्य करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही रणजीत उर्फ पप्पू जायसवाल को गोरखपुर जिले का जिला प्रभारी मनोनीत किया गया। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि वे गोरखपुर जिले में संघटन को ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए मजबूत करने का कार्य करेंगे।

बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिये अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जारहा है। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों, दबे कुचले लोगों की हर समस्याओं के समाधान के लिये हर समय तैयार रहता है। बैठक में लोगों से संगठन से लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने पर बल दिया गया।इसके साथ ही सर्वसम्मति से रणजीत कुमार उर्फ पप्पू जायसवाल को गोरखपुर जिले का जिला प्रभारी मनोनीत किया गया। जिससे संगठन और मजबूत हो सके।जिलाध्यक्ष आत्मा तिवारी ने कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा उतना ही लोगों की समस्याओं को सुलझाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर मंडल सचिव बस्ती जुग्गीलाल निगम, अनिल चौहान, तनवीर आदि मौजूद रहे।

## खेलकूद

### पुरुष वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिताएं और पुरस्कार वितरण आज : उप क्रीड़ा अधिकारी

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में 98 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कांशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम खलीलाबाद में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में रविवार को एथलेटिक्स पुरुष वर्ग, हैण्डबाल, बास्केटबाल पुरूष सीनियर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आरंभ उप क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार ने पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर, बास्केटबाल और हैण्डबाल फाइनल मैच के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता शुरू कराया। इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रमेश प्रसाद, जिला फुटबाल संघ के सचिव बी.के. विश्वास, जिला वालीबॉल संघ के सचिव चन्द्रबली यादव व स्टेडियम के सभी कर्मचारी और खेल प्रेमी मौजूद थे।

उप क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि रविवार को एथलेटिक्स पुरूष वर्ग की सीनियर जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 98 पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि बास्केटबाल पुरुष वर्ग सीनियर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के मैच का पहला मैच ईगल क्लब बनाम पंजाब क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पंजाब क्लब 38-12 से विजय रही। विजयी टीम की तरफ से अंम्बिका श्रीवास्तव ने 6 अंक बनाकर विजय प्राप्त किया।प्रतियोगिता का दूसरा मैच चन्द्र क्लब बनाम एनपीएस एकेडमी के बीच खेला गया जिसमें चन्द्र क्लब 42-18 से विजयी रही। विजयी टीम की तरफ से अरूणेन्द्र ने 12 अंक बनाए। प्रतियोगिता का तीसरा मैच स्टेडियम एकादश बनाम टाइगर क्लब के बीच खेला गया। जिसमें 36-21 से स्टेडियम एकादश विजयी रही। विजयी टीम की तरफ से रविकान्त ने 16 अंक अर्जित किये। प्रतियोगिता का चौथा मैच स्टेडियम जूनियर बनाम विलसन क्लब के बीच खेला गया। जिसमें स्टेडियम जूनियर 32-16 से विजयी रही। विजयी टीम की तरफ से अनुराग ने 6 अंक बनाए।


खेल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। अमृत विचार

प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल मैच पंजाब क्लब बनाम स्टेडियम जूनियर के मध्य खेला गया जिसमें पंजाब क्लब 48-32 से विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच चन्द्रा क्लब बनाम स्टेडियम एकादश के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम एकादश 52-46 से विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पंजाब क्लब बनाम स्टेडियम एकादश के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम एकादश ने 52-47 से विजयी रही। विजेता टीम की तरफ से रविकान्त ने 22 अंक का योगदान अपने टीम के लिये किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाम अनिल पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम 17-15 से विजयी रही। विजयी टीम की तरफ से शिवा राय और प्रिंस ने 4-4 गोल किये। अनिल पब्लिक स्कूल की तरफ से आदित्य ने 3 और चमन ने 2 गोल किये। आज सुबह 10 बजे पुरुष वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन और पुरस्कार वितरण स्टेडियम के बहुउदेदशीय हाल में कराया जाएगा।

# पत्रकारों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम संपन्न

**संतकबीरनगर।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा खलीलाबाद शहर में पत्रकारों के लिए तीन दिवसीय नि:शुल्क हैप्पीनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें तनावमुक्त और शारीरिक ऊर्जा के लिए सुदर्शन क्रिया को लाभकारी बताया गया। मीडिया स्पेशल विशेष कार्यक्रम के इस आयोजन में दौड़ भाग भरी जिंदगी में तनाव मुक्त खुश कैसे रहें इसके बारे में जानकारी देते हुए सभी को प्रशिक्षित किया गया। आर्ट ऑफ़ लिविंग के प्रशिक्षक पीयूष मिश्र व अमित जैन ने सभी को अभ्यास कराते हुए बताया कि तनावमुक्त रहने, इम्यूनिटी बढ़ाने तथा शारीरिक ऊर्जा बढ़ाने में सुदर्शन क्रिया और प्राणायाम बहुत ही लाभकारी है। सुदर्शन क्रिया लोगों को डिप्रेशन से बाहर निकालती है। जिससे लोग खुश रहना सीख जाते हैं। प्रशिक्षक अमित जैन ने कहा कि आर्ट आफॅ लिविंग के संस्थापक गुरू रवि शंकर महाराज के सान्निध्य में करोड़ों लोगों को योग, प्रणायाम, ध्यान, सुदर्शन क्रिया सिखाया जा रहा है। इस मौके पर श्रवण कुमार अग्रहरि, राज नारायण मिश्र, सुनील गुप्ता, नीरज शर्मा, गोरखनाथ मिश्र, नीरज त्रिपाठी, विजय गुप्ता, देवीलाल समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्राओं ने मोहा मन


करुणा मेमोरियल इण्टर कालेज मे आयोजित वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले के करुणा मेमोरियल इण्टर कालेज विशुनापुर भगवतीगंज में धूमधाम से वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी, प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय मानव कल्याण उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि जेएसपी मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंध संघ, सलिल सिहं, विनोद कुमार मिश्र, अवनीश मिश्र, विजय कुमार पांडे, विनय वर्मा व बहुत से विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शिव मोहन तिवारी और प्रधानाचार्य ने बैच और स्मृति चिन्ह देकर विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया। उसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## एक नजर

### सपा ने बनवाया था आजमगढ़-मुरादाबाद एयरपोर्ट : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आजमगढ़ और मुरादाबाद का एयरपोर्ट नेताजी और समाजवादी पार्टी ने बनाया था, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को किया। सपा प्रमुख ने कहा कि डबल इंजन की सरकार एयरपोर्ट नहीं बना पा रही। रसूलाबाद में एक हवाई पट्टी बनाई थी, सरकार बनते ही उस पर हवाई जहाज उतार दिया। आज वहां पूरी हवाई पट्टी पर बबूल उग गया है। ये केवल दिखावा है। चुनाव आ गया है तो दिखाना है कि हमने कुछ काम किया है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य हो सकते हैं इंडिया गठबंधन का हिस्सा

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी से हाल ही में निकलकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य से रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हो सकते हैं। सपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। सपा ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 17 सीटें देने की घोषणा की है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इंडिया गठबंधन में आने की स्थिति में सीटों के बंटवारें को लेकर पेंच फंस सकता है। सूत्रों का कहना है कि सपा द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य को एक भी सीट न दिए जाने की स्थिति में कांग्रेस अपने हिस्से की एक सीट दे सकती है।

# पिछली सरकारों ने चीनी मिलों को औने-पौने दामों पर बेचा : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री दया शंकर सिंह, मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने औने-पौने दाम पर चीनी मिली बेच दिया। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने के साथ औद्योगिकरण, विश्वविद्यालय, कॉलेज, सड़कें-पुल आदि तमाम सौगात दी। गोरखपुर समेत शहरों को इज ऑफ लिविंग के लिए ऐसा स्मार्ट बनाने का निर्देश दिया कि दुनिया सीखे।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर नगर निगम की 482 करोड़ रुपये की 253 विकास परियोजनाओं, देवरिया को 679 करोड़ रुपये की 673 विकास परियोजनाओं और कुशीनगर में 2,134 करोड़ की 483 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार 50 साल की गारंटी वाली सड़कें बनवा रही है। गोरखपुर शहर की सुंदरता में रामगढ़ताल की चर्चा करते हुए कहा कि जो रामगढ़ताल 7 साल

**▸▸ इज ऑफ लिविंग के लिए शहरों को स्मार्ट बनाने की जरूरत: मुख्यमंत्री**

पहले गंदगी और अपराध का गढ़ था, जिसके समीप सर्किट हाउस में किसी वीआईपी को ठहराने से पहले पीएसी लगानी पड़ती थी, वह आज सेल्फी और शूटिंग का केंद्र बन गया है। कहा कि आज गोरखपुर के पास सबकुछ है। इसे संजोने और संवारने का काम नगर निगम का है।

देवरिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आम जनमानस 'फिर एक बार मोदी सरकार' का संकल्प ले चुकी है। अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

कुशीनगर में योगी ने कहा कि भारत आज किसी के सामने झुकता नहीं और न तो अपने लक्ष्य से हटता है। ये आपके वोट की ही ताकत है कि पांच सदी का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनकर तैयार हुआ। योगी ने सवाल भी पूछा कि क्या सपा, बसपा या कांग्रेस की सरकार होती तो राम मंदिर का निर्माण हो पाता। उन्होंने कहा कि आज देश की आवाज है, 'फिर एक बार मोदी सरकार।' अगर विकास और समृद्धि चाहिए तो इसके लिए लक्ष्मी जी की कृपा भी चाहिए और लक्ष्मी जी कमल पर बैठकर ही आती हैं।

### ये भी रहे उपस्थित

कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, ग्राम्य विकास की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, सांसद सांसद रविकिशन शुक्ला, सांसद विजय कुमार दुबे, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी, सांसद रविंद्र कुशवाहा, विधायक सादर डॉ शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक विवेकानंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

## उपेक्षित पिछड़ी जातियों को 2.57 लाख सीएम आवास

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सात साल में कुल 2.57 लाख आवासों का आवंटन किया। खास बात ये है कि बड़ी संख्या में उपेक्षित मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास दिए गए हैं।

दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है, जबकि कुष्ठ रोग, कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस/एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियो से ग्रसित लोगो को भी आवास उपलब्ध कराए गए हैं। शासन के मुताबिक मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार ने 2018-19 से 2023-24 तक मुसहर जाति से जुड़े लोगों को 47,795 आवास, कोल को 29,923, वनटांगिया को 4,838, थारू को 3,233, सहरिया को 6,979, चेरो को 5,367, बैगा को 1,584, नट को 2,220, बोक्सा को 164, और पछइया लोहार को 17 व गढ़इया लोहार को 11 आवास प्रदान किए गए हैं। वहीं, 71,257 आवास दिव्यांगजन को प्रदान किए गए हैं तो दैवीय आपदा से अपना मकान गंवाने वालों को भी 78,101 आवास प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा कुष्ठ रोग से पीड़ित 5,021, जेई/ एईएस को 674 और कालाजार पीड़ितों को 249 आवास आवंटित किए गए।

## श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू होंगे नवोदित कलाकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ ललित कला अकादमी की ओर से अयोध्या में राष्ट्रीय चित्रकला शिविर आज से**

**▸▸ देश-प्रदेश के सुप्रसिद्ध 51 नामचीन चित्रकार लेगें हिस्सा तैयारी पूरी: निदेशक**

**अमृत विचार:** अयोध्या में श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद राज्य सरकार नवोदित कलाकारों को श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू कराएगी। रामोत्सव-2024 के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी की ओर से 11 से 16 मार्च तक राष्ट्रीय चित्रकला शिविर इसका माध्यम बनेगा। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार हिस्सा लेंगे।

यह जानकारी देते हुए राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि रामोत्सव 2024 के जरिए अयोध्या में देश-प्रदेश के कलाकारों को कला-संस्कृति, साहित्य का बड़ा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में कलाकृतियों के जरिए भी दिग्गज कलाकारों की शैली और तकनीक को जानने का अवसर भी छात्र छात्राओं को मिलेगा। राममय अयोध्या को कलाकार किस दृष्टि से देखते हैं, इस शिविर का आयोजन भी इसी उद्देश्य के साथ किया गया है। शिविर अवधि में वरिष्ठ कलाकारों द्वारा अपने कार्यों का स्लाइड शो व व्याख्यान भी दिया जाएगा। शिविर में स्थानीय स्तर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का सहयोग भी रहेगा।

बताया कि अयोध्या में देश के सभी प्रदेशों से आए सुप्रसिद्ध कलाकार भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन एवं उनसे संबंधित पात्रों को चित्र के माध्यम से जीवंत एवं मूर्त रूप में सृजित करेंगे। चित्रकला शिविर में नवोदित कलाकार एवं कला के विद्यार्थियों को चित्रकला की बारीकियों को देखने एवं सीखने का सुअवसर प्राप्त होगा। शिविर के तहत 51 वरिष्ठ कलाकार चित्रकला के जरिए युवाओं को श्रीराम का जीवन दर्शन बताएंगे। शिविर में प्रोफेसर एस प्रणाम सिंह, किशन सोनी, राजेंद्र प्रसाद, कन्नू पटेल, नवल किशोर सरीखे कलाकार हिस्सा लेंगे। शिविर अवधि में सभी प्रतिभागी कलाकारों द्वारा एक-एक कलाकृति का सृजन किया जाएगा। साथ ही कम से कम एक-एक स्केच भी चित्रित किया जाएगा। शिविर अवधि में सृजित चित्र और स्केच अकादमी के होंगे। इन्हें शिविर के पश्चात प्रदर्शित भी किया जाएगा।

## ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करते चार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ 25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला दिया जाता है डिवाइस**

**अमृत विचार:** आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट की रविवार को आयोजित परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने वाले चार अभ्यर्थियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यह चारो आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट (लखनऊ) से पकड़े गए हैं। इनमें कन्नौज का अमित कुमार, आगरा का जयप्रकाश, जोधपुर राजस्थान का विकास बिश्नोई तथा पलवल जिले का अभिषेक हैं।

एसटीएफ के मुताबिक आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा सेना के अधिकारियों को इस बात से अगवत कराते हुए आर्मी इन्टेलीजेन्स लखनऊ टीम के साथ मिलकर आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट पहुंच गई। जांच के दौरान 4 अभ्यर्थियों को ब्लूटुथ डिवाइस के माध्यम से नकल करते हुए पकड़ लिया गया।

अभ्यर्थियों ने पूछताछ पर बताया कि वह आर्मी की परीक्षाओं की तैयारी करते थे। इस दौरान कुछ अन्य छात्रों ने बताया कि एके सिंह (आगरा) और कुनाल (दिल्ली) द्वारा 25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला डिवाइस दिया जाता है। सम्बन्धित परीक्षा में उसी डिवाइस के माध्यम से प्रश्न पत्र हल कराने के बदले 5-5 लाख रूपये लिया जाता है।

## एसटीएफ ने 20 हजार के इनामी तस्कर को किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने रविवार को अन्तर्राज्यीय गो-तस्कर को आजमगढ़ से गिरफ्तार किया है। अबुल कैश उर्फ कैश मोहम्मद नाम के इस तस्कर की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इसके खिलाफ आजमगढ़ में 14 मुकदमें दर्ज हैं। आजमगढ़ एवं आस-पास के जनपदों से बिहार में गोवंश की तस्करी करने वाले गिरोहों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ टीम को उसके गंभीरपुर क्षेत्र में होने की सूचना मिली। उसके टीम ने सक्रियता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। अबुल कैश ने बताया कि लगभग तीन माह पूर्व एक पिकप गाड़ी में क्रुरता पूर्वक गो-वंषीय पशुओं को लोड होने का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में उसके और उसके साथी पप्पू यादव के खिलाफ गम्भीरपुर में मुकदमा दर्ज हुआ था। पिछले साल 8 दिसम्बर को गो-तस्करी के दौरान अपने सहयोगी पप्पू यादव के साथ मिलकर पुलिस टीम पर फायर करके भाग गया था। उस दौरान स्थानीय पुलिस ने एक मुठभेड़ में पप्पू यादव गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन अबुल कैश फरार हो गया था।

## सहारनपुर के विस्तार की कार्ययोजना बनाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ दिल्ली व अंबाला रोड को व्यावसायिक पोटेंशियल के दृष्टिगत बाजार मार्ग किया घोषित**

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने देवभूमि का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले सहारनपुर का महायोजना के तहत विस्तार करने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया है। इसमें सहारनपुर में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास को सुनियोजित ढंग से अमलीजामा पहनाया जाएगा।

विस्तार वर्ष 2031 तक अनुमानित सहारनपुर नगर क्षेत्र की कुल जनसंख्या 11.77 लाख और योजना क्षेत्र की कुल अनुमानित जनसंख्या 13.73 लाख के अनुसार करने की योजना है। महायोजना के तहत निर्माणाधीन चुंहेटी देवला बाईपास के दोनों ओर 500 मीटर तक भू उपयोग, मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के निर्माण के दृष्टिगत जनता रोड पर मुख्यतः आवासीय भू उपयोग, देहरादून मार्ग पर औद्योगिक विकास के लिए उद्योग भू उपयोग और उद्योग शहर के बाहरी क्षेत्रों में स्थापित होने के अनुकूल भू उपयोग की योजना है। वहीं, दिल्ली रोड एवं अंबाला रोड को व्यावसायिक पोटेंशियल के दृष्टिगत बाजार मार्ग घोषित किया गया है जबकि व्यावसायिक एवं सामुदायिक भू उपयोग को मुख्य मार्गों से संबद्ध किया गया है। इसके अलावा महायोजना में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए भूमि चिन्हिकरण, लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब, वृहद सब सिटी सेंटर, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं शैक्षणिक सुविधाओं के लिए स्थान समेत अन्य सुविधाएं शामिल है। इसके साथ ही इकोनॉमिक डेवलपमेंट पर कार्य योजना बनाई जा रही है।

## भाजपा व लोकदल के समर्थकों ने कांग्रेस की सदस्यता की ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हरदोई से भाजपा नेता पूर्व विधायक ओमेन्द्र वर्मा के साथ आये उनके समर्थकों ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में जनपद बहराइच के राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष डॉ. अजीमुल्ला खान के साथ आये लोगों ने भी कांग्रेस का दामन थामा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, डॉ. सीपी राय, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, अंशू अवस्थी, सचिन रावत, विक्रम पांडेय मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रामनाथ वर्मा, साजिद हुसैन मंसूरी, शिवराज वर्मा, हरी सिंह, सईद अहमद, आरिफ बेग, अब्दुल अजीज, सगीर अहमद, समीर खान, आरए सिद्दीकी, अलिफ सिद्दीकी, मो. जैद, मो. आसिफ पूर्व बीडीसी सदस्यों के साथ सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

## पांच राज्यों तक जुड़ा पेपर लीक कनेक्शन अब फिर पूर्वांचल में आकर ठहरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ हर गिरफ्तारी पर आए नए कनेक्शन ने एसटीएफ को उलझाया**

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में एसटीएफ की जांच में अभी तक उप्र के अलावा पांच राज्यों तक जुड़ रहा कनेक्शन अब पूर्वांचल पर आकर ठहर गया है।

एसटीएफ की जांच में सामने आयी नई सूचना में पता चला कि कुछ लोग परीक्षा शुरू होने से पहले ही पेपर में आए सवालों की तैयारी करा रहे थे। इससे इस बात की आशंका गहरी हो गई है, पेपर कुछ दिन पहले ही लीक हो गया था। इस दिशा में वाराणसी और जौनपुर पर निगाह टिक गई है। एसटीएफ ने उन जिलों में अपनी सक्रियता तेज कर दी है।

दरअसल, पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ और जिले की पुलिस ने साढ़े तीन सौ अधिक गिरफ्तारी कर चुकी है, लेकिन अभी तक मास्टर माइंड पकड़ से दूर है। एसटीएफ सूत्रों का कहना है कि हर गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में नया एंगल सामने आ जा रहा है। कभी प्रिंटिंग प्रेस से पेपर लीक होने का अंदेशा सामने आया। इन सबके चलते उप्र के अलावा कभी बिहार तो कभी पश्चिम बंगाल तो कभी हरियाणा और मध्य प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का कनेक्शन सामने आया। इस दौरान कई गिरोहों के पकड़ में आने से तफ्तीश उलझती ही जा रही है, जिससे एसटीएफ अभी तक किसी नतीजे पर नही पहुंच पा रही है। इधर, हाल ही एसटीएफ की जांच में फिर कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिससे एक बार फिर उप्र में मास्टर माइंड के होने का अंदेशा हो चला है। इस क्रम में पूर्वांचल वाराणसी ओर जौनपुर में पेपर लीक की जड़ें तलाशी जा रही हैं।

## वेतनवृद्धि के लिए उप मुख्यमंत्री से मिले आउटसोर्स संघ के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत हैं 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारी**

**अमृत विचार :** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत करीब 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर आउटसोर्स संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की।

संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बताया कि वेतन बढ़ोतरी की पत्रावली शासन स्तर पर कई माह से लंबित है। पीजीआई, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, केजीएमयू, कैंसर संस्थान में करीब 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारी अलग-अलग पदों पर तैनात हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रितेश मल्ल और महामंत्री सच्चितानंद मिश्रा ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि आने वाले समय में आचार संहिता लग जाने से वेतन बढ़ोतरी का मामला रुक जाएगा। इसलिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव से वार्ता कर वेतन बढ़ोतरी के संदर्भ में उचित निर्देश जारी करवा दें। इस पर उप मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है।

## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2.(संगीत) मध्य रात्रि में गाई जाने वाली षाड़व जाति की एक रागिनी।

3.1. रोब, डींग, झूठी शान, अकड़ 2. घमंड, अभिमान।

4.1. तंत्र-मंत्र या जादुई तरकीबों द्वारा किया जाने वाला कोई काम, जादू करने की कला 2.(अंधविश्वास) टोटका, झाड़-फूंक।

6.1. देहरहित 2. आकृतिविहीन।

7.1. तेज़ होने का भाव, गतिशीलता 2. उग्रता, प्रबलता, तीव्रता 3. प्रखरता, तीक्ष्णता, पैनापन 4. शीघ्रता, जल्दी 5. दक्षता, होशियारी 6. अधिक चंचलता या चपलता 7. चलन से अधिक भाव हो जाना, महंगाई, 'मंदी' का विलोम 8. उत्साह; जोश।

8.1. काजल रखने का डंडीदार लोहे का पात्र 2. गोदने की स्याही रखने का पात्र।

**ऊपर से नीचे**

1.1. अनंत 2. पूरा, समूचा, मुकम्मल 3. अपार 4. असंख्य।

2. हर हाल में।

5.1. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखा जाना, (एनरोलमेंट) 2. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखने के लिए शुल्क के रूप में लिया जाने वाला धन।

6.1. आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | 2 स | ना | | | | 3 फ़ |
| | ह | | 4 सू | बे | दा | री |
| | जा | | बे | | | द |
| | ति | | दा | | 5 हि | |
| 6 इ | क | रा | र | ना | मा | |
| षु | | | | | ल | |
| | | 7 अ | वि | धे | य | |

## सुडोकू-85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

### सुडोकू -84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 10 .44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 23 .02 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष:** आज आर्थिक स्थिति बेहतर होने की संभावना है। यदि आपके बच्चे कॉलेज में पढ़ रहे हैं तो उनको लेकर तनाव हो सकता है। घर के सभी सदस्यों के साथ इसको लेकर चर्चा होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष:** आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। सावधानी के साथ धन का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है अन्यथा बड़ा नुकसान होने की प्रबल संभावना है। यदि पैसों को कहीं निवेश किया हुआ है तो वहां से नुकसान झेलना पड़ेगा।

**मिथुन:** आज दोस्तों से आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। पूरा दिन जोश से भरा हुआ होगा तथा जो काम कुछ दिनों से करने का सोच रहे थे वह कर देंगे। ऑफिस में कनिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कर्क:** आज किसी के साथ अनबन होने की संभावना है। ऐसे में पहले से ही किसी प्रकार के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। जीनवसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।

**सिंह:** आज कुछ बातें अपने दोस्तों के साथ साझा करना चाहेंगे। इसके लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है अन्यथा बातों को सही तरीके से समझा नहीं पाएंगे। पुराना डूबा हुआ धन मिलने की प्रबल संभावना है।

**कन्या:** आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पराक्रम में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर में सुख-शांति से रहेगी। अविवाहितों का विवाह तय हो सकता है।

**तुला:** आज व्यवहार में चिड़चिड़ापन देखने को मिलेगा। किसी के साथ कहासुनी भी हो सकती है। ऐसे में यदि आपने गुस्से को नियंत्रण में नहीं रखा तो बात बढ़ भी सकती है। धैर्य का परिचय देंगे तो बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक:** आज आप अपने घर में परिवर्तन संबंधी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं या फिर कोई नया घर लेने का विचार भी किया जा सकता है। इसको लेकर सभी के बीच गहन चर्चा भी संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु:** आज भाग्य आपके साथ हैं। बिगड़े हुए काम भी आसानी से बन जाएंगे। पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी मिल जाएगा। पुरानी स्मृतियों को सोच मन कुछ व्यथित हो सकता है। एलर्जी की समस्या हो सकती है।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। कुछ बातों को लेकर खुशी मिलेगी तो कुछ में असफलता भी हाथ लग सकती है। ऐसे में बुद्धिमता से काम लेंगे तो बेहतर रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों को आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

**कुंभ:** आज कई ऐसे अवसर आएंगे जब आपको स्वयं को परखने की आवश्यकता पड़ेगी। इससे मन खट्टा तो होगा, लेकिन मनोबल में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर के लोगों का पूरा साथ मिलेगा। संबंधों में नई ताजगी महसूस करेंगे।

**मीन:** आज मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे तथा काम में मन नहीं लगा पाएंगे। आपको लेकर घर वाले परेशान रह सकते हैं। किसी बात को लेकर ठोस निर्णय ले सकते हैं। भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मजाल
सुबह : 10 .49
आज का रावण
रात : 07 .10

SONY MAX
1942 : ए लव स्टोरी
सुबह : 10 .17
रॉकी हैंडसम
रात : 10 .07

SONY PIX
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग
सुबह : 11 .16
सिसु
रात : 07 .40

ZEE CINEMA
सत्याग्रह
सुबह : 10 .30
लॉस्ट
शाम : 04 .30

colors CINEPLEX
सनम बेवफा
सुबह : 11 .50
अग्निपथ
रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात 10 .07 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू – इतना परेशान क्यों है?
गप्पू – अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू – तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू – उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी– कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू– हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी– अपनी आदत से।

## एक नजर

### गो फर्स्ट समाधान पेशेवर को कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय संकट से जूझ रही 'गो फर्स्ट' विमानन कंपनी के समाधान पेशेवर (आरपी) को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि पट्टेदारों (किराए पर विमान मुहैया कराने वालों) के विमानों के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति देने संबंधी न्यायिक आदेशों की प्रथम दृष्टया जानबूझकर अवहेलना करने के लिए उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत के आदेशों को लागू करने की मांग करने वाले पट्टेदार द्वारा अवमानना कार्यवाही का अनुरोध किए जाने के बाद आरपी 12 अक्टूबर, 2023 के फैसले के कार्यान्वयन में कठिनाइयों की दलील नहीं दे सकता।

### ट्रेन में गोलीबारी करने में दो सिपाही बर्खास्त

**मुंबई।** पिछले साल जुलाई में मुंबई-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में चेतन सिंह चौधरी द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के दो सिपाहियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी पर आरोप है कि उसने पिछले साल 31 जुलाई को ट्रेन मुंबई के पास पालघर में थी तब अपने वरिष्ठ अधिकारी एएसआई टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है संकल्प

## महतारी वंदन योजना की शुरुआत कर मोदी बोले-डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण

रायपुर, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 'महतारी वंदन' योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य की 'डबल इंजन' सरकार (केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार) की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश में तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया है।

मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से रिमोट दबाकर इस योजना की शुरुआत की और 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। उन्होंने योजना की शुरुआत करते हुए कहा, ''छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को मेरा प्रणाम..आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली 'महतारी वंदन योजना' को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये देने का वादा किया गया था। भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आज महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं के खाते में अब हर महीने बिना किसी परेशानी के यह पैसा आता रहेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 (टी-1) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। अब इसका कुल क्षेत्रफल तीन गुना होकर 2,06,950 वर्ग मीटर हो गया है। विस्तारित टर्मिनल-1 के उद्घाटन के साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता मौजूदा चार करोड़ यात्रियों से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। हवाई अड्डा परिचालक डायल के अनुसार, सभी प्रवेश द्वारों पर चेहरा पहचानने की प्रणाली (डिजी यात्रा), 20 ऑटोमेटेड ट्रे रीट्राइवल सिस्टम्स (एटीआरएस), इंडीविजुअल कैरियर सिस्टम (आईसीएस), 108 कॉमन यूजेज सेल्फ सर्विस (सीयूएसएस) और 100 चेक-इन काउंटर हैं, जिनमें 36 सेल्फ बैगेज ड्रॉप (एसबीडी) कियोस्क शामिल हैं।

### ग्वालियर, जबलपुर व पुणे, कोल्हापुर हवाई अड्डों की इमारतों का उद्घाटन

**भोपाल/ पुणे।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश में ग्वालियर और जबलपुर हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि इस कार्यक्रम के लिए ग्वालियर हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र में पुणे और कोल्हापुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। ये टर्मिनल भवन विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सीएम यादव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया के नाम पर नए हवाई अड्डे का उद्घाटन बदलते भारत के विकास का एक नया कीर्तिमान है।

# दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति 15 मार्च तक होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- **खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी**

चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे से बनी रिक्तियों को भरने के लिए 15 मार्च तक दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होने की संभावना है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले ही गोयल ने शुक्रवार सुबह चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और कानून मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार चुनाव प्राधिकरण के एकमात्र सदस्य रह गये हैं। पांडे 14 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में एक खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी। इस समिति में गृह सचिव और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सचिव शामिल होंगे। बाद में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल होंगे, चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए दो व्यक्तियों का नाम तय करेगी। इसके बाद नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि चयन समिति सदस्यों की सुविधा के आधार पर 13 या 14 मार्च को बैठक कर सकती है और नियुक्तियां 15 मार्च तक होने की संभावना है।

## संविधान में संशोधन के लिए भाजपा को दो-तिहाई बहुमत दिलाना जरूरी : हेगड़े

**करवार (कर्नाटक)।** भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने रविवार को कहा कि प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने के लिये भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। हेगड़े ने छह साल पहले भी इसी तरह का बयान दिया था। हेगड़े ने कहा कि भाजपा को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।

## कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों सहित कई पार्टी नेता भाजपा में शामिल

जयपुर, एजेंसी

**राजस्थान में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई को करारा झटका देते हुए राज्य की पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र यादव और लाल चंद कटारिया सहित कई नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए।

कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्टी नेता रामपाल शर्मा, रिजु झुनझुनवाला और अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए। जयपुर में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा का दामन थामने वाले लाल चंद कटारिया और राजेंद्र यादव अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे थे।

## तेलंगाना में बीआरएस के चार और कांग्रेस का एक नेता भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दो पूर्व सांसद समेत चार नेता और कांग्रेस के एक नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्र में सत्तारूढ़ दल दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भाजपा में शामिल होने वालों में बीआरएस के पूर्व सांसद जी. नरेश, सीताराम तथा पार्टी के पूर्व विधायक एस. रेड्डी और जलगाम वेंकट राव और कांग्रेस नेता श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने पार्टी में उनका स्वागत किया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर नई दिल्ली के पुराना किला में विकसित भारत के दृष्टिकोण से संचालित कलाकृतियों की एक श्रृंखला बनाने के लिए आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान कलाकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग को देखते हुए। ● एजेंसी

### राहुल ने गुजरात में यात्रा के अंतिम दिन सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

**तापी (गुजरात)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात चरण के अंतिम दिन रविवार को सूरत में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यहां पत्रकारों को बताया कि चार दिन में गुजरात के सात जिलों से गुजरने के बाद यह यात्रा राज्य में समाप्त हो गयी है और यह एक दिन के विराम के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र नंदुरबार जिले से फिर से शुरू होगी। राहुल ने सूरत जिले के बारदोली में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। रमेश ने कहा- कुछ मिनटों के लिए वह स्वराज निवास में गए जिसे 1922 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने बनवाया था।

# एसबीआई की अर्जी पर आज सुनवाई करेगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

**चुनावी बॉण्ड मामला**

- **याचिका में एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का किया गया है अनुरोध**



उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की ''जानबूझकर'' अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। कोर्ट ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था और राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

### अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी: कपिल सिब्बल



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा बताए गए कारणों को ''बचकाना'' करार देते हुए रविवार को कहा कि अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी है और जब संविधान पीठ फैसला सुना चुकी है तो एसबीआई की याचिका को स्वीकार करना ''आसान नहीं होगा''। चुनावी बॉण्ड योजना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में मामले में याचिकाकर्ताओं के लिए दलीलें सिब्बल के नेतृत्व में पेश की गईं। उन्होंने कहा कि एसबीआई का दावा है कि डेटा को सार्वजनिक करने में कई सप्ताह लगेंगे, जिससे ऐसा लगता है कि ''कोई किसी को बचाना चाहता है।'' सिब्बल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए वीडियो साक्षात्कार में कहा कि यह स्पष्ट है कि एसबीआई का इरादा सरकार का बचाव करना है, अन्यथा बैंक ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि 30 जून तक बढ़ाए जाने का ऐसे समय में अनुरोध नहीं किया होता जब अप्रैल-मई में चुनाव होने हैं।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619.07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.42 अरब डॉलर हो गया।

### इंडियन बैंक के नए कार्यकारी निदेशक बने ब्रजेश कुमार सिंह

**चेन्नई।** केंद्र सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंह इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। इंडियन बैंक ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार ने नौ मार्च, 2024 की अधिसूचना संख्या 4/1(8) के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह को तीन साल के लिए इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक बनाया है।" इलाहाबाद कृषि संस्थान से कृषि स्नातक सिंह के पास बैंकिंग क्षेत्र में 28 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

# अगले 15 साल में मिलेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

## भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीए पर हस्ताक्षर को 'ऐतिहासिक पल' करार देते हुए कहा कि यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए ने अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है।

ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा- एफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। इसके एवज में भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी... कुल मिलाकर टीईपीए से हमें अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने और अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

### करार निष्पक्ष व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि यह एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने एक लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

### समझौते से भारतीय बाजार में सस्ती होंगी स्विस घड़ियां, चॉकलेट

भारत ईएफटीए ब्लॉक के साथ अपने व्यापार समझौते के तहत कलाई घड़ियों, चॉकलेट, बिस्किट और दीवार घड़ियों जैसे उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पादों पर क्रमिक रूप से सीमा शुल्क को समाप्त कर देगा। इससे घरेलू ग्राहकों को कम कीमत पर इन उत्पादों तक पहुंच मिलेगी। भारत और चार-यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए ने आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। विभिन्न देशों में इस समझौते को मंजूरी देने की विस्तृत प्रक्रिया के कारण इसे लागू होने में एक साल तक का समय लगेगा।

# भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वाणिज्य मंत्री बोले-सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का स्वागत**



भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है।

टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है।

### कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर घोषित होने की संभावना है। वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी का ताजा दौर कोयला मंत्रालय के नामांकित प्राधिकारी द्वारा 20 दिसंबर, 2023 को शुरू किया गया था। नौवें दौर में 32 कोयला खदानों को नीलामी पर रखा गया। अधिकारी ने कहा-नौवें चरण के नतीजे घोषित होने में अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इसके अंदर ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, ऑफलाइन रूप में कुल 40 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 374.04 अंक या 0.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद थे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई।

### एफपीआई ने मार्च में 6,100 करोड़ रुपये का किया निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है।

# मोबाइल विनिर्माण 10 साल में 21 गुना हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आईसीईए के मुताबिक, बढ़कर 4.1 लाख करोड़ रुपये हुआ**



भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण मूल्य के लिहाज से पिछले 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उद्योग निकाय आईसीईए ने बयान में कहा कि सरकार के पीएलआई जैसे नीतिगत उपायों ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा कि भारत अब अपनी कुल मोबाइल फोन मांग का 97 प्रतिशत स्थानीय स्तर पर उत्पादित करता है और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। आईसीईए ने कहा-मोबाइल फोन का उत्पादन 2014-15 के 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2,000 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात महज 1,556 करोड़ रुपये था। उद्योग को वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 1,20,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निर्यात की उम्मीद है। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि होगी। विनिर्माण पर एक नोट के अनुसार, स्मार्टफोन के क्षेत्र में एप्पल और सैमसंग ने देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत निर्मित उपकरणों को बड़ी मात्रा में ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली अमेरिकी बाजारों में निर्यात किया जा रहा है।

## कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लॉन्च



**दोहा।** दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस कतर एयरवेज ने लॉन्च कर दी है। कंपनी ने दुनिया की पहली डिजिटल ह्यूमन केबिन क्रू आईटीबी बर्लिन 2024 के दौरान पेश की है। इसका नाम समा है।

कंपनी ने एआई बेस्ड एयर होस्टेस का डेमो कतर वेब समिट के दौरान दिया था। ये केबिन क्रू ह्यूमन एयर होस्टेस को रिप्लेस नहीं करेगा। इसे बतौर फ्लाइट अटेंडेंट ट्रेनिंग दी गई है। यह खुद को अपडेट करती रहती

## लापता मछुआरों की खोज के लिए पाकिस्तान भारत से मांगेगा मदद

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- हिजामक्रो क्रीक में नाव पलटने से पांच मार्च को हुआ था हादसा, अब तक 31 लोगों के शव बरामद

पाकिस्तान सरकार 14 मछुआरों के शव बरामद करने के लिए भारत से मदद मांग सकती है, जो नाव पलटने के बाद से लापता हैं। सिंध के गांव इब्राहिम हैदर के 45 मछुआरे मछली पकड़ने गए थे, लेकिन पांच मार्च को थट्टा में केटी बंदर के पास हिजामक्रो क्रीक में नाव पलट गई। 31 मछुआरों को बचा लिया गया, जबकि 14 लापता हैं।

अधिकारियों ने कहा कि लापता लोगों को ढूंढने के लिए पाकिस्तानी नौसेना, समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के गोताखोरों द्वारा अभियान चलाया गया, लेकिन 14 लापता मछुआरों का पता नहीं चल सका। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के विधायक आगा रफीउल्ला ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से बात की थी और उनसे भारतीय अधिकारियों से संपर्क करने और लापता मछुआरों का पता लगाने के लिए उनकी मदद लेने को कहा था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सरकार मामले को भारतीय अधिकारियों के साथ उठाएगी, क्योंकि ऐसी आशंका है कि ज्वार की लहरें मछुआरों को भारत की क्षेत्रीय सीमा तक ले गई होंगी। रफीउल्ला ने कहा कि लापता मछुआरे के रिश्तेदारों के संपर्क में हैं।

## अमेरिकाः एडल्ट स्टार सोफिया लियोन का निधन

**वाशिंगटन।** एडल्ट फिल्म स्टार सोफिया लियोन का निधन हो गया है। 26 साल की सोफिया इस महीने की शुरुआत में अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। सौतेले पिता माइक रोमेरो ने उनके निधन की पुष्टि की है। फिलहाल मौत का कारण



सामने नहीं आया है। सोफिया की मौत के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। पिछले तीन महीने में ये तीसरा मामला है जब किसी एडल्ट स्टार की मौत हुई है। सौतेले पिता ने गोफंडमी पर उनके मेमोरियल के लिए पैसे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सोफिया एक मार्च को अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। फिर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

## स्मिशिंग से यूजर्स को फांस रहे साइबर ठग, संदिग्ध लिंक से बचें

भारत समेत दुनिया में एसएमएस धोखाधड़ी बढ़ रही है। इसे 'स्मिशिंग' कहा जाता है। साइबर सुरक्षा कंपनी प्रूफपॉइंट के अनुसार, दुनिया में रोज 4 लाख एसएमएस हमले होते हैं। साइबर लुटेरों के फैलाए इस जाल में फंसकर लोग अपने बैंक खातों से पैसा गंवा रहे हैं। जानते हैं 'स्मिशिंग' क्या है और इससे कैसे बचें...

**4** लाख एसएमएस हमले करके दुनिया में रोज साइबर लुटेरों लोगों को फंसा रहे

### स्मिशिंग, ईमेल ठगी से भी ज्यादा खतरनाक

स्मिशिंग ईमेल ठगी से अधिक खतरनाक मानी जाती है, क्योंकि ऐसे साइबर अपराधियों की पहचान करना मुश्किल होती है। जबकि, पीड़ितों को लगता है कि उनके नंबर का उपयोग केवल ज्ञात लोग ही कर सकते हैं।



### क्या है स्मिशिंग ठगी



स्मिशिंग साइबर हमला है, जो मोबाइल टेक्स्ट मैसेज भेजकर किया जाता है। इसे एसएमएस फिशिंग भी कहते हैं। इससे लोगों और कंपनियों दोनों को निशाना बनाया जाता है। ठग लोगों को भ्रामक संदेश भेजता है, जिसे पढ़कर लगता है कि किसी भरोसेमंद स्रोत से भेजा गया है। इनमें अक्सर एक लिंक होता है, जो यूजर को फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है। जब यूजर अपनी जानकारी (पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड डिटेल आदि) डालता है, तो ठग इसे चुरा लेता है। कुछ मामलों में मैसेज में मैलवेयर भेजा जाता है। पिछले साल 39% यूजर को कम से कम ठगी का एक मैसेज आया है।

### ठगी से कैसे बचें

अनचाहे संदेशों से सावधान रहें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करे। बैंक से जुड़ा संदिग्ध मैसेज मिले तो बैंक से संपर्क करें। निजी लेनदेन के लिए अलग ईमेल का इस्तेमाल करें। ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, ताकि संबंधित मामले में बचा जा सके।

### ऑनलाइन शिकायत दर्ज कैसे करें

चक्षु पोर्टल का लिंक sancharsaathi.gov.in पर उपलब्ध है। सरकार चक्षु के लिए एक एप बनाने पर काम कर रही है। अगर आपके पास धोखाधड़ी के इरादे से कोई कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज आता है तो पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। शिकायत में कॉल या एसएमएस आने का समय, तारीख और इससे जुड़ी सभी जानकारियां देनी होती हैं। रिकॉर्ड के तौर पर ऐसे कॉल या मैसेज का स्क्रीनशॉट भी देना होगा। अगर साइबर ठगी का शिकार हो चुका है तो उसे 'चक्षु' पोर्टल की बजाय भारत सरकार के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज करवानी चाहिए।

## एक नजर

### नरसंहार से नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहेः बाइडन

**विलमिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में हमास के खिलाफ अपने युद्ध के तरीके से इजराइल की मदद करने के बजाय उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाइडन ने कहा- इजराइल गाजा में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग खो सकता है। उनकी ताजा टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण होते संबंधों की ओर इशारा करती है। बाइडन ने गाजा में लोगों के बड़ी संख्या में मारे जाने पर बात की।

### पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर 10 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 10 आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना ने कहा, उत्तरी वजीरिस्तान जिले में खुफिया-आधारित अभियान चलाया। सेना कहा- पहले ऑपरेशन में आतंकवादियों के बीच झड़प में चार आतंकवादी मारे गए, जबकि अनुवर्ती सफाया अभियान के दौरान चार और आतंकवादी ढेर कर दिए गए। आईएसपीआर ने कहा कि एक अलग ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश में दो आतंकियों की मौत हुई है, जबकि पांच को हिरासत में लिया गया है।

### पश्चिम बंगाल में पहली बार राम नवमी पर सार्वजनिक अवकाश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने आगामी 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर पहली बार सार्वजनिक छुट्टी की घोषिणा की है। शनिवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि 17 अप्रैल 2024 को राम नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐसा अपनी हिंदू विरोधी छवि को भुनाने के लिए किया है, लेकिन अब बहुत देर हो गई है। बंगाल में हमेशा से दुर्गा पूजा, काली पूजा और सरस्वती पूजा बड़े त्योहार के रूप में मनाए जाते हैं।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन और बाढ़ से 19 की मौत, सात लापता

**पदांग (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लापता हैं। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी बताया है कि शुक्रवार देर रात कई टन मिट्टी, चट्टानें और उखड़े हुए पेड़ एक पहाड़ से लुढ़ककर एक नदी तक पहुंच गए। एजेंसी ने कहा इस आपदा में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचानक आई बाढ़ से कम से कम दो ग्रामीण घायल हो गए और बचावकर्मी ऐसे सात लोगों की तलाश कर रहे हैं जो र अब भी लापता हैं। एजेंसी ने कहा- राहत बचाव कार्य जारी है।

## टिकटॉक से प्रचार कर रहे बाइडन ट्रंप महिलाओं की आजादी के विरोधी

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः ट्रंप विरोधी नारों के बीच युवाओं को लुभाने में जुटे हैं राष्ट्रपति

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव लगभग तय हो गया है कि जो बाइडन का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगा। भले ही हाल के कई सर्वे में बाइडन की उम्र (81 वर्ष) को लोगों ने बड़ा मुद्दा माना हो, लेकिन बाइडन ने जेन-जी युवाओं को लुभाने में ताकत लगा दी है। इसके लिए बाइडन अपने प्रचार में ट्रंप के भूलने की समस्या का जिक्र करते हैं।

ट्रंप को महिलाओं की आजादी का विरोधी बताते हैं। गर्भपात कानून का जिक्र करते हैं। इजराइल-फिलीस्तीन मुद्दे पर युद्ध- विराम के अपने प्रशासन के प्रयासों को बताते हैं। बॉर्डर पर दीवार का विरोध करते रहे हैं। युवाओं तक पहुंच बनाने के लिए टिकटोंक पर भी प्रचार अभियान शुरू किया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडन को बहस की चुनौती दी है। ट्रंप ने कहा कि यह हमारे देश और लोगों के लिए अच्छा रहेगा कि बाइडन और मैं अमेरिका के लिए अहम मुद्दों पर बहस करें। मैं कहीं भी, कभी भी डिबेट के लिए तैयार हूं।

### अमेरिका में 20 फीसदी युवा मतदाता चुनाव में करेंगे खेला



20 साल से कम के 20% वोटर जो बाइडन को दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए युवा मतदाताओं का समर्थन जरूरी है। कुल अमेरिकी वोटरों में 18 से 19 साल तक युवा मतदाता करीब 20 फीसदी हैं। ये चुनाव के नतीजे को बना या बिगाड़ सकते हैं। वहीं, युवाओं के संगठन सनराइज मूवमेंट ने बाइडन लिए एक रोडमैप पेश किया है। इसमें 2035 तक ग्रीन एनर्जी अपनाने, आपदा प्रभावित त लोगों को मुफ्त इलाज और सस्ता आवास देने की मांग की गई है। गाजा-वेस्ट बैंक में स्थायी और तुरंत युद्धविराम तथा इजराइल को सैन्य और हथियार मदद रोकने की मांग शामिल है।

### बाइडन-ट्रंप में आरोप-प्रत्यारोप



राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदारों में 81 वर्षीय बाइडन और 77 वर्षीय ट्रंप आरोप-प्रत्यारोप से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। लोकप्रियता में कमी के बावजूद पार्टियों पर पकड़ बनाए हुए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि हमें बाइडन को हराना ही होगा। वह (बाइडन) इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, यदि हम ये चुनाव हारते हैं तो आपको एक फिर डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल के साथ जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान नहीं करूंगाः एलन



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि राष्ट्रपति पद के किसी उम्मीदवार को पैसा दान करने की उनकी कोई योजना नहीं है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, बस पूरी तरह से स्पष्ट होने के लिए आपको बता रहा हूं कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को पैसा दान नहीं कर रहा हूं। दो दिन पहले ट्रंप से मिले थे।

## चीनी एप पर अमेरिका लगाएगा पाबंदी, पेश किया विधेयक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में रूस ने सोशल मीडिया के माध्यम से दखल दिया था। स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट मुलर ने 2018 में पेश आरोप पत्र में बताया कि किस तरह रूसियों ने सोशल मीडिया पर हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ और डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में प्रचार किया था।

अब 2024 के राष्ट्रपति चुनाव पर ऐसा ही खतरा मंडरा रहा है। कई विशेषज्ञ चीनी कंपनी बाइटडांस के एप टिकटॉक को गंभीरता से लेने की सलाह दे रहे हैं। अमेरिका में टिकटॉक के लगभग 17 करोड़ मासिक यूजर्स हैं। यह युवाओं में ज्यादा पॉपुलर है। खासकर कॉलेजों में इसके जरिये राजनीतिक प्रचार हुआ है। इसे ध्यान में रखकर 5 मार्च को रिपब्लिकन पार्टी के माइक गैलागर और डेमोक्रेटिक पार्टी के राजा कृष्णमूर्ति सहित 18 अन्य सांसदों ने बाइटडांस से संबंध नहीं तोड़ने की स्थिति में टिकटॉक पर पाबंदी लगाने का विधेयक प्रतिनिधि सदन में पेश किया है। विधेयक पास होने पर टिकटॉक बैन हो जाएगा। भारत ने 2020 में टिकटोंक पर प्रतिबंध लगाया था, अब अमेरिका तैयारी कर रहा है।

## एआई से बन रहे सबसे ज्यादा चुनावी फेक फोटो और वीडियो

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- टेक वॉचडॉग की रिपोर्ट में खुलासा सॉफ्टवेयर से सबसे ज्यादा चुनावी कंटेंट किए जा रहे तैयार

अगले कुछ महीनों में भारत-अमेरिका समेत दुनिया के दर्जन भर से ज्यादा देशों में होने जा रहे चुनाव इस बार मुद्दों से ज्यादा एआई से लड़े जाएंगे। इसके लिए एआई के जरिए फेक न्यूज और फेक फोटोज क्रिएट किए जा रहे हैं। टेक वॉचडॉग सेंटर फॉर डिजिटल हेट की रिपोर्ट के अनुसार, एआई इमेज क्रिएटर इस वक्त सबसे ज्यादा फेक पॉलिटिकल इमेज जेनरेट कर रहे हैं।

इनके जरिए चुनाव से संबंधित फेक इमेज सबसे ज्यादा तैयार किए जा रहे हैं। मिडजर्नी, स्टैबिलिटी एआई की ड्रीम स्टूडियो, ओपेन एआई की चैट जीपीटी प्लस, माइक्रोसॉफ्ट इमेज क्रिएटर जैसे एआई इमेज जेनरेटर भ्रम पैदा करने वाले इमेज तैयार कर




रहे हैं। इनमें ज्यादातर अमेरिका के चुनाव या वोटिंग सुरक्षा को लेकर हैं। यह हाल तब है, जब इन कंपनियों ने यह वादा किया है कि उन्होंने अपने एआई सॉफ्टवेयर में पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम किया है और इनसे फेक फोटोज नहीं बनाई जा सकेंगी। सेंटर फॉर डिजिटल हेट ने कहा- इन एआई सॉफ्टवेयर में कुछ टूल्स हैं, जो फेक इमेज तैयार करने से रोकते हैं, लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं।

### वर्जीनिया की सीनेट में भारतवंशी पत्रकार सम्मानित

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी पत्रकार टी विष्णुदत्त जयरामन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, वर्जीनिया के सदन ने जयरामन के पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति समर्पण के लिए उनके काम की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव भारतीय अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने चार मार्च को पेश किया था। बता दें, सुब्रमण्यम वर्जीनिया के 10वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भी हैं। बाद में आठ मार्च को सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया। सीनेट में जयरामन का परिचय देते हुए सुब्रमण्यम ने पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्हें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिष्ठित अशोक पुरस्कार प्राप्त करने वाले पत्रकार के रूप में संदर्भित किया।

## उग्र छात्रों ने घेरा संसद...





**एथेंसः** ग्रीस के छात्रों ने निजी विश्वविद्यालयों की योजनाबद्ध शुरुआत के खिलाफ एथेंस में प्रदर्शन किया। करीब 20 हजार छात्रों ने संसद का घेराव करने का प्रयास किया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर उन्हें रोकने की कोशिश। इससे छात्र हिंसा पर उतर आए। उन्होंने पुलिस पर पेट्रोल बम, पटाखे फेंके और जवानों से भिड़ गए। जनवरी से ही सरकार के निजी विश्वविद्यालयों को खोलने की मंजूरी से जुड़ा प्रस्ताव आने के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। ● एजेंसी

## इजराइल ने बेन डेविड की हत्या का लिया बदला, आतंकी ढेर

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने उस आतंकवादी को हवाई हमले में मार गिराया है, जिसने गाजा में एक रिजर्व अधिकारी की हत्या की थी। रविवार सुबह इजराइल रक्षा बलों ने यह जानकारी दी है। आईडीएफ सैनिकों ने मेजर (रेस.) अमीशर बेन डेविड की हत्या के बदले में मारा है।

43 वर्षीय बेन डेविड कमांडो ब्रिगेड प्रमुख की फॉरवर्ड कमांड टीम के प्रमुख थे। वह शुक्रवार को दक्षिणी गाजा में मारे गए थे। बेन डेविड को रविवार दोपहर यरुशलम के माउंट हर्जल सैन्य कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस बीच, मध्य गाजा में, इजरायली बलों ने पिछले दिन विमान और लड़ाकू जेट, स्नाइपर फायर और टैंक फायर के माध्यम से 13 आतंकवादियों को मार गिराया है।

## ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों के 300 खाते सीज, 100 करोड़ जब्त

**लंदन, एजेंसी**



- सुनक सरकार का एक्शन कनाडा सहित कई देशों में ट्रांजेक्शन ट्रैक

ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार ने भारत विरोधी खालिस्तान समर्थकों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई विशेष टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सीज कर लगभग सौ करोड़ रुपये की रकम जब्त की है। टास्क फोर्स ने इन सभी बैंक खाते से कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को हुए संदिग्ध ट्रांजेक्शन को ट्रैक किया था।

टास्क फोर्स के अनुसार, पिछले साल गठित टीम की वॉच लिस्ट में पांच हजार से ज्यादा बैंक खाता हैं। टास्क फोर्स ने इन खातों को दो तरह से बांटा है। पहला- वो खाता जो सीधे तौर पर घोषित खालिस्तानी नेताओं के हैं और दूसरा- वे खाते जो खालिस्तान समर्थकों के हैं। बैंक अकाउंट से एक बार में 50 हजार रुपए से ज्यादा का लेनदेन होने पर जानकारी निकलवाई जाती है।

टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के अमेरिका में नेटवर्क के भंडाफोड़ के लिए जांच एजेंसी एफबीआई से भी संपर्क साधा है। टास्क फोर्स के एक अफसर ने बताया कि भारत में प्रतिबंधित संगठनों के अमेरिका में बसे नेताओं की फंडिंग को रोकने के लिए एक दल अगले महीने अमेरिका जाएगा। बैंक अकाउंट सीज होने की कार्रवाई तेज होने पर आशंका है कि हवाला के जरिए फंडिंग हो सकती है।

## एक साल के भीतर तीसरी बार विश्वासमत हासिल करेंगे दहल

**काठमांडू, एजेंसी**

- मंत्रिमंडल का किया विस्तार, 13 को सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य का लिया फैसला



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड इस बार सत्ता में आने के बाद 15 महीने के भीतर तीसरी बार 13 मार्च को संसद में विश्वासमत हासिल करने की योजना बना रहे हैं। 25 दिसंबर 2022 को तीसरी बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड ने हाल ही में नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन कर लिया।

प्रचंड की पार्टी सीपीएन-माओवादी सेंटर की संसदीय दल की बैठक में 13 मार्च को अपने सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए व्हिप जारी करने का फैसला लिया गया। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की 13 मार्च के सत्र की बैठक बुलाई गई है। नेपाली मीडिया के अनुसार, नए गठबंधन के पास संसद में 275 सदस्य हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। वरिष्ठ मधेसी नेता और जनता समाजवादी पार्टी के चेयरमैन उपेंद्र यादव को जनसंख्या एवं स्वास्थ्य और उन्हीं की पार्टी के किशोर शाह को वन मंत्री बनाया है। इसके साथ ही प्रचंड मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 22 हो गई है।

**अध्ययन** हालिया सर्वे में सामने आए आंकड़े, इसकी बड़ी वजह बाकी कर्मीयों के मुकाबले अधिक कामगर होना

## विश्व में मैनेजर लेवल जॉब के लिए भारतीय कर्मी पहली पसंद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कामगार न केवल भारत में बल्कि देश के बाहर भी परचम लहरा रहे हैं। इनकी डिमांड अब देश के बाहर भी बड़े पैमाने पर हो रही है। हालिया एक सर्वे में सामने आया है कि दुनियाभर की कंपनियों में मैनेजर स्तर की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं।

इसके पीछे की बड़ी वजह इन्हें बाकियों के मुकाबले अधिक कामगर होना है। इसके अलावा भारतीय कर्मचारी का कल्चरली संसेटिव होना है, जिस वजह से यह ऑफिस में कल्चरली आसानी से घुल-मिल जाते हैं। इसके साथ ही भारतीय कर्मचारी काफी विनम्र होते हैं और काम करने के लिए कहीं भी जाने को तैयार रहते हैं। पिडिलाइट के डायरेक्टर भरत पुरी,जो पहले कैडबरी और मॉडेलेज के साथ काम कर चुके हैं। वे कहते हैं, पिडिलाइट के एशिया-पैसिफिक के तमाम रिजनल ऑफिस में एक-तिहाई मैनेजर भारतीय हैं। वो कहते हैं कि भारतीय मैनेजर यूरोपीय समकक्षों की तुलना में विदेश में नौकरी के लिए जल्दी और अच्छी तरह से तैयार होते हैं।

पूरी कहते हैं कि 20 साल पहले किसी मल्टीनेशनल कंपनी में भारतीयों की संख्या एक या दो होती थी, लेकिन यह संख्या अब 60-70 हो चुकी है। लग्जरियस फैशन ब्रांड शनैल की सीईओ लीना नायर कहती हैं कि हालिया दौर में जहां कॉम्पिटिशन बहुत ज्यादा है उस दौर में भारतीय अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। भारतीय मैनेजर्स की विविधता और कौशल को देखकर मैं भी प्रभावित होती हूं। बता दें कि बाहर नौकरी पाने के लिए सबसे बढ़िया सोर्स उस देश की एंबेसी की वेबसाइट खोज कर ज्यादातर भारतीय है।

वहां से पता किस तरह की जॉब मिल सकती हैं, वीजा के लिए कैसे अप्लाई करना है, बगैर-बगैरा जानकारी आसानी से मिल जाती है। इनके अलावा ईमेल आईडी पर कम्यूनिकेशन कर लेते हैं। देशों की वेबसाइट्स और वहां मौजूद जॉब जब आप किसी भी देश की वेबसाइट पर जाएंगे तो वहां ऊपर ही वीजा के लिए आवेदन करने जैसे ऑप्शन होते हैं।

### सीईओ में भी भारतीय पहली पसंद बन रहे



न केवल मैनेजर लेवल की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं बल्कि सीईओ के रूप में भी दुनियाभर की कंपनियों के लिए भारतीय पहली पसंद हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, गूगल के सुंदर पिचई, यूटयूब के नील मोहन, एडोब के शांतनू नारायण, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन और आइबीएम के अरविंद कृष्णा सभी भारतीय मूल के हैं।

## लेह में 'सरगर्मी' तेज, माइनस 15 डिग्री में उपवास पर बैठे वांगचुक



**लेह, एजेंसी**

- लद्दाख को मिले राज्य का दर्जा केंद्र सरकार को दी चेतावनी अनिश्चितकालीन चलेगा आंदोलन

लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर मशहूर इनोवेटर सोनम वांगचुक लेह में माइनस 15 डिग्री की हाड़ कंपाने वाली सर्दी में खुले आसमान के नीचे 21 दिनों के उपवास पर बैठ गए हैं।

वांगचुक की मांग है कि केंद्र जल्द से जल्द लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दे या इसे विधानसभा के साथ केंद्रशासित प्रदेश बनाए। इसके अलावा छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग हो रही है। उन्होंने ने चेताया कि यदि केंद्र सरकार लद्दाख के लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं करती तो आंदोलन अनिश्चितकालीन चलेगा। बता दें कि लद्दाख, पहले जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा था, अब इसको अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्ज दे दिया गया है।